रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-321 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मोदी सरकार ने 10 वर्षों में संविधान की हत्या ही की है : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने तत्कालीन सरकार के 1975 में आपात काल लागू करने की तिथि 26 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकसभा चुनाव में बहुमत तक नहीं पहुंच पाने की भाजपा की हताशा बताया और कहा कि यह विडम्बना है कि जिस सरकार ने पिछले 10 साल में हर दिन संविधान की हत्या की है वह संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार के हर साल 26 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के फैसले को मोदी सरकार की संविधान के प्रति असंवेदना बताया और कहा कि 'संविधान' के साथ 'हत्या' शब्द जोड़ना उनकी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

### आयुष्मान भारत योजना में 34.7 करोड़ कार्ड बनें

**नयी दिल्ली।** आयुष्मान भारत योजना में 34.7 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं और 7.35 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती हुए हैं, जिनके लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना ने 34.7 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं।

### पच्चीस मार्गों पर चलेंगी जुडवां ट्रेनें

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश भर में मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में सामान्य यात्रियों के दबाव को कम करने के लिए जनरल अनारक्षित कोच बढ़ाने शुरू कर दिया है और करीब 25 मार्गों पर प्रमुख गाड़ियों की जुड़वां ट्रेनें चलाने का फैसला किया है जिनमें जनरल एवं स्लीपर कोच अधिक होंगे। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में गरीब और अल्प आय वर्ग के यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए जनरल और स्लीपर कोचों की तादाद बढ़ाने का फैसला किया है। अभी तक चुनींदा मार्गों पर 44 लोकप्रिय गाड़ियों में एक से तीन जनरल कोच बढ़ाये जा चुके हैं।

# रिमोट बटन दबाकर मितानिनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का किया अंतरण : सीएम साय

## अब अटक-अटक कर नहीं, सांय-सांय हुई मितानिन बहनों के बैंक खाते में राशि

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। इस अंतरण से राज्य भर की मितानिन बहनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हुआ। इस राशि में केंद्र एवं राज्य के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल है। ये राशि 69 हजार 607 मितानिन बहनें, 3 हजार 448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्वयक एवं 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान की गई। मुख्यमंत्री ने मितानिन बहनो को संबोधित करते हुए कहा कि पहले उन्हें कई चरणों में अटक अटक कर राशि मिलती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और हर महीने सांय सांय उनके खाते में पैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार हैं जो सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी इमानदारी से काम करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मितानिन बहनों के लगन और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मितानिन राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं जिन्होंने ग्रामीण अंचलों के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य की बागडोर संभाल रखी है। उन्होंने कहा कि पहले भी मितानिनों को बैंक में राशि दी जाती थी, लेकिन ये राशि ब्लाक स्तर अनियमित अंतराल पर आती थी और उसमें केंद्र, राज्य तथा स्वयं के अंश की जानकारी नहीं होती थी।

### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुईं बगिया की मितानिन दीदी माधुरी पैकरा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार महिला सशक्ति करण को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी बीच साय सरकार ने मितानिनों के हित में एक पहल की है। मुख्यमंत्री साय ने आज मितानिनों के खाते में प्रोत्साहन राशि आनलाइन ट्रांसफर की है। राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'नवा सौगात' कार्यक्रम में मुख्मंत्री साय ने उपस्थित होकर प्रदेश की लगभग 73 हजार 831 मितानिनों, प्रशिक्षकों और समन्वयकों के खाते में कुल 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार रुपये की मितानिन प्रोत्साहन राशि का अंतरित किया। सीधे खाते में पैसे पाकर मितानिनों में खुशी की लहर है। 'नवा सौगात' कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आई हुई मितानिन बहनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वाली मितानिनों में जशपुर जिले के ग्राम बगिया की मितानिन दीदी माधुरी पैंकरा भी शामिल हैं। जिन्हें मुख्यमंत्री ने 'मितानिन पासबुक' के साथ शाल एवं फल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने कई मितानिन बहनों से बातचीत की। इसी बीच जशपुर जिले के तहसील कुनकुरी के ग्राम पंचायत बेहराखार (रेंगारी) निवासी मितानिन दीदी मुलिका बाई से मुख्यमंत्री जी ने सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने सभी मितानिन बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य में सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही 70 हजार से अधिक मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार हैं जो सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी इमानदारी से काम करती हैं। कुनकुरी के ग्राम बगिया की मितानिन दीदी माधुरी पैकरा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित भी किया है ।

## राहुल गांधी का स्मृति ईरानी को भला-बुरा नहीं कहने का आग्रह

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने समर्थकों से आग्रह किया कि चुनाव में जीत हार होती रहती है, इसलिए चुनाव जीतने या हारने पर किसी को भला बुरा नहीं कहा जाना चाहिए। गांधी ने कहा जीवन में हार-जीत लगी रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे ईरानी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। मामला सिर्फ स्मृति ईरानी का ही नहीं किसी अन्य नेता को लेकर भी गलत टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को नीचा दिखाने का प्रयास करना अपनी कमजोरी का प्रदर्शन करना है ,इसलिए गलत भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा लोगों को नीचा दिखाना और अपमान करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित केन्द्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी गई। इससे पहले आज उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से दर्ज मुकदमे में अंतरिम जमानत दे दी।

## विकसित भारत- एक लक्ष्य नहीं बल्कि एक पवित्र मिशनः धनखड़

एजेंसी ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत- 2047 की अवधारणा केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि एक पवित्र मिशन है। धनखड़ ने मुंबई में मुम्बई में नरसी मोनसी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सदी भारत की है। समाज के प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक संस्थान और प्रत्येक क्षेत्र को इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के प्रयास के परिणामस्वरूप, व्यापार तंत्र में व्यापक परिवर्तन आया है और भारत को अब निवेश और अवसरों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि अगले पांच वर्षों में भारत का उत्थान तेजी से होगा। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से भारतीय संस्थाओं और विकास पथ को कलंकित करने वाले नकारात्मक आख्यानों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने को कहा।

## दिल्ली में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में फोटो प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजधानी में मोदी सरकार की ओर कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12-26 जुलाई तक फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। मेट्रो की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, देशभर में 'कारगिल विजय रजत जयंती महोत्सव' मनाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर दिल्ली में भी फोटो प्रदर्शनी नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के संयुक्त प्रयासों से लगायी गयी है। इस मौके पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल, नेशनल बुक ट्रस्ट और एनबीटी इंडिया के निदेशक युवराज मलिक उपस्थिति थे। इस दौरान, 50 से अधिक विद्यार्थी भी शामिल हुये। फोटो प्रदर्शनी का उद्देश्य वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र सेना के पराक्रम को प्रदर्शित करना है और उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए जान की कुर्बानी दी। प्रदर्शनी में शामिल तस्वीरों को भारतीय सेना की तरफ से उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही, यहाँ एक बुक रीडिंग कॉर्नर बनाया गया है, जहां कारगिल युद्ध से जुड़ी एनबीटी, इंडिया की पुस्तकें पढ़ने का अवसर भी यात्रियों के पास है। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे ने कहा, इस प्रदर्शनी के तीन भाग हैं- पहले में परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र एवं अन्य वीरता पुरस्कारों से सम्मानित वीरों की उपलब्धियों के बारे में बताया गया है। दूसरे भाग में उन वीरों के पत्रों का संकलन है जो कारगिल युद्ध में जाने से पहले वीरों ने अपने परिवार के सदस्यों को लिखे थे। उन पत्रों में देश–प्रेम का भाव है। तीसरे भाग में कारगिल विजय की कभी ना भूलने वाली यादों को फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। दयाल ने कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र सेना की वीरता, साहस और जज्बे को याद करते हुए कहा, इस प्रदर्शनी में एक खास बात यह भी है कि जो सैनिक युद्ध में शहीद हुए।

## हाथरस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की हाईकोर्ट जाने को नसीहत दी

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में हाल ही में दो जुलाई की भगदड़ में 121 लोगों की मृत्यु मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा है। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है। इस पर पीठ ने कहा, हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती है। आप इसे बड़ा मुद्दा बनाने के बजाय उच्च न्यायालय में गुहार लगायें। अधिवक्ता तिवारी ने सार्वजनिक समारोहों में हाथरस जैसी घटनाओं से बचने के लिए दिशा-निर्देश और सुरक्षा उपाय सुझाने और तैयार करने के लिए संबंधित उच्चस्तरीय समिति को निर्देश देने की भी गुहार लगाई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत से उत्तर प्रदेश सरकार को भगदड़ की घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने, लापरवाह आचरण के जिम्मेदार व्यक्तियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की थी।

## गुणवत्ता की कसौटी पर खरा बुनियादी ढांचा बनायें एमईएस : मुर्मु

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सैन्य इंजीनियर सेवा को गुणवत्ता की कसौटी पर खरा बुनियादी ढांचा बनाकर सम्मान अर्जित करना चाहिए। एमईएस के परिवीक्षाधीनों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एमईएस भारतीय सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण इकाइयों में से एक है क्योंकि यह न केवल तीनों सेनाओं को सेवा प्रदान करती है बल्कि रक्षा मंत्रालय की कई अन्य इकाइयों को भी अपनी सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एमईएस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे रक्षा बलों के पास मजबूत बुनियादी ढांचा और अच्छी सुविधाएं बनी रहें। इसलिए, एमईएस अधिकारियों की सफलता की कसौटी यह होगी कि उनके द्वारा बनाये जाने वाला बुनियादी ढांचा या सुविधाएं विश्वसनीयता और गुणवत्ता के मानकों को पूरा करती हैं। उन्होंने एमईएस अधिकारियों को हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी सेवाओं में उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखकर अपना सम्मान अर्जित करना होगा। राष्ट्रपति ने एमईएस अधिकारियों से कहा कि बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय उन्हें जलवायु परिवर्तन से संबंधित अनुकूलन और शमन को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि वे जो काम करेंगे उसका कार्बन फुटप्रिंट न्यूनतम होना चाहिए। मुर्मु ने कहा कि एमईएस अधिकारियों की जिम्मेदारी न केवल तकनीकी बल्कि नैतिक और प्रबंधकीय भी है। उनका संकल्प होना चाहिए कि उनके हर कार्य में देश के संसाधनों का कुशल और प्रभावी उपयोग हो। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यकुशलता और नैतिकता से देश की सुरक्षा मजबूत होगी।

### नवी मुंबई में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल 32600 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बनाया जाएगा

## महाराष्ट्र में 29 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाएं मिलेंगी

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के दौरे पर वह सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से संबंधित 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधान मंत्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में आईएनएस टावर्स का उद्घाटन करने के लिए समाचार पत्र- पत्रिकाओं के प्रकाशकों की संस्था इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) सचिवालय का भी दौरा करेंगे। मोदी 16,600 करोड़ रूपये की लागत वाली ठाणे बोरीवली सुरंग परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। ठाणे और बोरीवली संरेखण के बीच यह सुरंग संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे से गुजरेगी जो बोरीवली की तरफ पश्चिमी एक्सप्रेस हाईवे और ठाणे की तरफ ठाणे घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी। परियोजना की कुल लंबाई 11.8 किलोमीटर है। इससे ठाणे से बोरीवली तक की यात्रा 12 किलोमीटर कम हो जाएगी और यात्रा समय में लगभग एक घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना में सुरंग कार्य की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 6300 करोड़ रूपये है। जीएमएलआर की कुल लंबाई लगभग 6.65 किलोमीटर है और यह नवी मुंबई में नए प्रस्तावित हवाई अड्डे और पुणे मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ पश्चिमी उपनगरों के लिए सीधा संपर्क प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नवी मुंबई के तुर्भे में कल्याण यार्ड रिमॉडलिंग और गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल की आधारशिला भी रखेंगे। कल्याण यार्ड लंबी दूरी और उपनगरीय यातायात को अलग करने में मदद करेगा। रीमॉडलिंग से अधिक ट्रेनों को संभालने के लिए यार्ड की क्षमता में वृद्धि होगी, भीड़ कम होगी और ट्रेन संचालन की दक्षता में सुधार होगा। नवी मुंबई में गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल 32600 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह स्थानीय लोगों को रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगा और सीमेंट और अन्य वस्तुओं को संभालने के लिए एक अतिरिक्त टर्मिनल के रूप में काम करेगा। प्रधान मंत्री लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर नए प्लेटफार्म और प्लेटफार्म नंबर 1 की विस्तार परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### पीएम मोदी, नड्डा ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के तौर पर मनाये जाने का किया स्वागत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित विभिन्न नेताओं ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के तौर पर मनाये जाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा, '25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' देशवासियों को याद दिलाएगा कि संविधान के कुचले जाने के बाद देश को कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ा था। यह दिन उन सभी लोगों को नमन करने का भी है, जिन्होंने आपातकाल की घोर पीड़ा झेली। देश कांग्रेस के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमेशा याद रखेगा। नड्डा ने 'एक्स' पर कहा, पच्चीस जून 1975 वह काला दिवस था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही मानसिकता ने हमारे संविधान में निहित लोकतंत्र की हत्या कर देश पर 'आपातकाल' थोपा था। केंद्र सरकार ने प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दिवस हमारे सभी महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराएगा जो कांग्रेस के इस तानाशाही मानसिकता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए यातनाएं सही और दिवंगत हो गए।

## खट्टर ने की सीपीडब्ल्यूडी की भूमिका, नवाचार की सराहना

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने देश के विकास में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इस संगठन ने समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने अंदर जो बदलाव किए है वे भी सराहनीय हैं। खट्टर ने सीपीडब्ल्यूडी के 170 वें वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा की देश की इस प्रमुख निर्माण एजेंसी ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक एक उल्लेखनीय यात्रा की है। उन्होंने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि विभाग ने कितनी सहजता से विकास किया है और समय की जरूरतों के अनुरूप खुद को ढाला है, ताकि देश भर में बड़ी परियोजनाओं के रूप में वर्तमान समय में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी जा सके। समारोह में आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू , आवास एवं शहरी मामलों के सचिव अनुराग जैन और सीपीडब्ल्यूडी के महानिदेशक राजेश कुमार कौशल और सीपीडब्ल्यूडी के विशेष महानिदेशक (मुख्यालय) एस.पी. चौधरी के साथ-साथ देश भर से आए सीपीडब्ल्यूडी के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। साहू ने कहा कि पिछले दशक में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया परिवर्तन उल्लेखनीय है। इसकी सफलता और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सीपीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित नई संसद का उदाहरण दिया।

## हर वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाया जायेगा

वार्ता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




सरकार ने देश में आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के संघर्ष तथा योगदान को याद करने के लिए हर वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि तत्कालीन सरकार ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू कर सत्ता का घोर दुरूपयोग किया था और लोगों पर ज्यादतियां तथा अत्याचार किये गये थे। अब सरकार ने आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले लोगों के योगदान को याद करने के लिए तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अधिसूचना को साझा करते हुए सरकार के निर्णय की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया।

# तालाब के पानी को स्वच्छ करने का अद्भुत नवाचार है नीर नवजीवन परियोजना : यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीर नवजीवन परियोजना में प्राकृतिक रूप से तालाब के पानी को स्वच्छ करने का नवाचार अनुकरणीय है। इससे फाउंटेन, पेड़-पौधों तथा उपयुक्त जीवों के माध्यम से जल स्वतः स्वच्छ होता रहेगा। डॉ. यादव ने पांच नंबर के निकट स्थित झील बाल उद्यान में नीर नवजीवन परियोजना के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किफ ायती है, वर्तमान परिस्थितियों में इसका प्रभाव और महत्व बहुत अधिक है। वर्तमान जीवन शैली के परिणामस्वरुप जल में आई विकृति का उपचार करने की यह अद्भुत पहल है। जिला प्रशासन व नगर निगम भोपाल के सहयोग से कक्षा 12वीं की छात्रा ईष्ना अग्रवाल द्वारा यह परियोजना आरंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए बेटी ईष्ना अग्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने उद्यान में बरगद का पौधा रोपा और झील में फ्लोटिंग वेटलैंड प्रवाहित किए। स्थानीय सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी तथा जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल का प्राकृतिक सौन्दर्य ईश्वर की विशेष कृपा है। वर्षा ऋतु में भोपाल की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है। ताल-तलैया, झील एवं एक हजार साल पहले निर्मित बड़े तालाब की अद्भुत छटा होती है। शहर का आकर्षण ऐसा है कि जो एक बार भोपाल आता है, वह यहीं का होकर रह जाता है। भोपाल का बड़ा तालाब बांध निर्माण का सर्वोत्तम उदाहरण है। इसके निर्माण की तकनीक वर्तमान में भी प्रेरणादायी है। नीर नवजीवन परियोजना की ईष्ना अग्रवाल ने बताया कि झील बाल उद्यान को नवजीवन देने के उद्देश्य से आरंभ की गई परियोजना में झील को प्राकृतिक और वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा। झील में 4 फ्लोटिंग वेटलैंड और 8 पौधों वाले 8 बायोफिल्टर लगाए जा रहे हैं। पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए 2 फ्लोटिंग एरेटर भी लगाए गए हैं। आगामी 3 महीनों में 208 किलोग्राम बायो कल्चर डाला जाएगा। इससे पानी स्वतः शुद्ध होगा। आस-पास का वातावरण स्वच्छ और क्षेत्र का इकोलॉजिकिल संतुलन बना रहेगा। पार्क में आने वालों की संख्या बढ़ेगी और बच्चों को खेलने का सुंदर और स्वच्छ स्थान उपलब्ध हो सकेगा। पूर्व राज्यसभा सदस्य रघुनंदन शर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पर्यावरण संरक्षण का यह एक छोटा सा परंतु बहुत प्रभावी प्रयास है।

## बुलेट ट्रेन के स्टेशनों पर सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में



**अहमदाबाद।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के सभी स्टेशनों पर सुपरस्ट्रक्चर (जमीन के ऊपर) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बुलेट ट्रेन के 508 कि.मी. मार्ग पर कुल 12 स्टेशन हैं। गुजरात में साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा और वापी से शुरू होने वाले आठ स्टेशन और महाराष्ट्र में चार यानी बोइसर, विरार, ठाणे और मुंबई होंगे। बुलेट ट्रेन के सभी स्टेशनों पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गुजरात में सभी आठ स्टेशनों पर नींव का काम पूरा हो चुका है और सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस कॉरिडोर पर स्थित स्टेशनों पर यात्रियों के लिये सभी आधुनिक और उन्नत सुविधायें होंगी।

# सस्ती लोकप्रियता के लिए नौकरी बांटने का दिखावा कर युवाओं को ठग रही हेमंत सरकार : प्रतुल शाहदेव

वार्ता ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। शाहदेव ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज का नियुक्ति पत्र समारोह सिर्फ मुख्यमंत्री के चेहरे को चमकाने के लिए आयोजित किया गया था। कहा कि ये सस्ती लोकप्रियता के लिए नौकरी बांटने का दिखावा करने का कार्यक्रम था जिसके जरिए युवाओं को ठगने का कार्य किया गया। प्रतुल ने कहा कि पीजीटी परीक्षा पर भारतीय जनता पार्टी ने गंभीर आरोप लगाए थे। हजारों युवा सड़कों पर इसका विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों परीक्षार्थी इंसाफ के इंतजार में थे। इसी बीच सरकार ने हड़बड़ी में नियुक्ति समारोह को आयोजित किया। पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण मिले थे। 70% से 80% नियुक्तियां सिर्फ दो एग्जामिनेशन सेंटर के अभ्यर्थियों की हो गई। बोकारो का श्रेया इन्फोटेक केंद्र से 500 से ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए। भाजपा इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई या किसी सक्षम एजेंसी से कराने की करती रह गई। लेकिन हड़बड़ी में यह सरकार गड़बड़ी करती चली गई। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार ने उसी एजेंसी से पीजीटी परीक्षा का एग्जाम करवाया जिसका पुराना ट्रैक रिकार्ड भी विवादित है। जिन परीक्षाओं को इस एजेंसी ने कराया है,सब में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। शाहदेव ने कहा कि अगर सरकार की नीयत साफ़ रहती तो वह पूर्व सीएम चंपई सोरेन के कार्यकाल में ही घोषित तिथि के दिन इस समारोह को कर सकती थी। लेकिन जान बूझकर नियुक्ति समारोह को रोका गया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पदमुक्त किया गया। हेमंत सोरेन से नियुक्ति पत्रों को सिर्फ चेहरा चमकाने के लिए बंटवाया गया। कहा पौने पांच वर्षों तक ये सरकार सिर्फ युवाओं को ठगती रही। आज तक न स्थानीय नीति बनी ना नियोजन नीति बनी। सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि पिछले 5 वर्षों में घोषित 25 लाख नियुक्तियों की जगह सिर्फ 11,344 हुई है जिसमें हजारों पंचायत सचिव अभ्यर्थी शामिल है जिन्होंने सरकार के खिलाफ लड़कर सर्वोच्च न्यायालय से नियुक्ति पाई थी। शाहदेव ने कहा झारखंड में द ग्रेट आई वाश सर्कस प्रारंभ हो गया है। नियुक्ति पत्र बताकर युवाओं को लॉलीपॉप थमा रही है सरकार। पिछले 5 वर्षों में 25 लाख नौकरियां हो जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा अभी भी जेएससीसी के द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा के अभियुक्त पकड़े जा रहे हैं।

# राजस्थान के महाविद्यालयों में रिक्त पदों को भरा जाएगा शीघ्र : बैरवा

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने विधानसभा में आश्वस्त किया कि प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों में शीघ्र ही शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाएगा। बैरवा प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि एक हजार 936 पदों के लिए शीघ्र ही भर्ती की जा रही है जिससे आगामी दो से तीन माह में रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विद्या संबल योजना के तहत भी शीघ्र ही भर्ती की जाएगी ताकि शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने विधानसभा में आश्वासन दिया कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षक के कम से कम एक पद को भरा जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि पुस्तकालयाध्यक्ष के 247 एवं शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक के 247 पदों की भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है। चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर नियमानुसार रिक्त पदों को भरा जा सकेगा। इससे पहले विधायक चन्द्रभान सिंह चौहान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में 555 पुस्तकालयाध्यक्ष एवं 555 शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक (पीटीआई) के पद स्वीकृत है, जिनमें से 535 पुस्तकालयाध्यक्ष एवं 540 शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक (पीटीआई) के पद रिक्त है। उन्होंने जिला चित्तौड़गढ़ के राजकीय महाविद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक (पीटीआई) के रिक्त पदों का तिथिवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

# पूजा थापक की स्मृति में जनसम्पर्क परिसर में रोपा गया पौधा

एजेंसी ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित जनसंपर्क विभाग की होनहार सहायक संचालक पूजा थापक की स्मृति में आज संचालनालय परिसर में संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत हरसिंगार का पौधा रोपित किया। अपर संचालक जी. एस. वाधवा ने कहा है कि विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संकल्प लिया है कि हम सभी स्व. पूजा थापक की स्मृति में लगाए गए पौधे को वृक्ष बनने तक सहेजेंगे। पौध-रोपण के अवसर पर अपर संचालक संजय जैन, संयुक्त संचालक मुकेश मोदी और घनश्याम सिरसाम, उप-संचालक क्रांतिदीप अलूने, अवनीश सोमकुंवर, टी.के. चटर्जी, संतोष मिश्रा, बिंदु सुनील, अरुण शर्मा, सहायक संचालक अंकुश मिश्रा, राजेश पाण्डेय, सहायक जनसंपर्क अधिकारी महेश दुबे, अनिल वशिष्ठ सहित विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सावनेर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव होंगे

एजेंसी ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर सारंगी की सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस एमएस रामचंद्र राव झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर झारखंड उच्च न्यायालय करने की अनुशंसा की है। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव अभी हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में 30 मई 2023 से अपनी सेवा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ बीआर सारंगी 19 जुलाई 2024 को सेवानिवृत हो रहे हैं, इसके बाद झारखंड उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त हो रहा है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाई कोर्ट स्थानांतरित करते हुए उन्हें झारखंड हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को बैठक में यह निर्णय लिया है। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज के रूप में 29 जून 2012 को नियुक्त हुए थे। ज्ञातव्य है कि मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव का जन्म 7 अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने एलएलबी की उपाधि उस्मानिया विश्वविद्यालय से 1989 में प्राप्त की थी। इसके बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एल एल एम की उपाधि प्राप्त की थी। उन्हें 29 जून 12 को कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया था। आंध्र प्रदेश का विभाजन होने पर उन्होंने तेलंगाना हाई कोर्ट का विकल्प चुना था। 12 अक्टूबर 2021 को उनका तबादला पंजाब वह हरियाणा हाई कोर्ट में किया गया था। न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव 30 मई 2023 को हिमाचल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

## दस हजार की रिश्वत लेते वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**भरतपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जलदाय विभाग के ग्रामीण उपखण्ड में कार्यरत वरिष्ठ सहायक को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रँगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो की सवाई माधोपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पिताजी के पीएल की राशि पारित कराने और सेवानिवृत्ति सम्बन्धी सभी कार्रवाई करवाने की एवज में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ग्रामीण उपखण्ड में वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रह रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर सत्यापन के बाद ब्यूरो की सवाई माधोपुर इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गठित ब्यूरो के दल ने जाल बिछाकर हरिओम गोयल को परिवादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## कैमूर से भारी मात्रा में शराब जब्त

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के मोहनियां थाना अंतर्गत अकोड़ी मोड़ के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक ऑटो रिक्शा की तलाशी ली गयी। इस दौरान ऑटो से 40.53 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। सूत्रों ने बताया कि मामले में ऑटो सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही टेम्पू को जब्त कर लिया गया है।

## बुधनी विधानसभा उपचुनाव को लेकर पटवारी ने की चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में निकट भविष्य में संभावित बुधनी विधानसभा उपचुनाव के संबंध में आज यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वहां के क्षेत्रीय नेताओं के साथ चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस की ओर से मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार पटवारी ने बुधनी क्षेत्र के नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से नवंबर दिसंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विजयी हुए थे। चौहान हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में विदिशा से सांसद निर्वाचित हुए हैं। इसके बाद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र दे दिया। इसी वजह से बुधनी में निकट भविष्य में उपचुनाव होने वाले हैं।

## रीवा कलेक्टर ने एक आश्रम शाला के अधीक्षक को किया निलंबित

**रीवा।** मध्यप्रदेश की रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम शाला लालगांव के अधीक्षक महेन्द्र कुमार द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिले के लालगांव में स्थित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम शाला में बिजली की फिटिंग के लिए चार लाख 83 हजार 816 रुपए दिए गए थे। आश्रम के अधीक्षक ने इस राशि को बिना कार्य कराए आहरण किया और राशि को व्यक्तिगत उपयोग में व्यय किया।
कलेक्टर ने इसे गंभीर कदाचरण तथा आर्थिक अनियमितता मानते हुए निलंबन की कार्यवाही की है।

## वीना ने संभाली इन्नरव्हील क्लब सिरसा मेन की कमान

**सिरसा।** सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था इन्नरव्हील क्लब सिरसा मेन का एक निजी होटल में इंस्टालेशन सैरेमनी आयोजित की गई ,जिसमें क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पूर्ण विधि विधान से वीना मेहता को क्लब के अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। यह जानकारी देते हुए शीतल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में नवनियुक्त अध्यक्ष वीना मेहता ने पूर्व डिस्ट्रिक चेयरमैन मधु मेहता, किरण तनेजा व सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ प्रभु चरणों में दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम के दौरान पीडीसी मधु मेहता, मनीता सर्राफव किरण मेहंदीरत्ता के जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं भी दी गई। सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए कार्यक्रम की शुरूआत क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधा रोपित कर की। कार्यक्रम के दौरान दो नए सदस्यों शशि मेहता व सुमन मेहता ने सदस्यता ग्रहण की और क्लब पदाधिकारियों ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर मीनू सर्राफ रिंकी गर्ग, मधु अरोड़ा, ऊषा मेहता, इन्द्रा खुराना, शिंपी गर्ग, मंजू गर्ग, चन्द्रिका गनेरीवाला, रेणू केडिया, सुशीला गुप्ता, रीतू गोयल, वर्षा गंडा सहित क्लब के तमाम सदस्यगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। क्लब में अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने के बाद वीना मेहता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि वे क्लब के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में सभी सदस्यों को साथ लेकर सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए मानवीय सेवाओं की दिशा में कार्य करने का काम करेंगी और क्लब की विरासत को आगे बढ़ाते हुए नए आयाम स्थापित करने की पुरजोर कोशिश करेंगी।

## लापता बालिका का गड्ढे में मिला शव

**भरतपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र में बलरिया गांव में गुरुवार शाम से लापता सात वर्षीय बालिका का शव पानी की टंकी के पास बने एक गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक अर्पिता मीना पुत्री मोनू मीना शाम से लापता थी। पुलिस द्वारा ग्रामीणों की सहायता से लगातार तलाश के बाद भी बालिका का पता नहीं लगा। सुबह ताखा जी महाराज के जाने वाले रास्ते पर बनी एक पानी की टंकी के पास गड्ढे में कुछ महिलाओं को एक टी-शर्ट नजर आई। पानी में तलाश करने पर बालिका का शव मिल गया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती तौर पर यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। पुलिस इस घटना की गहनता से जांच कर रही है।

# एसटी महिला ग्राम प्रधान के गले में जूतों की माला डाल किया अपमान

वार्ता ➤ चंपावत/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा चम्पावत के बनबसा में अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिला ग्राम प्रधान के अपमान का मामला सामने आया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सरेआम जूतों की माला पहना दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना जारी है। यह प्रकरण विगत 10 जुलाई का बताया जा रहा है। गुदमी ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान विनीता राणा ने अपनी तहरीर में कहा है कि वह 10 जुलाई को उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपदा राहत सामग्री वितरित करने के लिए मौके पर गयी थी। इस दौरान किसी बात को लेकर गुदमी के आक्रोशित ग्रामीणों ने उसके साथ बदतमीजी की। उसे पकड़कर कुछ महिलाओं ने मारपीट करने के साथ ही सरेआम उसके गले में जूतों की माला डाल दी। आहत ग्राम प्रधान वहां से चली गई और अगले दिन गुरुवार को उन्होंने बनबसा थाना में इस मामले में तहरीर सौंपी। पीड़िता ने पुलिस से न्याय दिलाने की मांग की। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज राणा के अनुसार इस मामले में धारा 115/351/352/192 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 3(1)(डी)(एम)(आर)(एस) अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के अंतर्गत डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफनामजद अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस मामले की जांच कर रहे हैं। देखना है कि मुख्यमंत्री के विधानसभा में पुलिस इस मामले में दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

# सौर ऊर्जा ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए सरल पोर्टल पर मांगे आवेदन

वार्ता ➤ सिरसा
www.dailypioneer.com

हरियाणा सरकार के निर्णय अनुसार 3-एचपी से 10-एचपी के सोलर ऊर्जा पंप लगवाने के लिए सरल हरियाणा डॉ . जीओवीडॉटइन पोर्टल पर 25 जुलाई तक किसान आवेदन कर सकते हैं। सरकार द्वारा सोलर पंप लगवाने पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। मुख्य परियोजना अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। सौर ऊर्जा ट्यूबवेल के लिए 25 जुलाई ऑनलाइन आवेदन सरल हरियाणा के पोर्टल पर आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन के उपरांत आवेदक सूचीबद्ध कंपनी का चयन करके लाभार्थी हिस्सा जमा करवाना होगा, जिसकी सूचना आपको पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि किसान अपने खेत के साइज, पानी के लेवल और पानी की जरूरत के अनुसार टाइप और पंप का चयन करें। ऑनलाइन आवेदन के लिए किसानों के पास परिवार पहचान पत्र, जमीन की जमाबंदी / फर्द, परिवार पहचान पत्र मोबाइल से लिंक होना जरूरी है।

# मोदी सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं की पुनर्स्थापना कर रही है : विजयवर्गीय

वार्ता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंद्र सरकार के प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के निर्णय का स्वागत करते हुए आज कहा कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं की पुनर्स्थापना कर रही है। विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस आदेश के संबंध में सोशल मीडिया में की गयी पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा है कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। इस दिन इंदिरा गांधी की निरंकुश कांग्रेस सरकार ने जिस तरह संविधान की मर्यादा को तार तार किया था, उसे चिरकाल तक भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं की पुनर्स्थापना की रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। विजयवर्गीय ने लिखा है कि आपातकाल की भयावह अवधि में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों के लिए यह सच्ची श्रद्धांजलि है।
उन्होंने इस निर्णय को अभूतपूर्व बताते हुए केंद्र सरकार को बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 1500 नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

वार्ता ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों 1500 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला तो सभी के चेहरे खुशी से दमक उठे। मौका था स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि आपके ऊपर बच्चों के भविष्य निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब यहां के युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं। अब तक हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। और यह सिलसिला जारी है । वहीं, निजी संस्थानों और कंपनियों में 60 हज़ार से ज्यादा युवाओं को जॉब दिलाने का काम किया है। जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा।

# इनेलो के साथ गठबंधन भाजपा और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखना : मायावती

पायनियर संवाददाता ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com



हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले इडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के साथ गठबंधन पर सफाई देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गठबंधन का मकसद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडी गठबंधन को सत्ता से दूर रखना है। मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) द्वारा हरियाणा की प्रमुख पार्टी इण्डियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के साथ गठबंधन का उद्देश्य भाजपा/एनडीए तथा कांग्रेस व इनके इण्डी गठबंधन को आगामी विधानसभा चुनाव में हराकर राज्य के इनसे दूखी लोगों व किसानों आदि को इन जनविरोधी पार्टियों से बचाया जा सके। उन्होने कहा स्पष्ट है कि भाजपा व कांग्रेस तथा इन दोनों जातिवादी पार्टियों के नेतृत्व वाले इण्डी व एनडीए गठबंधनों से दूर रहकर बीएसपी एवं इनेलो ने हरियाणा में सर्वसमाज के सामाजिक समरसता व इनके बीच आपसी गठबंधन को महत्व दिया है ताकि हरियाणा आगे बेहतर तरीके से फल-फूल सके। बसपा प्रमुख ने कहा बीएसपी-इनेलो गठबंधन को लोग तीसरे मोर्चे के रूप में स्वीकार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा व कांग्रेस का जातिवादी, साम्प्रदायिक, आरक्षण व संविधान-विरोधी चाल-चरित्र-चेहरे को लोगों ने देख लिया है तथा अब वे चौधरी देवीलाल व मान्यवर कांशीराम जी का मानवतावादी सपना साकार करना चाहते हैं।

# कलेक्टर ने की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के साथ ही हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी के दूसरे अवसर के लिए परीक्षा के तैयारी की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं के दूसरे अवसर की परीक्षाओं के तैयारियों की समीक्षा की गई। शुक्रवार को जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में ही शामिल होंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ ही फोटोयुक्त अन्य परिचय पत्र भी साथ लाना होगा। मोबाईल, स्मार्ट वाच, डिजीटल वॉच के उपयोग की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र तक प्रश्न पत्र लाने का कार्य पूरी सुरक्षा के दायरे में किया जाएगा और प्रश्न पत्र खोलते समय वीडियोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी सावधानी के साथ परीक्षा के आयोजन हेतु दिए गए सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन करने के निर्देश दिए।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे 1565 परीक्षार्थी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 300, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 400, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 300, स्वामी आत्मानंद विद्यालय तहसीलपारा में 300, स्वामी आत्मानंद विद्यालय महात्मा गांधी में 150 और चावड़ा हायर सेकेण्डरी स्कूल में 115 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### दसवीं की परीक्षा में 870 और बारहवीं की परीक्षा में 927 परीक्षार्थी होंगे शामिल

कक्षा दसवीं के लिए दूसरे अवसर की परीक्षाएं 24 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। इनमें 870 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही बारहवीं की परीक्षा 23 जुलाई से 22 अगस्त तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 927 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के लिए सभी विकासखण्ड मुख्यालय में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कोंडागांव जिला मुख्यालय में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तथा अन्य विकासखण्ड मुख्यालयों में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

# भगवान जगन्नाथ को ढूंढने निकली माता लक्ष्मी, मनाया गया हेरा पंचमी पर्व



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



उत्कल समाज विकास समिति किरंदुल के द्वारा हेरापंचमी पर्व शुक्रवार संध्या धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान माता लक्ष्मी की पालकी भगवान जगन्नाथ मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ जी मां लक्ष्मी को बिना सूचित किये रथयात्रा पर निकल जाते हैं एवम उनके जल्दी वापस नहीं लौटने पर पांचवें दिन मां लक्ष्मी पालकी में बैठकर उनको ढूंढने के लिए निकलती है। मां लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ को ढूंढते हुए गुंडीचा मंदिर पहुंच जाती है। मां लक्ष्मी की पालकी नंदी घोष रथ के समीप रूकती है तो भगवान के सेवक उनका स्वागत करते हैं। जब भगवान जगन्नाथ को जानकारी मिलती हैं कि लक्ष्मी जी क्रोध में उनसे मिलने आई है तो वह सेवकों को द्वार बंद करने का आदेश देते हैं। भगवान के सेवक दरवाजा बंद कर लेते हैं जिससे क्रोधित होकर मां लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ को व्यंग से कहती हैं कि, अब आपको अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मुझ से अधिक प्रिय हो गए हैं, इसलिए अपने मंदिर के किवाड़ बंद कर लिए।उसके पश्चात भगवान जगन्नाथ उनको मनाने जाते हैं और क्षमा मांगकर और मनोहार कर उनको मनाते है। भगवान उनको जल्दी वापस आने का वचन देते हैं।अपनी उपेक्षा से क्रोधित होकर मां लक्ष्मी वहां से चली जाती है।लेकिन नाराज मां लक्ष्मी जाते-जाते जगन्नाथ जी के रथ का एक भाग तोड़ जाती है। हेरापंचमी के अवसर पर जगन्नाथ सेवा समिति एवं उत्कल समाज सेवा समिति के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

# 'एक वृक्ष मां के नाम' एवं 'जल शक्ति से नारी शक्ति' थीम पर आंगनबाड़ियों में रोपे गए पौधे

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को प्रोत्साहित किए जाने के लिए किरंदुल परियोजना के ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्र के 109 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 जुलाई को 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान एवं एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को एकत्र कर पानी की महत्ता जैसे-स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरो में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया गया।प्रभारी शांति मिडियामी ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग किरंदुल परियोजना अंतर्गत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच फलदार पौधों का रोपण किया गया हैं। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता गीता देवनाथ, मंजू बैरागी, झरना मंडल, पुष्पांजलि बाघ, शहनाज़, रीना पाल, लता शर्मा जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# काकड़ाबेड़ा में शिक्षक एवं छात्रा के जन्मदिन पर न्यौता भोज

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले के प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक शाला ककड़ाबेड़ा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना एवम राज्य सरकार के महत्वकांछी योजना न्योता भोज के अंतर्गत शाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को मध्यान भोजन में निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार के रूप में खीर, पूड़ी आदि का वितरण किया गया। उक्त न्योता भोज का आयोजन प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक जुजेष्ठिर साहू एवं छात्रा मीनू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो को अधिक से अधिक पोषण आहार मिल सके। जिससे की उनका शाररिक एवं बौद्धिक विकास हो सके। साथ ही साथ बच्चों, शिक्षकों एवं पालको के बीच समरसता का भाव एवं सौहाद्र पूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके।

इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच सायबो पोयाम, नील कुमार, प्रधान पाठक सूदन बघेल, सुनती मरकाम, सावित्री कोर्राम, ग्वालीन लावत्रे, शिक्षक दिक्लेश पटेल, नीरज ठाकुर, शिक्षिकाए नीता मरकाम, गीतांजलि साहू, कुमुद पाण्डेय, प्रियंका पटेल, निधि साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बुधरू पोयाम आदि मौजूद थे। सभी ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षक जुजेष्ठिर साहू को बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में शाला में नियुक्त स्वीपर और रसोइया का विशेष सहयोग न्योता भोज हेतु रहा।

# किरंदुल में बढ़ रहे हैं डेंगू के मरीज रोकथाम में प्रशासन असफल



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में विगत जून माह से लगातार डेंगू का कहर देखा जा रहा हैं।बता दें नगर में प्रतिदिन डेंगू के नए मरीज देखे जा रहें हैं तथा डेंगू के रोकथाम के लिए किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों में छिड़काव एवम फोंगिंग करवाया जा रहा है लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिल रहा हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉक्टर प्रेमलता साहू ने बताया कि जून महीने में 09 डेंगू मरीज एवम जुलाई माह में शुक्रवार तक 18 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं।जिनमें कई लोग स्वस्थ हो गए हैं एवम शेष का ईलाज जारी हैं।

# विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर जागरूकता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में आज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कालिंदी नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज कांकेर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव भास्कर मिश्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जनसंख्या विस्फोट, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थय के प्रति जागरूक करना है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण और जीवन स्वास्थ में गिरावट जैसी समस्या नियंत्रण के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे की आने वाला भविष्य उज्ज्वल हो। उक्त शिविर में बाल विवाह, बाल श्रम, वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे कानूनी की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर कालिंदी नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज कांकेर की प्राचार्य पूजा पांडे, सागर गुप्ता प्रतिधारक अधिवक्ता, कौशल रजक, पैरालीगल वोलेंटियर नीलकमल मटियारा उपस्थित थे।

# बीआईओपी स्कूल किरंदुल में धूमधाम से मनाया गया विश्व पेपर बैग दिवस

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




बीआईओपी स्कूल किरंदुल के ब्वॉयज एवं गर्ल्स एनसीसी कैडेटों के द्वारा विश्व पेपर बैग दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स कैडेट्स ने विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों के साथ किरंदुल के लोगों में प्लास्टिक बैग की जगह अधिक से अधिक पेपर बैग इस्तेमाल करने की आदत डालने हेतु विश्व पेपर बैग दिवस के अवसर पर 12 जुलाई को एक जागरूकता रैली का सफलता पूर्वक आयोजन किया। रैली के पश्चात् विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में चीफ एनसीसी अधिकारी राजनाथ के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राचार्य महोदय का स्वागत संबोधन एवं अभिवादन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अरुमॉय बिस्वास के द्वारा सभी कैडेटों तथा छात्र छात्राओं के मध्य जागरुकता संदेश प्रदान करने हेतु विश्व पेपर बैग दिवस की उपयोगिता पर अत्यंत प्रभावपूर्ण वक्तव्य दिया गया। कैडेटों के मध्य 'विश्व पेपर बैग दिवस' पर आधारित स्लोगन तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# चार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने के 04 प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार बांदे तहसील के ग्राम मोरखण्डी निवासी 37 वर्षीय मिरगुराम महा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मंगली को चार लाख रूपये, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम नारायणपुर निवासी 55 वर्षीय जानकी बाई पटेल की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित अंगदराम पटेल को चार लाख रूपये, पखांजूर तहसील के ग्राम मेण्ड्रा निवासी 57 वर्षीय रजऊ राम ध्रुवा की गड्डे के पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र जगेलराम ध्रुवा को चार लाख रूपये तथा इसी तहसील के ग्राम ठाकुरनगर के 02 वर्षीय प्रणव बछाड़ की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित प्रहलाद बाछाड़ और प्रोमिला बाछाड़ के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# नए कानून के प्रति जनजागरूकता निर्मित करने में मीडिया प्रतिनिधियों की अहम भूमिका : आईजी सुंदरराज पी.

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com




पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा गुरुवार को लालबाग स्थित शौर्य भवन में मीडिया प्रतिनिधियों को नये कानून के संबंध में जागरूकता कार्यशाला के दौरान विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि देश में 01 जुलाई 2024 से नया कानून प्रभावशील हो गया है। नवीन कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग, विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नये कानून के प्रति व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने के लिए मीडिया की अहम भूमिका है, जो मीडिया के विभिन्न माध्यम से लोगों तक नये कानून के संबंध में जागरूकता ला सकती है। इसे मद्देनजर रखते हुए शासन के निर्देशानुसार यह कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित ये नये कानून दंडात्मक से न्याय-उन्मुख दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत है जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। इसका मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने सहित कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है। जिससे सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि देश में पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए बदलाव किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों के विरुद्ध प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर और ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सके, इसके लिए विभिन्न माध्यमों से लगातार जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं।

### जगदलपुर में दोहरे हत्याकांड से सनसनी एक बचा युवक अस्पताल में भर्ती...

**जगदलपुर।** शहर के अनुपम चौक में गुरुवार की सुबह एक ही परिवार के दो लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से शहर में सनसनी फैल गई है। इस घटना में एक युवक की जान बच गई, जिसे हत्यारे ने बाथरूम में बंद कर रखा था। जानकारी के अनुसार, सुबह जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला पाया, तो उन्होंने भीतर जाकर देखा कि दो लोगों की मौत हो चुकी थी।

भारत सरकार / Government of India
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय/ Ministry of Social Justice & Empowerment
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग/Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Govt. Of India

सत्यमेव जयते

स्वावलम्बन Swavlamban

पाँचवा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन/ 5th Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan,
सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003/ CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone No. 011-24369054, Email ID: vineet.singhal17@gov.in, anita.meena13@nic.in

संदर्भ: 18-20/2024-डीडी-III/एनएफ
दिनांक 4 जुलाई, 2024

सार्वजनिक सूचना

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 'दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय निधि' के तहत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एसटीईएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग तथा मैथ्स) विषयों में 100% दृष्टिहीन और 100% बधिर (कोक्लियर इंप्लांट के बिना) छात्रों को शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए राष्ट्रीय संस्थानों/सीआरसी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| पात्रता मानदंड | • यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए है।<br>• किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्ययन करने वाले कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एसटीईएम विषयों में अध्ययनरत 100% दृष्टिहीन और 100% बधिर (कोक्लियर इंप्लांट के बिना) छात्र।<br>• सभी स्रोतों से अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक। |
| वित्तीय सहायता की सीमा | • प्रति वर्ष प्रति छात्र रु. 1.5 लाख या वास्तविक, जो भी कम हो। |
| आवेदन कैसे करें: | • पात्र और इच्छुक छात्र डीईपीडब्ल्यूडी के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत किसी भी राष्ट्रीय संस्थान / समेकित क्षेत्रीय केंद्र में अपने विधिवत भरे हुए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। |

नोट: निर्धारित आवेदन पत्र, पात्रता शर्तों और अपेक्षित दस्तावेजों जैसे अधिक विवरण के लिए, आवेदक विभाग की वेबसाइट https://depwd.gov.in/national-fund-under-pwds/ पर देख सकते हैं।

(निदेशक)
डीईपीडब्ल्यूडी, एमएसजे एंड ई,
भारत सरकार

CBC 38117/11/0009/2425

# रेत माफिया अवैध डंपिंग के साथ कर रहे बिजली चोरी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

पिछले लंबे समय से धमतरी जिले में रेत माफियाओं द्वारा रेत का उत्खनन कर शासन को रॉयल्टी के रूप में मिलने वाली राशि का नुकसान पहुंचाया है। जिन लोगों ने वैध रूप से रेत खदान लिया है उनके द्वारा भी नियम शर्तो का पालन न करते हुए न ही रेंप बनाया गया न ही वृक्षारोपण किया गया जबकि आज वृक्षारोपण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। अब जब समूचे जिले में रेत खदान वर्षा त्रतु को लेकर बंद करने का निर्देश दिया गया है तो अवैधानिक रूप से खदान चलाने वाले लोग डंपिंग-डंपिंग के खेल के तहत ऐसे आपत्तिजनक स्थल को रेत का जखिरा के रूप में इस्तेमाल करने रेत के भंडार को वहां जमा कर रहे हैं जहां की अनुमति उनके पास नहीं है। इसे लेकर जिला प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिये कि कौन कितने मात्रा में रेत डंप किया है। उसको कितने क्षेत्र के उत्खनन का अधिकार दिया गया है। लेकिन जिला प्रशासन के आंख में धूल झोंकते हुए ऐसा कृत्य किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है कि डंपिंग वाले क्षेत्र में एवं खदान चलाने वाले लोगों ने पिछले लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में लगे विद्युत कनेक्शन लेकर छग विद्युत वितरण कंपनी को लाखों रूपये का नुकसान पहुंचाया है। रेत माफियाओं का यह भी कहना है कि हमारे ऊपर कोई भी कार्यवाही करने का साहस नहीं कर सकता क्योंकि हम पर बड़े लोगों का हाथ है, जिनके साथ हमारी सेटिंग है।

महानदी एवं सहायक नदियों से वैध और अवैध खदान को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस अवैध रेत खदान के विरूद्ध आवाज उठाये जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाती है। रेत माफियाओं के द्वारा लगातार की जा रही रेत, मुरूम, गिट्टी की अवैध निकासी धड़ल्ले से बदस्तूर जारी रही। वर्षा के मौसम में ऐसे समस्त खदानों को 15 जून से 15 अक्टूबर तक आदेश पारित किया गया है किंतु कुछ लोगों द्वारा रात्रिकालीन रेत खदानों से अवैध रूप से रेत परिवहन किया जा रहा है जिसे लेकर खनिज अमला ने 3-4 कार्यवाही कर चैन माउंटेन, जेसीबी, हाईवा को जप्त किया है। ऐसे ही लोग ग्रामीण क्षेत्रों के रिक्त भूमि इसमें राजस्व, वन, तथा चारागाह की भूमि शामिल है। वहां रात्रिकालीन नदी से रेत का उत्खनन कर डंपिंग वाले क्षेत्र में रेत भरकर जमा कर रहे हैं जिसके लिये ऐसे लोगों ने अनुमति प्राप्त नहीं की है। साथ ही साथ किसी के घर से कनेक्शन लेकर उसे 300 मीटर की दूरी तक पहुंचाने का भी नया कारनामा अंजाम दिया है। अमेठी, तेंदुकोन्हा, से लेकर नदी के अंतिम तटवर्ती क्षेत्रों से लेकर जहां ग्रामीण आबादी है और जहां नहीं है, वहां से बिना अनुमति के विद्युत कनेक्शन डंपिंग वाले क्षेत्र में पहुंचाया है जिससे कभी भी भयंकर हादसा होने की सँभावना को नहीं नकारा जा सकता। ऐसे विद्युत कनेक्शन लगाने के पहले विभाग की अनुमति अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आगामी दिनों में आंध तूफान के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई है। ऐसे में बिना आधार के लगाये गये ऐसे तार लोगों के लिये काफी घातक साबित होगा।



नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले कुछ ग्रामीणों को प्रलोभन देकर उनके घरों से विद्युत तार जोड़कर डंपिंग वाले क्षेत्र में प्रकाश की व्यवस्था की गई हे। मिली जानकारी के अनुसार यह भी पता चला है कि जितने भी वैध एवं अवैध रेत खदान चलाने वाले रेत माफियाओं द्वारा विद्युत पोल से सीधा कनेक्शन लिये जाने की शिकायत मिल रही है। कुछ लोगों ने बताया कि रेत माफियाओं द्वारा विद्युत पोल से भी सीधा कनेक्शन लेकर छगविवि कंपनी को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। लोगों ने कहा कि इसी वजह से धमतरी एवं आसपास के अंचलों में विद्युत कटौति हो रही है जिसका मुख्य कारण ऐसे अवैध कनेक्शन को माना जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा समय समय पर खनिज अवैध परिवहन करने वालों पर कार्यवाही तो की जा रही है। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा ऐसे विद्युत चोरी को लेकर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से यह प्रक्रिया निरंतर जारी है जिसे लेकर विद्युत विभाग को एक सर्च अभियान चलाये जाने की मांग भी बलवती हो रही है। बताया जाता है कि जिन लोगों को रेत डंपिंग का अधिकार दिया गया है, ऐसे लोगों द्वारा निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर रेत उत्खनन किया गया है जिन्हें लगभग 5 एकड़ अधिकार है, वे लोग 5 एकड़ से बाहर जाकर नदी से रेत का खनन किये है और समय समय पर नदी से भी रेत निकालकर उसे महाराष्ट्र एवं विभिन्न जिलों में मनमाने दाम पर रेत बेची जा रही है। खबर तो यह भी है कि कांकेर जिले के पिटपास को धमतरी जिले में दिखाकर भी फर्जी कार्य किया जा रहा है। इस पर भी प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराया गया है। गौण खनिज उत्खनन कर डंपिंग करने वाले तथाकथित माफियाओं द्वारा बिजली की चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। यदि विद्युत अमला नदी के समीप बसे गांवों का मुआयना कराये तो ऐसे अनेक लोगों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। रेत डंपिंग एवं विद्युत चोरी का मामला जिले के चारों ओर चर्चित है। अनेक लोगों ने रेत का अवैध परिवहन एवं बिजली चोरी करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है। इन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि भारी भरकम हाईवा के चलने से सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं और इसी सड़क से स्कूली बच्चे एवं अन्य कार्यों के लिये धमतरी आने जाने वाले ग्रामीणों को हमेशा भारी वाहनों के चलने से खराब सड़कों से भय बना हुआ है जिस पर भी ऐसे वाहनों के लिये एक समय सीमा निर्धारित की जाये ताकि इस अवधि में उक्त वाहनें सीमित मात्रा में चलाई जाये। शासन को रेत रॉयल्टी और विद्युत चोरी कर वितरण कंपनी को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों पर सख्ती के साथ कार्यवाही किया जाना चाहिये।

## कलेक्टर ने दिव्यांग पार्वती को दिया स्मार्ट स्टिक व नया राशन कार्ड



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार क़े ग्राम धाराशिव निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग पार्वती ध्रुव को स्मार्ट केन डिवाइस समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया। उन्होंने पार्वती का पृथक राशन कार्ड नही होने पर खाद्य अधिकारी को तलब कर तत्काल नया राशन कार्ड बनवाकर दिया। अलग राशन कार्ड बन जाने से अब पार्वती को ज्यादा खाद्यान्न मिल सकेगा। स्मार्ट केन डिवाइस सेंसरयुक्त स्टिक है जो सामने कोई बड़ी वस्तु आने पर कंपन्न व आवाज देता है जिससे हाथ में लेकर चलने वाला व्यक्ति सचेत हो जाता है। इस स्टिक से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को चलने - फिरने में काफी सहूलियत होती है। कलेक्टर ने दिव्यांग पार्वती से पढ़ाई क़े बारे में पूछ ताछ की। पार्वती ने बताया कि वह 28 वर्ष की है लेकिन स्कूल नहीं गई है। पढ़ना लिखना नहीं आता । इस पर कलेक्टर ने कहा कि दृष्टिबाधितों की पढ़ाई ब्रेल लिपि क़े माध्यम से हो सकती है। पढ़ने क़े इच्छुक हो तो प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग क़े अधिकारी को पार्वती की पढ़ाई क़े लिए आवश्यक व्यवस्था करने क़े निर्देश दिए। वहीं पेंशन क़े लिए भी कार्यवाही करने क़े निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सोनी ने जरुरतमंदो को पात्रतानुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराने क़े निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिए हैं। इसके साथ ही योजना क़े तहत अधिक से अधिक हितग्राहियो को लाभान्वित करने क़े भी निर्देश दिए हैं।

## जमदरहा मोड़ से लेकर दूर्गापाली मोड़ तक बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली- सरसीवां मार्ग के रख रखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ने लगी हैं वहीं जगह-जगह गड्ढे बनने से आवागमन पुरी तरह से बाधित हो रही है। सागरपाली के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। गायत्री कंप्यूटर के सामने तो डबरीनुमा गड्ढा बन चुका है। इस डबरीनुमा गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दी जा रही है। विभाग आखिर किस बात का इंतजार कर रहा है। समय रहते अगर इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो जान माल की हानि हो सकती है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। क्षतिग्रस्त सड़क पर काम चलाऊ मुरम मिट्टी पाट देने से बारिश के समय सड़क किचड़ में तब्दील हो गई है। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बताया गया है कि पिछले वर्ष ही विभाग द्वारा सड़क मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था मगर साल भर के भीतर ही सागरपाली के पास सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत करने की मांग की है मगर विभाग मरम्मत करना तो दूर गड्ढे भरने का काम भी नहीं कर रहा है। स्थानीय लोग ही गड्ढों को मुरूम मिट्टी एवं ईंट के टुकड़ों से पाट रहे हैं। यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर- सरायपाली- सरसीवां- हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पिछले साल कांशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किमी एवं इस वर्ष डोंगरीपाली से माता नाला तक करीब 2 किलोमीटर का मरम्मत कार्य कराया गया है। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। यह सोचने वाली बात है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को ही उजागर कर रहा। इस मार्ग से होकर रोजाना जनप्रतिनिधि, सत्ता पक्ष से जुड़े नेता, अधिकारी गुजरते हैं क्या उन्हें ये बड़े-बड़े गड्ढे नजर नहीं आते या फिर जानबूझकर इन गड्ढों को अनदेखा कर रहे हैं।

### सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं

सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आयी हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबुल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों का नियमित साफ़सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने मे दिक्क त होती है और इसी समय दुर्घटनायें हो रही हैं।

## सयंत्रों में नियम पालन एवं निगरानी हेतु जिला स्तरीय टीम गठित

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले में स्थापित सीमेंट एवं अन्य सायंत्रो तथा माइंस में नियमों का पालन एवं निगरानी क़े लिए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिला स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया गया है।गठित टीम द्वारा जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।टीम में उप संचालक खनिज प्रशासन, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सहायक़ संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम पदाधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर शामिल है। कारखाना अधिनियम 1948 क़े प्रावधान क़े सम्बन्ध में कार्यालय औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 क़े प्रावधान क़े तहत कारखानों की जाँच तथा उनके द्वारा किये जा रहे पदार्थो का सुरक्षित रूप से परिवहन की जाँच, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा कारखानों में उपयोग में लाए जा रहे क्लिकर, प्लाई, एवं अन्य पदार्थ जिससे सड़क व पर्यावरण प्रभावित हो रही है उसका जाँच, श्रम पदाधिकारी द्वारा समस्त श्रम कानूनों का पालन कारखानो में किया जा रहा है या नहीं तथा समस्त ठेकेदार जिसमें परिवहन भी शामिल है उसकी जाँच, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकांर अधिनियम 1996 क़े तहत श्रम पदाधिकारी व सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा संयुक्त जाँच, जिला उद्योग एवं व्यापार द्वारा औद्योगिक नीति क़े तहत पालन प्रतिवेदन, जिला खनिज अधिकारी द्वारा सभी कारखानों क़े माइंस का निरीक्षण किया जाएगा।

## परकोम मे माता पहुंचनी का पर्व मनाया शितला मंदिर में भक्तों ने ली ठंडाई



पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

ग्राम परकोम मे आषाढ़ माह के गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरा के अनुसार मनाया गया । इस दिन गांव मे मुनादी करके खेती किसानी कार्य बंद भी रखा गया । जहां माता देवाला मे मां शीतला की पूजन अर्चन करने श्रद्धालु नारियल अगरबत्ती फूल पान लेकर पहुंचते रहे । बहरहाल लोगो ने मां शीतला से बीमारियो से दूर एवं परिवार के सूख समृद्धी के लिए कामना वही संध्या होते ही गांव के बैगा के अगुवाई मे जसगीत मंडली द्वारा मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर माता जसगीत गाते हुए ग्राम के महिलाए पुरुष व बच्चे सभी ने ग्राम भ्रमण कर शीतला मंदिर पहुंचे । जहां भक्तो ने निरोग रहने मां शीतला का आशीर्वाद लिया और नीम हल्दी युक्त पानी से नीम की ढहनी से सभी भक्तो को ठंडाई का छिड़काव किया गया । इस अवसर पर ग्राम प्रमुख सरपंच चिंतामणी चन्द्राकर पुरुषोत्तम पटेल नेतराम पटेल कृष्णचंद पटेल किशोर चतुवेर्दी पुसाऊ निषाद लक्ष्मण पटेल दयालाल पटेल गंजानंद ईश्वर इन्द्रा कुमार पटेल के अलावा ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे ।

## नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी विकास को लेकर गंभीर



सी सी मार्ग का लाया प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने शहर के विभिन्न वार्डो की साफ सफाई व सी सी रोड को लेकर नगरपालिका मे प्रस्ताव लाया। बताया जा रहा है कि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के अथक प्रयास से विभिन्न वार्डो के आवागमन रास्ता को दुरस्त करने का प्रस्ताव लिया गया ,जिनमें कविता फ़ोटो स्टुडियो से श्यामाचरण मुखर्जी चौक तक 350मीटर लंबा व08 मीटर चौड़ा सी सी मार्ग का निर्माण,वहीं श्यामाचरण मुखर्जी चौक से घनश्याम अग्रवाल के निवास स्थल तक का सी सी मार्ग 330 मीटर की लंबाई व 08 मीटर चौड़ाई ,सी सी मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। इसी तरह गुरूनानक होजियरी से शंकर अनाज भंडार तक 100 मीटर लंबा 4.50 मीटर चौड़ा ,व किसान वस्त्रालय के घर से सेतपाल नगर तक का चौड़ा ,राजू निनवा के घर से रिसुवानी के घर तक दो छोर में इसी तरह राजू निनवा के आवास के पिछे से शुक्ला बाबू के आवास तक ,वहीं राजपाल भवन के समीप 80ण मीटर की लंबाई ,व 5.50 मीटर चौड़ा , एवं रांकी राजपाल के घर से बल्लु के घर तक 80 मीटर लंबाई व 05.50 मीटर चौड़ाई इसी तरह विभिन्न वार्ड व क्षेत्र में सी सी मार्ग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है।

## थाने में नहीं लिखी गई रिपोर्ट, न्यायालय में परिवाद पेश कर पीडिता को मिला न्याय

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विशेष न्यायाधीश पाक्सो शोभना कोष्टा के न्यायालय द्वारा आरोपी तीस्थो पिता गुरूचरण निवासी लखनपुर थाना सिंघोडा तहसील सरायपाली को प्रस्तुत परिवाद प्रकरण धारा 506/क्क धारा 354 भा.द.वि. एवं पाक्सो अधिनियम की धारा 03, 04, 05 लैंगिक अपराधों से बालिका का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत दोष सिध्दी पाते हुए आरोपी को 506/क्कभा.द.सं. एवं 354 भा.द.सं. सहपठित पाक्सो अधिनियम में क्रमशः 5-5 वर्ष सश्रम कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण में विशेष तथ्य उल्लेखनीय है कि नाबालिग पीडिता की रिपोर्ट थाना सिंघोडा में दर्ज नहीं की गई, जिस पर उसके द्वारा उच्च अधिकारीयों को लिखित शिकायत पश्चात तत्कालिन एस.डी.ओ.पी. विकास पाटले एवं थाना सिंघोडा प्रभारी चन्द्रकांत साहू शिकायत पर कार्यवाही न करते हुए. नाबालिग पीडिता के शिकायत के विरूद्ध आरोपी को संरक्षण प्रदान करनें का प्रतिवेदन उच्च अधिकारीयों को प्रेषित किया गया था, जिस पर पीडिता के द्वारा विवश होकर न्यायालय के समक्ष न्याय हेतु परिवाद प्रस्तुत करने पर न्यायालय द्वारा तत्काल परिवाद पंजीबध्द कर नाबालिग पीडिता को न्याय प्रदान किया गया। नाबालिग के विरूद्ध लैंगिक अपराधों के संदर्भ में ÷पुलिस विभाग÷ की भूमिका माननीय अवर न्यायालयों के दिशा निर्देशों का पालन नहीं किये जाने का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिस पर न्यायालय द्वारा प्रकरण की गंभीरता को समझकर प्रकरण पर विधिवत् विचारण पश्चात आरोपी को दण्डित कर पीडिता को हुई शारीरीक एवं मानसिक हानि और पुर्नवास हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद छ0ग0 को उचित प्रतिकर प्रदान करने आदेश की प्रति प्रेषित की गई। पीडित की ओर से परिवाद का संचालन अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। परिवाद प्रकरण कमांक 9/2021 में पारित निर्णय 05 जुलाई 2024।

## एक पेड़ मां के नाम पर आज किया जाएगा आंगनबाड़ी केंद्रों में वृक्षारोपण




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में ''जल शक्ति से नारी शक्ति''अभियान अंतर्गत आज 12 जुलाई 2024 को जिला बलौदाबाजार- भाटापारा में संचालित 1587 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 'एक पेड़ मां के नाम पर' वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं हितग्राहियों को जलसंरक्षण विषय अंतर्गत , जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल संरक्षण के सही उपाय, जल स्त्रोंतों के आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता,पौधारोपण स ेजल संरक्षण आदि बिंदुओं पर जागरूक किया जायेगा, साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय अंतर्गत बालिका शिक्षण, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जावेगा तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी जतन योजना के संबंध में भी जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शपथ भी दिलाया जाएगा। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टिकवेंद्र जाटवार ने दी है।

## मरार समाज के बैठक में प्रकरण का निपटारा

पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा राज के कार्यकारणी बैठक ग्राम परसुली के समाजिक भवन मे सोमवार को आयोजित की गई । सर्व प्रथम ईष्ट देवी मां भगवती शांकभरी देवी की पूजा अर्चन एवं आरती कर की गई । इसके पश्चात समाज पदाधिकारीयों का चंदन वंदन से स्वागत किया इसके बाद सभा को संचालित करने हेतु सभापति के रूप पदुमलाल पटेल को बनाया गया । वही सभापति के आदेशनुसार नर्राराज के ग्राम बनियातोरा नर्रा रामनगर परिहा इत्यादि के संबधित प्रकरण के संदर्भ मे चर्चा कर प्रकरण का निराकरण किया गया इस दौरान अध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल उपाध्यक्ष दुकालुराम पटेल कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल युवाप्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मिडीया प्रभारी ललित पटेल महासचिव नेतराम पटेल सहसचिव अमरसिंह पटेल सलाहकार लक्ष्मी नारायण पटेल जगदीश पटेल गणेश पटेल कृष्णचंद पटेल जागेश्वर पटेल रघुराम पटेल कपुर चंद पटेल दशरथ पटेल देवनारायण पटेल दयालु राम चन्द्राहास पटेल सेवक राम पुरन पटेल बुधराम पटेल संदेशवाहक अजित पटेल सहित समाज के लोग उपस्थित थे ।

## भाजपा के बाहरी व्यपारियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू कर रही भाजपा सरकार : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के 15 साल के कमीशनखोरी को समाप्त करने सीएसआईडीसी के तहत उद्योग नीति बनाई थी। जिसमें स्थानीय उद्योगपतियों को मौका दिया जाता था। स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा था। बघेल ने भाजपा के 15 वर्षो से चल रहे बाहरी व्यापारियों का धंधा बंद कर दिया था। जिसे राज्य के साय सरकार द्वारा पुनः बाहरी भाजपाइयों व गुजरात के उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू करने जा रही है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि जेम पोर्टल से स्थानीय रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। भाजपा सरकार के इस कदम से राज्य के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बड़ा नुकसान होगा। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करती थी जिससे स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं को रोजगार मिलता था। भाजपा सरकार का जेम पोर्टल से खरीदारी का निर्णय गुजराती व्यापारियों और बाहरी भाजपाइयों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लिया गया है। चंद्राकर ने कहा कि जेम पोर्टल से सबसे ज्यादा सप्लाई गुजरात के व्यापारी करते हैं और यह निर्णय केंद्र सरकार के दबाव में लिया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों को नुकसान होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में कोई भ्रष्टाचार नहीं होता था, बल्कि यह एक पारदर्शी व्यवस्था थी जिससे स्थानीय व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। उन्होंने ने भाजपा सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट में किस प्रकार भ्रष्टाचार होता था। जेम पोर्टल के माध्यम से स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनकर मोटा कमीशन वसूलने की साजिश की जा रही है। सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रेक्ट का जो लाभ लघु उद्यमियों को मिलता था, वह अब नहीं मिलेगा।

### *पत्रकारों को नए कानून के संबंध में जानकारी देकर,समाज के सभी वर्गो तक नए कानून की जानकारी

## पुलिस प्रशासन द्वारा नए कानून संहिता की जानकारी देने पत्रकारों के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



तीन नए अपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय पर आज पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में पत्रकारों को जानकारी देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार द्वारा नवीन भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए, नये कानून के तहत किए जाने वाले कार्य एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक उपस्थित पत्रकारों को बताया गया। नए कानून में भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता किया गया है, जिसमे विशेषता दंड से ज्यादा न्याय पर आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि नए कानून में बहुत सारी और चीजे आ रही है। नए कानून के संबंध में पत्रकारों को नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और सजा से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि दिनांक 1 जुलाई 2024 से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है, पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, इसमें प्रमुख रूप से मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी पत्रकारों को इस दिशा में सहयोग करने की अपील की। उप पुलिस अधीक्षक किशोर वासनिक ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है। नवीन कानून बी.एन.एस में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने उच्च अधिकारी से अनुमति लेकर प्राथमिक जांच करे। मतलब पुलिस अधिकारी को पर्याप्त समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया प्रकरण बनता है या नहीं। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव ने नवीन तीनों कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गो तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस यानी मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि को सबूत के तौर पर परिभाषित किया गया है। किसी मामले की जांच, पूछताछ के दौरान माननीय न्यायालय या पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति से डॉक्यूमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या डिजिटल डिवाइस पेश करने के लिए समन या आदेश जारी कर सकता है। नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों द्वारा नए कानून के संबंध में कई प्रश्न पूछे गए,जिसमें उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लागाये हम नारे के साथ जिला स्तरीय जल मड़ई मुहिम संचालित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

**ग्राम पंचायत भटगांव में एक दिन में 3 हजार पेड़ लगाए गए**





जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जल मड़ई मुहिम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया एवं ग्रामीणों को भी अपने घरों में पौधे रोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत भटगांव ब्लाक दुर्ग में सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लागाये हम नारे के साथ 6 एकड एरिया में एक दिन में 3000 हजार वृक्षारोपण का कार्य किया गया एवं उनके देख-भाल की जिम्मेदारी ली गयी। पौधे रोपण कर भाविष्य में आने वाले जल संकट से बचाव एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने की पहल की गई। गांव के मुक्तिधाम के आस-पास मनरेगा के 3000 पौधे जिनमें 500 आम, 500 आंवला, 500 जामुन, 500 आमरूद, 400 मुनगा, 500 करंज एवं अन्य फलदार एवं छाया दार पौधे रोपण किये गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग देवांगन द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतों में जल संकट को दूर करने के लिए जल मडई कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन मुहिम चला रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षाजल का संचय करना एवं ग्राम पंचायत में हरियाली हेतु पौधे रोपण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के माध्यम से घरों में बेहतर निकासी व्यवस्था, सोकता गड्ढा निर्माण एवं बोरवोल में रिचार्ज पीट के निर्माण संबंधित जानकारी देते हुए इसके प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव ने कहा पेड़ बचाओ का अर्थ पेड़ो की रक्षा से है, पेड़ो के रक्षा हेतु तमाम उपाय किये जाने चाहिए। आज के समय में वनोन्मूलन और अंधाधुंध पेड़ो की कटाई एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। पर्यावरण में लगातार पेड़ो की घटती संख्या के कारण कई समस्याएं उत्पन्न होने लगी है जैसे कि कार्बन डाई ऑक्साइड के अवशोषण में कमी, आक्सीजन तथा वायु के गुणवत्ता में गिरावट, पशु-पक्षियों की कई सारी प्रजातियों का विलुप्तिकरण आदि। नीरज वानखेडे वाटर मैन जल प्रहारी श्रध्दा सबुरी समाज सेवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में रंगोली, पेन्टिग एवं मॉडल बनाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। घर में वर्षा के जल को बचाने के क्या-क्या तरीके अपनाए जा सकते है। कार्यक्रम में ब्लाक सीईओ रूपेश पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी गौरव मिश्रा, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी जेपी ध्रुव, सरपंच ललिता देशमुख, स्व-सहायता समूह की दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में एमआईसी की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में गुरुवार को एमआईसी की बैठक में विकास-निर्माण कार्य संबधी अनेक प्रस्ताव स्वीकृती के लिए लाये गये। महापौर निर्मल कोसरे से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात निगम सचिव अश्विनी चन्द्राकर ने परिषद के पटल पर आये बिन्दुवार विषयों से उपस्थित जनो को अवगत कराया। जिसमें 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत क्षेत्र के तालाबों का रिजुविनेशन कार्य, भिलाई-03 में उप पंजीयक कार्यालय संचालन, विश्व बैंक-मानसरोवर कॉलोनी के भवनों-भूखंडों की हुयी आम नीलामी की उच्चतम बोली राशि की स्वीकृति, इंदिरा पारा भिलाई-03 में काबिज धारियों को आवासीय पट्टा वितरण किये जाने के विषय में चाही गयी अभिमत संबंधी प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में रखे गये। इसके अलावा निगम क्षेत्रांतर्गत राशि रुपये 1467.06 लाख से स्टेडियम निर्माण कार्य तथा राशि रुपये 898.02 लाख रुपये से निगम क्षेत्र में ऑडिटोरियम निर्माण कार्य सहित अन्य प्रस्ताव सर्वसम्मति से बैठक में पारित किये गये। आज की इस बैठक में एम.आई.सी. संतोषी निषाद सदस्य प्रभारी आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण, एम जानी सदस्य प्रभारी जल कार्य विभाग, देवकुमारी भलावी सदस्य प्रभारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मोहन साहू सदस्य प्रभारी राजस्व एवं बाजार विभाग, दीप्ति आशीष वर्मा सदस्य प्रभारी शिक्षा महिला बाल कल्याण विभाग, मनोज कुमार प्रभारी खाद्य नागरिक 'आपूर्ति विभाग, ईश्वर साहू प्रभारी पुनर्वास तथा नियोजन विभाग, एस वेंकट रमना प्रभारी विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग शामिल हुए। इनके साथ कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पांडेय, सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सह निगम सचिव अश्विनी चन्द्राकर, स्थापना प्रभारी सहयक ग्रेड-01 तारिणी वर्मा, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, जनसंपर्क लिपिक विकास त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ विजन 2047 के संबंध में संभागायुक्तों और कलेक्टरों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन और उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों की बैठक ली। इस दौरान जिले के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर सुऋचा प्रकाश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। बैठक में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट पर सभी संभागों, जिलों से सुझावों लिए गए। छत्तीसगढ़ के विकास और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने इस दौरान जिला कलेक्टरों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की। कलेक्टर सु चौधरी ने जिले की विशिष्ट समस्याओं, आवश्यकताओं और क्षमताओं से अवगत कराया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विजन डाक्यूमेंट के संबंध में जिलों के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और विद्यार्थियों के सुझाव प्राथमिकता से लिए जाने को कहा। आगामी दिनों में विजन डाक्यूमेंट 2047 के संबंध में आयोजित संवाद कार्यक्रम में लोगों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों में भर्ती परीक्षाओं सहित अन्य रोजगार परीक्षाओं में सर्तकता बरतने को कहा। भविष्य में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। भारत सरकार द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने डायरिया नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# पुलिस शहीद सेल की रेंज स्तरीय मीटिंग में शहीद परिवारों से की गई चर्चा

**पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने कहा-शहीद परिवारों की समस्याओं का हरसंभव निराकरण किया जाएगा**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य शासन के मंशानुरूप एवं पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देश पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने पुलिस शहीद सेल का गठन कर रेंज स्तरीय मीटिंग का आयोजन सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में किया, जिसमें शहीद परिवारों से विस्तृत चर्चा भौतिक एवं वर्चुअल रूप से की गई। इस बैठक का उद्देश्य शहीद परिवारों की समस्याओं और उनकी आवश्यकताओं को समझना और उनका समाधान करना था। पुलिस महानिरीक्षक ने बैठक में कहा कि, "शहीद परिवारों की समस्याओं का हर संभव निराकरण किया जाएगा। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसे वीर परिवार हैं, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्रियजनों को खो दिया है। इन परिवारों की सेवा और सहयोग हमारी प्राथमिकता है।" इस मीटिंग में शहीद परिवारों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिन्हें गंभीरता से सुना गया। गर्ग ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा और शहीद परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 'पुलिस शहीद सेल' के गठन पर शहीद परिवारों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह मीटिंग आयोजित की जाएगी। जिसका निराकरण जिला स्तर एवं रेंज स्तर पर किया जाएगा, उच्च स्तरीय मदद की आवश्यकता होने पर पुलिस मुख्यालय सेल में प्रेषित भी किया जावेगा। इस अवसर पर वर्चुअल रूप से पुलिस अधीक्षक बालोद एस आर भगत, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, भौतिक रूप से जिला दुर्ग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक पनिक राम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद सेल के सदस्य भी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अतंर्गत ऋण स्वीकृति के लिए आवेदन आमंत्रित

**लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से मिली जानकारी अनुसार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य परियोजना लागत उद्योग (विनिर्माण) क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रूपए सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रूपए आवेदक द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया जा सकता है। योजना में उद्योग (विनिर्माण) क्षेत्र में 10 लाख रूपए और सेवा क्षेत्र में 5 लाख रूपए से अधिक की परियोजनाओं में लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परियोजना लागत में निर्धारित नियमानुसार 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत अनुदान राशि देय होगी। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है इस योजना के लिए पात्र नहीं होगें। जिन आवेदकों की उम्र 18 वर्ष से अधिक है वे इस योजना अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग आयोग के वेबसाईट kviconline.gov.in पर जाकर आनॅलाईन आवेदन कर सकते है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग में संपर्क कर सकते है।

# सड़क किनारे मलबा का ढेर, निगम ने लगाया कमला मेडिकल संचालक पर जुर्माना

■ **सड़क पर मलमा मिली तो होगी सख्त कार्रवाई : आयुक्त लोकेश चन्द्राकर**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम द्वारा शहर को साफसुथरा रखा जा रहा है और यही कारण है कि सड़क या नाली किनारे रखी निर्माण सामग्री एवं मलमा के मालिकों पर कार्रवाही की तैयारी शुरू कर दी है।भवन निर्माण सामग्री के सड़क पर रखे होने के कारण यातायात तो बाधित होता ही है साथ ही गंदगी भी होती है. इस प्रकार की कार्रवाई के लिए आज वार्ड क्रमांक 28 हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स स्थित कमला मेडिकल संचालक संकित जैन द्वारा सड़क किनार भवन मलमा रखा हुआ पाया गया।जिसे आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के वार्ड सुपर वाइजर के द्वारा एक हजार रुपये जुर्माना ठोंका गया। इस कार्रवाई से ऐसा करने वाले बाकी लोगों में दहशत व्याप्त है।भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।कार्रवाई के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा भवन शाखा व निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दायित्व सौपा गया है। सड़क पर बाधा डालने वाले सामग्री की शिकायत या निरीक्षण के दौरान पाए जाने पर निगम द्वारा कार्यवाही की जावेगी।उक्त संबंध में भवन शाखा अधिकारी,स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गये है।इसी कड़ी में शुक्रवार को कार्यवाही की गई और सड़क पर निर्माण सामग्री रखे जाने पर एक हजार रुपए जुर्माना वसूले गए।

# नगर निगम भिलाई में 17426 नवीनीकृत राशन कार्डो का किया जा रहा वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



शासन के आदेशानुसार नवीनीकृत राशन कार्डो का वितरण नगर पालिक निगम भिलाई के सभी पॉचो जोन क्षेत्र के कापरेटिव सोसायटी के माध्यम से किया जा रहा है। पहले जिन राशन कार्डो का नवीनीकृत किया जा चुका है उसका वितरण राशन दुकानो के माध्यम से किया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने राशन कार्ड वितरण के लिए सभी जोन में अधिकारियो/कर्मचारियों की डयूटी आदेश जारी किये है। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर में 21, जोन क्रं. 02 वैशाली नगर में 24, जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर में 16, जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर में 25 एवं जोन क्रं. 05 सेक्टर 06 में 14 अधिकारी/कर्मचारियों की डयूटी लगी है। अधिकृत कर्मचारी 2 से 3 कापरेटिव सोसायटी पर संपर्क करके पुराने जमा राशन कार्ड प्राप्त करेगें। नवीनीकृत राशन कार्ड प्राप्त होने पर वहीं से निःशुल्क वितरण कर देगें। प्रत्येक जोन के राजस्व अधिकारी राशन कार्ड वितरण का मॉनिटरिंग कर रहे है। प्रतिदिन वितरित किये गये राशन कार्डो की जानकारी वाहट्सअप ग्रुप में डाल रहे है। हितग्राही अपने पुराने राशन कार्ड लेकर राशन दुकानो पर जाकर जमा कर दें। वहीं से उन्हे नवीनीकृत राशन कार्ड वितरित कर दिया जायेगा। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 83119 राशन कार्ड का वितरण किया जाना है। जिसमें से 17426 राशन कार्ड का वितरण सभी उचित मूल्य की दुकानो द्वारा किया जा चुका है। शेष राशन कार्ड का वितरण जारी है। इस प्रकार सामान्य, अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता एवं निःशक्त राशन कार्डो का वितरण किया जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सभी राशन कार्डधारियो से अपील की है कि अपने अपने राशन कार्डो का नवीनीकरण करावा लें। अभी निगम के अधिकारी/कर्मचारी राशन दुकानो में बैठकर राशन कार्ड का वितरण कर रहे है, बाद में परेशानी होगी। नवीनीकृत राशन कार्ड के आधार पर ही कार्डधारी शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली सुविधाओ का लाभ ले सकेगे। वार्ड के पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि राशन कार्ड वितरण में भी सहयोग कर रहे है। नियमानुसार राशन कार्ड प्राथमिकता के अनुसार प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड बनाया जा जाता है।

# महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ 13 विषय विचारार्थ किए गए। प्रथम निगम के जलकार्य विभाग अंतर्गत शिवनाथ इंटरवेल 77, 2.72 एवं 105 एमएलडी जलशोधन संयंत्र का संचालन एवं संधारण कार्य हेतु 82 प्लेसमेंट श्रमिको का जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। इस हेतु अलग-अलग जगह मे पदस्थापना किया जाता है। प्लेसमेंट के माध्यम से श्रमिक उपलब्ध कराने की पूर्व से नस्ती प्रचलित है। जिसका कार्य अवधि अगस्त 2024 में समाप्त हो रही है। इसमे राशि 152.25 लाख (एक करोड़ बावन लाख पच्चीस हजार) की अनुमति प्रदान की गई। इसमें 15 कुशल, 28 अर्घकुशल, 39 अकुशल श्रमिक पूर्व की भांति कार्य करेगें। फिल्टर प्लांट से टंकी तक जोड़ने के लिए मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य जिसकी लागत 193.10 लाख (एक करोड़ तिरानवे लाख दस हजार) कार्यादेश की अनुमति प्रदान की गई। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सी.एण्ड.डी. वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के संबंध में 291.00 लाख (दो करोड़ इन्कानवे लाख) की स्वीकृति प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में उच्चस्तरीय जलगार में डबल वेल्यू सिस्टम करने 141.26 लाख की प्रशासकीय, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ निविदा आमंत्रित करने की पुष्टि महापौर परिषद ने की।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना | | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि | बकाया राशि (रु.) | |
| 67878768 | 1. दूज कुमार साहू, 2. रेखा बाई, | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि आबादी भूमि खसरा नं. 2391 का भाग, प्लॉट सं. 74, क्षेत्रफल 225 वर्ग मीटर, मौजाः बेसिन, पुराना पी.एच. सं. 17, नया पी.एच. सं. 19, आर.आई.सी.-राजिम, तहसीलः राजिम, जिलाः गरियाबंद, रायपुर, छत्तीसगढ़-493992 और चौहद्दीः पूरब में - रामआसरा की भूमि, पश्चिम में - शीतल साहू की भूमि, उत्तर में - गली, दक्षिण में - शीतल साहू की भूमि | 30.03.2024 | रु. 5,13,582.20/- | 09.07.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 31148944 | 1. पुन दास अंचल, 2. योगेश्वरी अंचल | सूची 1: सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि पुराना के एच सं. 1073/2, नया केएच सं. 1073/2केएच, क्षेत्रफल 0.03 एकड़/0.012 हैक्ट. जोकि मौजा चांपा, पी.एच. सं. 4, नगर पालिका चांपा, ब्लॉक- बम्हनीडीह, आर.एन.एम. और तहसीलः चांपा, जिलाः जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़-495556 में स्थित और चौहद्दीः पूरब में- श्रीराम उर्फ सिरिया की भूमि, पश्चिम में - सरकारी भूमि, उत्तर में - दशोदा की भूमि, दक्षिण में - सरकारी भूमि<br>सूची 2: सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि पुराना के एच सं. 1073/2, नया केएच सं. 1073/2के, क्षेत्रफल 0.57 एकड़/0.229 हैक्ट. जोकि मौजा चांपा, पी.एच. सं. 4, नगर पालिका चांपा, ब्लॉक-बम्हनीडीह, आर.एन.एम. और तहसीलः चांपा, जिलाः जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़-495556 में स्थित और चौहद्दीः पूरब में - श्रीराम उर्फ सिरिया की भूमि, पश्चिम में - क्रेता की भूमि, उत्तर में - दशोदा की भूमि, दक्षिण में - क्रेता की भूमि | 30.03.2024 | रु. 19,86,710.76/- | 09.07.2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 09.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़


**पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज एवं पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने नए कानून के बारीकियों को बड़े ही सरल तरीके से समझाया पत्रकारों को**

# नवीन कानूनों के संबंध में पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देशानुसार गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर 6 में नवीन कानूनों के संबंध में पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हुए नवीन अपराधिक कानूनों जिसमे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम को पत्रकारों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराना था, ताकि वे समाज को सटीक और विस्तृत जानकारी प्रदान कर सकें। कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक, दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने नए कानूनों और उनके प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य बिंदुः1. ई -एफ आर आई : पुलिस महानिरीक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक प्रथम सूचना रिपोर्ट के महत्व और प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे यह प्रणाली पेपरलेस और अधिक प्रभावी है। 2.पेपरलेस प्रोसीजरः पत्रकारों को पेपरलेस प्रक्रिया के लाभ और इसके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को तेजी से और पारदर्शी तरीके से निपटाया जा सकता है।
3. सर्च एंड सीजर : पुलिस अधीक्षक ने सर्च और सीजर की नई प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि इन प्रक्रियाओं के दौरान नागरिक अधिकारों का संरक्षण कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। इस कार्यशाला में पत्रकारों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय की गहनता को समझने का प्रयास किया। इस पहल से पत्रकारों को अपने कार्य में अधिक दक्षता और सटीकता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला के अंत में पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक ने सभी पत्रकारों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें नवीनतम कानूनों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उपरोक्त कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, नगर पुलिस अधीक्षक(प्रशिक्षु आई पी एस) चिराग जैन , नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी , उप पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी, थाना प्रभारी भिलाई नगर सहित अन्य जवान शामिल रहे।

## संपादकीय

# मानसून की विभीषिका शहरों में जल भराव

**भारत के शहरों** में मानसून के मौसम में बार-बार जल भराव आम हो गया है, पर अधिकारी इसके समाधान में विफल रहे हैं। मानसून मौसम के साथ हमारे प्रेम व घृणा के संबंध हैं। हर साल भयानक गर्मी से राहत देने तथा खेतों में जान डालने के लिए मानसून की बेसर्बी से प्रतीक्षा होती है। लेकिन इसके आने के बाद भारी मुसीबतें भी आती हैं। इनमें सड़कों पर जल भराव, सामान्य जीवन में बाधा, ट्रैफिक जाम तथा जीवन और संपत्ति का दुर्भाग्यपूर्ण नुकसान शामिल हैं। सिविलियन अधिकारी चाहते हैं कि ऐसी घटनायें न हों। इस साल मुंबई, बैंगलुरू और गुरुग्राम इससे खासतौर से प्रभावित हुए। मानसून से ढांचागत संरचना की चुनौतियां पैदा होती हैं तथा इसके दुष्प्रभाव से बचने के प्रयास किए जाते हैं। भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में मानूसन के मौसम में बाढ़ का लंबा इतिहास है। अक्सर यह शहर सड़कों पर जल भराव, परिवहन व्यवस्थाओं में बाधा तथा घरों के डूबने का सामना करता है। यह साल भी कोई अपवाद नहीं रहा। 'बृहनमुंबई स्टार्मवाटर डिस्पोजल सिस्टम' समेत ढांचागत संरचनाओं में भारी निवेश के बावजूद शहर लगातार बाढ़ की समस्या का सामना कर रहा है। भारी मात्रा में बरसाती जल निकालने वाली व्यवस्था अक्सर विभिन्न कारणों से अपना उद्देश्य नहीं पूरा कर पाती है। इनमें बंद नालियां, अनियोजित शहरीकरण तथा अनुपयुक्त रखरखाव शामिल हैं।




एक समय आनन्ददायक मौसम व हरियाली के लिए विख्यात और 'भारतीय सिलिकान वैली' कहे जाने वाले बैंगलुरू को भी हालिया वर्षों में खतरनाक बाढ़ों का सामना करना पड़ा है। इस मानसून के मौसम में भी वह जल भराव व ट्रैफिक समस्याओं का सामना कर रहा है। प्रमुख तकनीकी केन्द्र तथा आवासीय क्षेत्र पानी में डूबे हैं जिसके कारण दैनिक जीवन तथा बिजनेस गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसकी झीलों में से चार में बाढ़ आई है। इसके कारण आने वाले दिनों में शहर को और मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि मौसम विभाग ने दो दिन भारी बरसात का पूर्वानुमान किया है। बैंगलुरू की बाढ़ के अनेक कारण हैं जिनमें तेज शहरीकरण, झीलों तथा 'स्टार्मवाटर ड्रेनों' पर कब्जा तथा अनुपयुक्त कचरा प्रबंधन शामिल हैं। दिल्ली का प्रमुख उप-नगर गुरुग्राम भी मानसूनी विभीषिका से बचा नहीं है। गुरुग्राम अक्सर मानसून में विशाल झील जैसा लगता है। मजेदार बात है कि गुरुग्राम मुंबई या बैंगलुरू की तुलना में हाल ही में बसा है, पर इसे जल भराव व जल निकासी की उन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वास्तव में इसकी परेशानियों का कारण खराब शहरी नियोजन तथ अधिकारियों की संवेदनहीनता है जो समस्याओं की अनदेखी के आदी हैं। मानसून के मौसम में भारतीय शहरों में बार-बार बाढ़ शहरी नियोजन एवं प्रशासन के बारे में गंभीर सवाल खड़े करती है। सवाल है कि बार-बार बाढ़ आने के बावजूद समस्याओं का समाधान क्यों नहीं होता है? मानसूनी बाढ़ का समाधान कोई 'राकेट साइंस' नहीं है। हमारे पास इससे निपटने के तरीके और संसाधन हैं। अनेक शहरों में वर्तमान जल निकासी व्यवस्था पुरानी पड़ गई है तथा वह मानसूनी बरसात में आने वाले पानी से निपट नहीं पाती है। इसमें सुधार या इनका पुनर्निर्माण किया जा सकता है। लेकिन विखंडित प्रशासन तथा विभिन्न नगरीय एजेंसियों के बीच समन्वय के अभाव से प्रभावी जल प्रबंधन नहीं हो पाता है। अक्सर बाढ़ के मूल कारणों को संबोधित किए बिना नीतियों व योजनाओं का क्रियान्वयन समग्र रूप से नहीं होता है। हमें अतीत से सबक लेकर वर्तमान समस्यायें हल करने का प्रयास करना चाहिए।

# नेपाल में सत्ता परिवर्तन संभव

नेपाल में नए गठबंधन का उद्देश्य लंबे समय से व्याप्त अस्थिरता समाप्त करने के लिए देश का राजनीतिक परिदृश्य बदलना तथा महत्वपूर्ण संवैधानिक सुधार करना है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



नेपाल में नए गठबंधन का उद्देश्य लंबे समय से व्याप्त अस्थिरता समाप्त करने के लिए देश का राजनीतिक परिदृश्य बदलना तथा महत्वपूर्ण संवैधानिक सुधार करना है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड पिछले 18 महीने में पांचवां विश्वास मत प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली की यूएमएल ने वामपंथी गठबंधन को दिया जाने वाला समर्थन वापस ले लिया है। पिछले सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस-एनसी तथा केपी शर्मा ओली की यूएमएल ने आधी रात को 7 सूत्री समझौता किया था। ये देश की सबसे बड़ी तथा दूसरी सबसे बड़ी पार्टियां हैं। दिसंबर, 2022 में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन माओवादी की 'किंग मेकर' भूमिका समाप्त होने के बाद यह चौथी सरकार होगी। एनसी के एक नेता ने मुझे बताया कि समझौते के एक दिन पहले बेचन झा की गिरफ्तारी ने इस समझौते को और गति दे दी।

बेचन झा को भूटानी शरणार्थी घोटाले में संलिप्त बताया गया था जिसका असर एनसी व यूएमल नेताओं पर पड़ा था। इस कारण जहां एनसी गृह मंत्री रवि लामिछाने पर निशाना लगा रही थी, वहीं यूएमएल संसद में उनका बचाव कर रही थी। कहा जाता है कि पोखरा कोआपरेटिव घोटाला मामले ने समझौते को गति दी क्योंकि 'ओली और देउबा भ्रष्टाचार मामलों से बचना चाहते थे।' काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने गिरिबंधु टी इस्टेट भ्रष्टाचार मामले पर तीखी टिप्पणी की थी। केवल दस दिन पहले सरकार ने आठ नए राजदूतों की घोषणा की थी। इनमें भारत में एनसी द्वारा नियुक्त राजदूत शंकर शर्मा भी शामिल थे जो पहले प्रचंड के उस समय वरिष्ठ सहयोगी साझेदार ओली के ऐसे ही प्रयास से बच गए थे।

सात-सूत्री समझौते की मुख्य बात संसद के बाकी बचे 40 महीनों में सत्ता का साझा है। देउबा ने ओली को पहले प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है क्योंकि वे 2027 के आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। उन्होंने मंत्रालयों के साझे पर भी समझौता किया है। इसके अंतर्गत यूएमएल के पास वित्त तथा एनसाी के पास गृह मंत्रालय रहेगा। एनसी और यूएमएल वैसे तो एक दूसरे के घोषित शत्रु हैं और उनकी विचारधारायें अलग-अलग हैं। इन दोनों के नेता बहुत अनुभवी हैं और जेल में भी समय बिता चुके हैं। जहां देउबा पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं, वहीं ओली दो बार नेपाल छोड़ कर भाग चुके हैं। देउबा को भारत का समर्थक माना जाता है और पश्चिम भी उनका समर्थन करता है, वहीं ओली को चीन-समर्थक माना जाता है, हालांकि वे दिल से कट्टर कम्युनिस्ट होने के बजाय लोकतंत्रवादी हैं।

नेपाल में 2008 में अंतरिम संविधान के अंतर्गत बहुदलीय व्यवस्था में चुनाव होने के बाद से ही राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। नेपाल के 16 सांसद पिछले 16 साल में कई बार पार्टियां बदल चुके हैं। यह प्रवृत्ति 2015 में संघीय, लोकतांत्रिक गणतंत्र संविधान लागू होने के बाद भी जारी है। वर्तमान चुनाव व्यवस्था में त्रिशंकु संसद बनती है। संभवत: इस समस्या से निपटने के लिए संविधान बदल कर राष्ट्रीय सहमति सरकार बनाने का लक्ष्य है जिसे 275 सांसदों वाले सदन में 184 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत प्राप्त होगा। यह 110 सीटों के लिए समानुपातिक प्रतिनिधित्व व्यवस्था-पीआर समाप्त करने की पैरवी करेगी, उच्च सदन में परिवर्तन करेगी, नेपाल को 'हिंदू राष्ट्र' घोषित करेगी तथा संघीय व्यवस्था भी समाप्त कर देगी। इन संभावित परिवर्तनों के बारे में काठमांडू में अफवाहें फैल रही हैं। लेकिन इनसे एक संदेश स्पष्ट है कि 20 या 30 विधि निर्माताओं की कथित 'किंग मेकर' वाली भूमिका से दोनों प्रमुख पार्टियां स्वयं को हाशिए पर धकेलना सहन करने को तैयार नहीं हैं।

दस साल तक 'पीपुल्स वार' का नेतृत्व करने तथा परिवर्तनकारी संविधान संशोधनों को लागू कराने वाले प्रचंड भी कोई नौसिखिया नहीं हैं। वे सत्ता पसंद करते हें और इसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण टॉनिक मानते हैं। हालांकि, उनकी पार्टी की चुनावी सफलतायें कमजोर हो रही हैं, पर उन्होंने सुर्खियों में बने रहने में सफलता पाई है। 167 के बहुमत वाले प्रस्तावित वाम-मध्य गठबंधन के बावजूद प्रचंड ने नैतिक आधार पर पराजय मानने से इनकार कर दिया है। उनको उम्मीद है कि संविधान के अनुच्छेद 76-2 के अंतर्गत सरकार गठित होने के कारण राष्ट्रपति रामचंद्र पोडियाल अनुच्छेद 76-3 के आधार पर सबसे बड़ी अकेली पार्टी के नेता देउबा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं जिससे ओली प्रधानमंत्री पद से वंचित हो जाएंगे। प्रचंड तथा दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री व पहले यूएमएल में रह चुके माधव नेपाल ओली से घृणा करते हैं और वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि वे दूसरी बार प्रधानमंत्री न बन सकें। वरिष्ठ एनसी नेता शशांक कोईराला ने कहा था कि एनसी-यूएमएल गठबंधन विपक्षी शक्तियों को कमजोर करेगा।

एनसी के एक और सर्वोच्च नेता शेखर कोईराला ने कहा है कि सरकार का गठन विधिक रूप से अनुच्छेद 76-2 के बजाय अनुच्छेद 76-3 के अंतर्गत होगा। इससे आधी रात को हुआ समझौता टूट जाएगा और यह सुनिश्चित होगा कि पहले देउबा प्रधानमंत्री बनें, जबकि प्रचंड उनको पूरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद देने को तैयार हैं। इससे एनसी, सीपीएन-एम व छोटी पार्टियों का गठबंधन बना रहेगा जो मार्च तक एक साल शासन कर चुका है। चूंकि पोडियाल की नियुक्ति एनसी ने सीपीएन-एम के समर्थन से की थी, इसलिए उनसे 76-2 को खारिज कर 76-3 लागू करने के लिए कहा जा सकता है। एनसी में बहुत से लोग वर्तमान समझौते से असंतुष्ट हैं।

नेपाल की वर्तमान राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए स्पष्ट है कि इस बार प्रचंड नीत सरकार गिरने के पीछे चीन या भारत का हाथ नहीं होगा। हालांकि, काठमांडू में ये अफवाहें व्यापक रूप से फैली हुई हैं कि भारत चीन-प्रेरित वाम गठबंधन सरकार से खुश नहीं था। चीन ने नेपाल में राजशाही के खिलाफ उथलपुथल पैदा होने के बाद से ही नेपाली राजनीति को प्रभावित करने के सभी प्रयास किए हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने नेपाल की सभी वामपंथी पार्टियों को एकजुट करने के लगातार प्रयास किए थे। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने सभी वामपंथी पार्टियों को यूएमएल के करिश्माई नेता स्वर्गीय मदन भंडारी की पत्नी व पूर्व राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के नेतृत्व में एकजुट करने का प्रयास किया था, लेकिन ओली ने इस विचार को अस्वीकार कर दिया। चीन सरकार तथा खासकर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को नेपाल में वामपंथी गठबंधन लंबे समय तक न बने रहने से घोर निराशा हुई थी। इसका कारण नेपाली नेताओं व खासकर नेपाली वामपंथी नेताओं की अपनी महत्वाकांक्षायें थीं। लेकिन चीन ने इसका दोष भारत पर मढ़ दिया था। हालांकि, नई दिल्ली भी काठमांडू में ओली को प्रधानमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहती थी, पर चीन उनको लगातार वामपंथी गठबंधन में मजबूती से बनाए रखने के सारे प्रयास कर रहा था।

वर्तमान में नेपाल में राष्ट्रीय सहमति सरकार के लिए दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करना कठिन नहीं होगा क्योंकि एनसी व यूएमएल के कुल मिला कर 167 विधि निर्माता हैं। लेकिन इसके अलावा नेपाल में राजनीतिक स्थिरता लाने के उद्देश्य से किए जाने वाले संविधान संशोधन के लिए 17 और विधि-निर्माताओं की आवश्यकता होगी। नेपाल की अनेक छोटी पार्टियां भी राजनीतिक स्थायित्व के पक्ष में हैं और वे संभावित राष्ट्रीय सहमति सरकार बनाने के पक्ष में एकजुट हो रही हैं। लेकिन अनेक मुख्य सवाल बने हुए हैं।

पहला सवाल यही है कि एनसी नेताओं द्वारा लामीछाने के खिलाफ भ्रष्टाचार अभियान का क्या होगा जिनका बचाव ओली और प्रचंड कर रहे हैं? यूएमएल द्वारा एनसी-समर्थक राजदूतों का क्या होगा? क्या ओली देउबा के साथ वही करेंगे जो उन्होंने प्रचंड के साथ किया था और सत्ता-साझा समझौते का सम्मान नहीं करेंगे? क्या विपरीत ध्रुवों वाली सरकार बनी रह सकती है या जल्द ही गिर जाएगी?

# धरती माँ का श्रृंगार और हरियाली का जतन : एक पेड़ माँ के नाम

> धरती को उर्वरा, मौसम को खुशनुमा, स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण रहित हवा, जलस्रोत को बढ़ावा और जल-जमीन-जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी हम सबकी सहभागिता से पूरी होगी। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें एक पेड़ माँ के नाम को अपनाना होगा।

**भारतीय** संस्कृति में माँ सदैव पूजनीय रही हैं। माँ की महिमा को अलग-अलग धर्मों में विभिन्न तरीकों से वर्णित किया गया है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों से आव्हान किया है कि आओ, माँ के नाम एक पेड़ लगाएं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुधारना और धरती माँ को हरियाली से सजाना है।

भारत भूमि पर पेड़-पौधों का महत्व हमारे धर्मग्रंथों में व्यापक रूप से वर्णित है। जिस तरह अलग-अलग अंचलों में विभिन्न बोली-भाषाओं का चलन है, उसी प्रकार यहाँ विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे भी पाए जाते हैं। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस पहल को साकार करने के लिए हर व्यक्ति माँ के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए।

धरती माँ का श्रृंगार हरियाली में निहित है। हमारी धरती को माँ के रूप में माना गया है और माटी को भी माँ का दर्जा दिया गया है। छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने अनुपम सौगात दी है, जहाँ लगभग 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। सरगुजा संभाग हरियाली का मुकुट धारण किए हुए है और बस्तर अंचल हरियाली के श्रृंगार से सजा हुआ है। यहाँ के मोहला और गरियाबंद के जंगल भी मानव मन को मोह लेते हैं।



इस समय प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम पर वन विभाग सहित शासकीय, अशासकीय संस्थाओं और समितियों द्वारा पौधारोपण जोर-शोर से किया जा रहा है।

धरती को उर्वरा, मौसम को खुशनुमा, स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण रहित हवा, जलस्त्रोत को बढ़ावा और जल-जमीन-जंगल और जीवों के जतन की जिम्मेदारी हम सबकी सहभागिता से पूरी होगी। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए हमें एक पेड़ माँ के नाम को अपनाना होगा।

परिवार के हर सदस्य को एक पौधा रोपण करने की आवश्यकता है और छोटे बच्चों की तरह देखभाल करनी होगी। जब यह पौधा पेड़ बनेगा, तो यह प्राणवायु के साथ फल देगा, माँ के आँचल की तरह इसके पत्ते लहलहाएँगे, पेड़ों में चिड़ियों का वास होगा और उनकी चहचहाहट सुनने को मिलेगी। इससे वर्तमान और नई पीढ़ी पेड़-पौधों की महत्ता को समझ सकेगी।

आओ, हम सब मिलकर इस पहल में भाग लें और धरती माँ को हरियाली का श्रृंगार पहनाएँ। एक पेड़ माँ के नाम लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएँ। इससे न केवल धरती हरी-भरी होगी, बल्कि हमारा भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

**-एल.डी. मानिकपुरी,** सहायक जनसंपर्क अधिकारी

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सद्भाव और योगदान की एक कहानी

भारत, एक ऐसा राष्ट्र जो अपनी समृद्ध संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों के लिए जाना जाता है, एक विविध आबादी का घर है, जिसमें लाखों मुस्लिम भी शामिल हैं, जिन्होंने इसके सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनमें से, शांतिप्रिय भारतीय मुस्लिम सद्भाव के आदर्शों के प्रमाण के रूप में खड़े हैं। सह-अस्तित्व और राष्ट्र की प्रगति में रचनात्मक भागीदारी। भारत में इस्लाम का इतिहास एक सहाब्दी पुराना है, जो सांस्कृतिक संश्लेषण और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के कालखंडों से चिह्नित है। मुगल साम्राज्य के ताज महल जैसे वास्तुशिल्प चमत्कारों से लेकर समावेशिता और आध्यात्मिकता की सूफी परंपराओं तक, भारतीय मुसलमानों ने उपमहाद्वीप की विरासत को आकार देने में अभिन्न भूमिका निभाई है। यह विरासत आधुनिक भारत में भी जारी है, जहां मुसलमान शांति और एकता पर जोर देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करते हैं

भारतीय मुसलमानों ने अनेक महान विभूतियों को जन्म दिया है जिनका जीवन शांति और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का प्रतीक है। भारत के ÷मिसाइल मैन÷ और प्रिय पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम इसका प्रमुख उदाहरण हैं। एयरोस्पेस विज्ञान में उनके काम और भारत के भविष्य के लिए उनके दृष्टिकोण ने देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इसी तरह, स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने शैक्षिक सुधारों और सांप्रदायिक सद्भाव की वकालत की। इन प्रमुख हस्तियों से परे. शांतिप्रिय भारतीय मुसलमानों का रोजमर्रा का योगदान गहरा है। शहरों और गांवों में, मुसलमान कृषि और छोटे व्यवसायों से लेकर शिक्षा और प्रौद्योगिकी तक विभिन्न व्यवसायों में संलग्न हैं। दयालुता, सामुदायिक सेवा और अंतर-धार्मिक संवाद के उनके रोजमर्रा के कार्य आपसी सम्मान और समझ की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। उदाहरण के लिए, सीओवीआईडी -19 महामारी के दौरान, कई मुस्लिम संगठनों और व्यक्तियों ने धार्मिक आधार पर राहत प्रदान करने के लिए कदम बढ़ाया, जिससे मानवता के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता उजागर हुई। मूल्य. हमदर्द नेशनल फाउंडेशन जरूरतमंद लोगों को उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना चिकित्सा सहायता, खाद्य आपूर्ति आदि प्रदान करने का एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

भारतीय मुस्लिम जीवन अक्सर सांस्कृतिक समन्वयवाद की विशेषता रखता है, जहां इस्लामी परंपराएं स्थानीय रीति-रिवाजों के साथ सहजता से मिश्रित होती हैं। साझा सांस्कृतिक लोकाचार को दशार्ते हुए, ईद जैसे त्यौहार दिवाली के समान ही उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। भारत की कला, संगीत और व्यंजन इस संश्लेषण को दशार्ते हैं, कव्वाली संगीत, मुगलल व्यंजन और उर्दू कविता व्यापक भारतीय संस्कृति को समृद्ध करते हैं। उनके योगदान के बावजूद, भारतीय मुसलमानों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें सामाजिक-आर्थिक असमानताएं और कभी-कभार सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं शामिल हैं। हालाँकि, समुदाय का लचीलापन और शांति के प्रति प्रतिबद्धता अटूट रही है। समुदाय के भीतर जमीनी स्तर की पहल और गैर सरकारी संगठन शैक्षिक उत्थान, कौशल विकास और अंतरधार्मिक संवाद की दिशा में सक्रिय रूप से काम करते हैं, विभाजन को पाटने और समावेशिता को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। शांतिप्रिय भारतीय मुस्लिम की कहानी विविध समाज में सद्भाव की क्षमता का एक शक्तिशाली अनुस्मारक है। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, इस विविधता को अपनाना और उसका जश्न मनाना इसकी निरंतर प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरधार्मिक संवाद को प्रोत्साहित करना, समावेशी नीतियों का समर्थन करना और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की कहानियों को उजागर करना एक अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में मदद कर सकता है। भारतीय मुसलमान भारत के बहुलवादी लोकाचार की भावना का प्रतीक है। उनका योगदान, ऐतिहासिक और समकालीन दोनों, शांति, प्रगति और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इन योगदानों का जश्न मनाने और स्वीकार करने में, हम न केवल अपनी राष्ट्रीय पहचान के एक महत्वपूर्ण हिस्से का सम्मान करते हैं, बल्कि आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

**- रेशम फातिमा,** अंतरराष्ट्रीय संबंध जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

# व्यापारियों के निर्माणाधिन कॉम्प्लेक्स में चला प्रशासन का बुलडोजर

## व्यापारी समेत विधायक और पूर्व विधायक ने किया कार्यवाही का विरोध, गुरुर नगर और कलेक्ट्रेट हुआ छावनी में तब्दील, 6 बुलडोजर से दुकानों को किया गया ध्वस्त

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com






जिले के गुरूर नगर पंचायत में शुक्रवार सुबह साढ़े 5 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब नगर के हृदय स्थल बाजार क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा व्यापारियों के निर्माणाधीन दुकानों में बुलडोजर चलाया गया देखते ही देखते यहां लोगो की भारी भीड़ एकत्र हो गई। प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह कार्य किया जा रहा था। मौके पर एडिशनल एसपी अशोक जोशी, गुरुर एसडीएम पूजा बंसल, गुंडरदेही एसडीएम सुरेश साहू, डीएसपी राजेश बागड़े, एसडीओपी देवांश राठौर, गीता वाधवानी समेत पुलिस का भारी सुरक्षा बल मौजूद रहा। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा भी वहा पहुंचे। दोनो ने व्यापारियों का पक्ष लेते हुए इस तोड़ फोड़ कार्यवाही का जमकर विरोध किया। इन दोनो का तेवर ही अलग रहा। संगीता सिन्हा बुलडोजर के ऊपर चढ़कर कार्यवाही का विरोध किया। यही नहीं व्यापारी और उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उक्त कार्यवाही से व्यापारी अपना आंसू नहीं रोक पाए और फफक-फफक कर रोने लगे। बता दे कि यहां बाजार के समीप 47 निर्माणाधीन दुकानों में से 43 दुकानों को सुबह बुलडोजर से ढहाया गया। वही 4 दुकानों को नही तोड़ा गया। जिसकी वजह से विधायक और व्यापारियों ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। पिछले कई सालो से यहां पर व्यापारी कच्चे दुकानों में अपना व्यापार कर रहे थे। नगर पंचायत को टैक्स भी जमा कर रहे थे। अब इन दुकानों को व्यापारियों द्वारा पक्का निर्माण किया जा रहा था। अतिक्रमण बताकर निर्माण को अवैध मानते हुए प्रशासन ने यह बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की। इसके पहले व्यापारियों को नोटिस भी दिया गया था। बता दे कि गुरुवार को ही व्यापारी एवं विधायक मामले को लेकर विरोध पर बैठे थे। लेकिन प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुक्रवार सुबह सुबह ही बुलडोजर चला दिया। 6 बुलडोजर से दुकानों को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई हैं। और यह कार्यवाही करीबन 4 से 5 घँटे तक चली।

### कलेक्टर से मिलने पहुचे व्यापारी और विधायक

विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्हें पुलिस द्वारा गेट के बाहर ही रोक दिया गया। गेट को बंद कर दिया गया। इनके आने के पहले ही कलेक्ट्रेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। मुख्य द्वार पर बड़ी संख्या में पुलिस व बल मौजूद रहे। विधायक संगीता ने कहा कि हम जब कलेक्टर से मिलने की अनुमति लेकर यहां पहुंचे हैं और उन्होंने 12 बजे मिलने का समय दिया है, फिर भी पुलिस प्रशासन के द्वारा इस तरीके से हमें रोकना की कहां की बात है। फिर संगीता सिन्हा ने कलेक्टर से फोन में बात की और कलेक्टर 10 मिनट के बाद कलेक्ट्रेट अपने चेंबर पहुंचे। जहां विधायक और पूर्व विधायक के साथ व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मुलाक़ात कर चर्चा किए और उन्होंने फूल भेंटकर गुरुर नगर के सारे अतिक्रमण को तोड़ सीमांकन कराने की मांग रखी। व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा निर्माणाधीन दुकानों को अवैध करार देते हुए तोड़े जाने पर दुख जताते हुए गुरूर नगर में जितने भी अति  मण हुए है, उसे तोड़े जाने की मांग रखी। पूरे गुरुर नगर पंचायत का सीमांकन करने कहा गया। और नगर भर के अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करने की भी मांग की गई। इस पर कलेक्टर ने नगर की सीमांकन कराने की बातो पर जोर दिया, साथ ही व्यापारियों को वहा पर पक्का निर्माण न कराकर टीन शेड से कच्चे निर्माण कराकर व्यवसाय करने की बात कही।

### प्रशासन की दादागिरी- संगीता

कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने प्रशासन और बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर बीजेपी का दबाव है। उनके दबाव में यहां पर शासन काम कर रही है। संगीता ने आरोप लगाया कि एसडीएम को किसी का फोन आया और उन्होंने तत्काल तोड़ने के ऑर्डर दे दिए। जब एसडीएम से कार्यवाही रोकने कहा गया तो उन्होंने साफ कहा कि ऊपर से आदेश है हम तोड़ेंगे। संगीता ने कहा कि प्रशासन दादागिरी कर रही है। वही संगीता कहा कि मैं भाजपा पार्टी के गुंडे लोगों से बोलना चाहती हूं, उस तरह से दादागिरी न करें। तोड़ने के पहले व्यापारियों को नोटिस नहीं दिया गया, सीधे कार्रवाई की जा रही है। यह कॉम्प्लेक्स व्यापारियों की भविष्य के लिए था। यहां पर कई जगह पर अवैध निर्माण है, नगर पंचायत अवैध बना हुआ है, तहसील में भी भी भारी अति  मण है। उन्हें प्रशासन नहीं तोड़ सकती, लेकिन व्यापारी हित के लिए बने कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। गरीब लोगों के पेट पर लात मारने का काम यहां पर प्रशासन कर रही है।

### लोगों ने महिला पार्षद को घेरा, भाजपा कार्यालय के बाहर हंगामा

दुकानों के ध्वस्त होने से प्रभावित गुस्से में लोग भाजपा कार्यालय पहुंचे और हाथों में पत्थर लिए थे। इस दौरान पुलिस ने आंदोलनकारी से पत्थर छीनी और उन्हें वापस भेज दिया। इसके बाद वार्ड के पार्षद के घर तक महिलाएं पहुंच गईं। उनके साथ धक्का मुक्की भी करने लगी। जिससे पार्षद कुंती सिन्हा बेहोश हो गई। भाजपा ने आरोप लगाया है कि जिस समय बुलडोजर से दुकानों को तोड़ा जा रहा था तो उस समय कुछ लोगों के द्वारा पार्षद से झूमाझटकी कर मारपीट की गई है और साथ ही भाजपा कार्यालय में भी भीड़ के द्वारा कार्यालय में बैठे लोगों को मारने का प्रयास किया गया।
महोदय जी.

### सप्ताह भर में होगा गुरुर नगर का सीमांकन

गुरुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष संतोष टावरी एवं अन्य व्यापारियों में कलेक्टर को आवेदन सौप कहा कि प्रशासन द्वारा लगभग 6 जेसीबी का उपयोग अति  मण हटाने में किया गया। परन्तु दुर्भाग्य से कुछ व्यक्ति त विशेष व विशेष स्थान का अति  मण हटाया गया है जबकि उक्त स्थान के आस-पास व नेशनल हाईवे 930 गुरूर में ही अन्य व्यक्ति यों के अवैध कब्जे व अति  मण है। जिन्हें नहीं हटाया गया है। इसी प्रकार गुरूर नगर पंचायत सीमा में भी अन्य लोगो के अवैध कब्जे है। जिन्हें नहीं हटाया गया है। जिससे कि यह स्पष्ट दर्शित होता है कि प्रशासन द्वारा राजनीतिक पहुँच के व्यक्ति यों द्वारा कुछ विशेष लोगो को ही टारगेट में लेकर ही उनका कब्जा ढहाया गया है। जबकि पूर्व में कोई सूचना या अवसर प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार मुख्य मार्ग गुरूर में बीजेपी का कार्यालय जो कि प्रदान किये गए रकबा से कही ज्यादा रकबा पर अति  मण कर अवैध निर्माण किया गया है तथा उक्त अवैध निर्माण कर उसमें दुकान संचालित कर किराये में देकर अवैध रूप से कमाई की जा रही है। पूर्व में इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए सप्ताह भर के भीतर गुरुर नगर का सीमांकन हो।

# प्रतिभागी अपने खेल कौशल का बेहतर प्रदर्शन करें : पांडेय

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन वनांचल के केन्द्रबिन्दु कुई कुकदूर के हाई स्कूल के मैदान में किया गया ।जिसमें कबड्डी बालक बालिका के तीनो आयु वर्गो में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन से सबको आकर्षित किया । परंपरागत खेल कबड्डी का यह खेलकूद दो दिवसीय रहा ,जिसमे प्रथम दिवस बालक वर्ग एवम द्वितीय दिवस बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किए ।विकासखंड स्तरीय इस खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिला स्तर में अपना कौशल दिखाएंगे । इस प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में क्षेत्र के प्रतिष्टित नागरिक, खिलाडी एवम पूर्व प्राचार्य शतानंद पांडेय नेबेहतर खेल के प्रदर्शन के लिए आशीर्वचन दिया एवम अभी हाल में ही शासकीय सेवा से अपने अधिवार्षिकी पूर्ण करने वाले वरिष्ट पी टी आई अजीज खान एवम राकेश पी नाथ को उनकी सेवाओ को याद करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह ,शाल देकर सम्मानित किए । द्वितीय दिवस की खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया ।खंड शिक्षा अधिकारी जी पी बनर्जी ,बी आर सी अर्जुन चंद्रवंशी ,क्रीड़ा प्रभारी अश्वनी चंद्राकर ने प्रतियोगिता स्थल कुकदूर पहुँच कर बच्चो का उत्साहवर्धन किये व शुभकामनाएं दी ।संस्था प्रमुख रमेश सिंह पोर्ते, संकुल समन्वयक सभाजीत सिंह ,विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी व स्टाफ के साथ सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई ।इस अवसर में पी टी आई दिनेश वर्गीस ,रमेश चंद्राकर ,राजेश शुक्ल,महेश बरेठ ,मुकेश साहू , मोहन साहू,कोमल धृतलहरे ,हलधर राजपूत ,राजर्षि पांडेय ,एवम ग्रामवासी ,पालक व खेलप्रेमी उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मितानिनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का किया अंतरण

## जिले में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरुआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। जिला मुख्यालय बेमेतरा में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किया गया । इस अवसर पर ज़िला चिकित्सालय में ज़िले के करीब 50 मितानिन सम्मिलित हुए उनमें से 5 मितानिनों को उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशस्त्री पत्र जनप्रतिनिधियों प्रमुख अतिथियों रामानंद त्रिपाठी जिला संयोजक सांकृतिक प्रकोष्ट, प्रफुल्ल शर्मा जिला संयोजक जन सूचना अधिकार प्रकोष्ठ, नीतू कोठारी पार्षद,नीलू राजपूत पार्षद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर मितानिन दीदियों को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन योजना की तर्ज पर सभी मितानिनों के खाते में एक साथ प्रोत्साहन राशि आने की सुविधा से सभी मितानिनो की खुशी की लहर दिखी साथ ही इससे प्रोत्साहन वितरण में और अधिक पारदर्शिता होगी। ज़िला चिकित्सालय के इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# नई दिल्ली में यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित हुए जिले के पत्रकार संजय यादव

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



देश की राजधानी दिल्ली में यूथ पार्लियामेंट और पेड लीव पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पत्रकार संजय यादव को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन 5 जुलाई को नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया। जिसमें 14 देशों के डेलीगेट्स भी शामिल हुए। वहीं यूथ पार्लियामेंट में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं ने अपना अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में जनादेश फाउंडेशन द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में बेहतर कार्य करने वाले युवाओं को यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया। इस दौरान कबीरधाम जिले में जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाने वाले पत्रकार संजय यादव को भी यूथ पार्लियामेंट अवार्ड से नवाजा गया। बता दें कि पत्रकार संजय यादव पिछले 8 साल से लगातार जिले से लेकर राजधानी रायपुर में पत्रकारिता के क्षेत्र में सेवाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय से संबद्ध अग्रसेन महाविद्यालय में पत्रकारिता की पढ़ाई की है। युवा पत्रकार के इस उपलब्धि से जिले के पत्रकार जगत में हर्ष व्याप्त है।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत  11 जुलाई को नगर पालिका दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 24 में स्थित टाउन हॉल परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर  एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने पौधा रोपण  किया । नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि  आप अपने घर के आंगन, खेत में, अपने बगीचे में पौधे लगाए। यह अभियान देश के सभी शहर और गांवों को प्रेरणा देता रहेगा । मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने कहा कि जल संग्रहण में उपयोगी है, जलवायु परिवर्तन को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को पूरी दुनिया अपना रही है। इस अभियान में हिस्सा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं । इस अवसर पर, नगर पालिका  विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा,पी आई सी के सदस्य रोशन पटेल, रुखसाना बेगम, श्रुति यादव, विजयलक्ष्मी पार्षद चंद्र प्रकाश बोरकर,बृजमोहन सिंह नेताम, पूर्व पार्षद चिन्नामल,स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# चिखलाकसा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रोपे फलदार पौधे



**दल्लीराजहरा।** एक पेड़ माँ के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी के आह्वान पर चिखलाकसा आंगन बाड़ी में समस्त कार्यकर्ता को फलदार व छायादार वृक्षों को मुख्यअतिथि नगर पंचायत चिखलाकसा के उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैय्यद के हाथों से वितरण किया गया। इब्राहिम ने कहा मेरा हर एक व्यक्ति से अपील है एक पेड़ माँ के नाम पर सभी कोई लगाये जिससे वातावरण दूषित होने से बचेंगा। हमने कोरोना काल में आक्सीजन की कमी से कितनों की मृत्यु होते देखा है दोबारा ऐसा दिन ना आए इसलिए पेड़ लगायें सारा जहां हरा भरा हो जाये। जिसमें उपस्थित सेक्टर सुपर वाइजर सरोज सहारे, कार्यकर्त्ता निशा मरकाम, अनीता, सविता विश्वास, माधुरी रथ, फूलबाशन, वीणा धनकर, मनीषा, अर्चना, तुलेशवरी आदि लोग सम्लित हुए ।

# जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक जारी हैं स्टॉप डायरिया अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा हैं। 0-5 वर्ष आयु के बच्चों में कम रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण डायरिया से बच्चों को जान का खतरा बना रहता है, इससे बचाव के लिए 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चों को स्टॉप डायरिया अभियान 2024 के तहत ए.एन.एम., मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा 02 ओ.आर.एस. के पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया जा रहा है, इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं मितानिन दीदी द्वारा गृह भेंट व पारा बैठक में ओ.आर.एस. बनाने की विधि व पिने की मात्रा के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आर.बी.एस.के टीम द्वारा आंगनबाड़ी व स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने व हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन कर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रत्येक बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह से ओ.आर.एस. व जिंक की गोली का सेवन करने के लिए अपील किया गया ताकि जिले का कोई भी बच्चा डायरिया से पीड़ित ना हो।

# खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जल भराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली के अंतर्गत अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी-अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई, 2024 है। योजनांतर्गत जिले में खरीफ फसल हेतु धान-सिंचित, धान-असिंचित, मक्का, अरहर, सोयाबीन, मूंग, उड़द, मूंगफली, कोदो, कुटकी व रागी फसलें अधिसूचित हैं, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जावेगा। धान, सोयाबीन व मक्का फसल के लिए बीमा इकाई ग्राम निर्धारित किया गया है। शेष समस्त अधिसूचित फसलों हेतु राजस्व निरीक्षक मंडल को बीमा इकाई निर्धारित किया गया है' इस वर्ष भी बीमा के दिशा-निर्देश प्रावधान अनुसार ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में स्वेच्छा पूर्वक शामिल होंगे। अधिक जानकारी के लिए समस्त कृषक बंधु क्रियान्वयक बीमा कंपनी बजाज एलायंज कम्पनी लिमि. के टोल-फ्री नम्बर 18002095959 एवं फार्म मित्र एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर बीमा से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत जिले में किया जा रहा सघन पौधरोपण का कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




प्रदेशव्यापी 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत जिले में सघन रूप से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय विभागों के अलावा समाज के सभी वर्गों के लोग पेड़-पौधों के महत्व को समझते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसके अंतर्गत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदूम में आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर पहुँचकर आम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण तथा सम्पूर्ण जीव-जगत के लिए पेड़-पौधों के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए सभी लोगों को अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने तथा पेड़-पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के अंतर्गत मौके पर उपस्थित महिलाओं, ग्रामीणों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को जीवन में पानी की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी देते हुए सभी लोगों को पानी की बचत, संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सबसे साथ मिलकर जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की अपील भी की। इस दौरान मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भी आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में पौध रोपण किया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें-मुन्हें बच्चों से आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण बातचीत कर उनका हालचाल पुछा। कलेक्टर ने बच्चों से उनके एवं उनके माता, पिता का नाम, प्रतिदिन उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र में दी जाने वाली भोजन, नाश्ता इत्यादि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल के मधुर एवं स्नेहपूर्ण बातचीत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस दौरान कलेक्टर ने कुपोषण से बाहर निकलकर सामान्य श्रेणी में आने वाले दो बच्चों को स्वच्छता किट भी प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को टॉफी भेंटकर शुभकामनाएं दी। चन्द्रवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा बच्चों को बेहतर परिवेश एवं सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के मुखबधिर बच्ची कुमारी परीधि के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके ईलाज आदि के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्र में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'मोर लईका, स्वस्थ लईका' अभियान के अंतर्गत मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के चार्ट का भी अवलोकन किया। इस चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोई कक्ष में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्था एवं रसोई कक्ष में रखे गए खाद्यान साम्रगियों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं से बातचीत कर उनका हालचाल पुछा। चन्द्रवाल ने  इन महिलाओं से महतारी वंदन योजना एवं सामाजिक पेंशन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीण महिलाओं ने इन योजनाओं के अंतर्गत उनके खाते में प्रत्येक माह निर्धारित  राशि जमा हो जाने की जानकारी दी।

# बी.एस.सी.नर्सिंग भर्ती परीक्षा 14 जुलाई को, 1440 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

**बेमेतरा।** छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 14 जुलाई दिन रविवार को प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से 12:15 बजे तक बी.एस.सी. नर्सिंग भर्ती परीक्षा 2024 आयोजित है। जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत कुल 1440 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 04 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शास.पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शास. कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

# एनटीपीसी क्षेत्र छपोरा के खेतों में देखे गए हाथियों के पांव के निशान, रौंद दिया है उगते धान के पौधों को, किसान चिंतित

- **तीन दिनों से जिला मुख्यालय से लगे गांव में कर रहे विचरण, गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बीते तीन दिनों से अपने दल से भटके दो गजराज विचरण कर रहे हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। हालांकि इन गजराजों के द्वारा अब तक क्षेत्र में अभी तक किसी प्रकार की नुकसान नही किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बडगांव के जंगलों में विचरण करने हाथियों के दल से भटककर दो हाथी मंगलवार की सुबह दनौट- उर्दना होते हुए मंगलवार की सुबह-सुबह रामपुर नगर वन की पहाड़ी में आ पहुंचे थे। शहर के करीब हाथी की मौजदूगी के चलते वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया था साथ ही साथ शहरवासी भी भयभीत हो गए थे। दिन भर दो हाथी पहाड़ी में रहे और फिर शाम होते ही पहाड से उतरकर आमापाल क्षेत्र जा पहुंचे यहां भी दोनों हाथी राम भर रहने के पश्चात अगले दिन सुबह-सुबह लामीदरहा, इंदिराविहार, पंडरीपानी, जुर्डा होते हुए ओडिसा के जंगलों में चले गए थे जिसके बाद वन विभाग के साथ-साथ शहर के लोगों ने राहत की सांस ली थी।

**एनटीपीसी के करीब पहुंचे हाथी**–ओडिसा के जंगलों में रात भर विचरण करने के बाद गुरूवार की सुबह दोनों हाथी एनटीपीसी के करीब ग्राम छपोरा में दस्तक देते ही यहां के भी ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया। पहली बार छपोरा में हाथी आने से जहां उन्हें देखने लोगों की भी भारी भीड़ जुट गई थी।

**काट दी गई विद्युत लाइन**–गांव के ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत विभाग के द्वारा कुछ देर के लिये लाइन काट दी गई थी। दोनों हाथी के छपोरा में विचरण करने के पश्चात नेतनागर पहुंचे गएजिसके बाद वहां के भी ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया और नेतनागर में भी कुछ घंटों के लिये विद्युत लाइन काट दी गई थी।

**वन विभाग की टीम रही मौजूद**–नेतनागर के ग्रामीणों ने बताया कि दोनों हाथी काफी घंटे तक गांव में ही मौजूद रहे साथ ही साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रहकर उन्हें रिहायशी इलाकों से दूर भगाने में जुटे रहे। अंदेशा जताया जा रहा था कि ये दोनों हाथी मेडिकल कालेज या फिर गुडगहन तरफ जा सकते थे लेकिन दोनों हाथी फिर से छपोरा पहुंच गए हैं।

**गांव में की जा रही मुनादी**–बताया जा रहा है कि शाम साढ़े 5 बजे के करीब दोनों हाथी फिर से छपोरा पहुंचे गए हैं और क्रशर के पास ही विचरण कर रहे हैं। गांव में हाथी की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग के द्वारा गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण है जरूरी: डीएफओ कश्यप

### एक पेड़ मां के नाम: अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

- **वन परिक्षेत्र बिहारपुर के स्टाफ और नर्सिंग कालेज के बच्चों ने लगाये पौध**

पायनियर संवाददाता ✓ एमसीबी
www.dailypioneer.com



जिले में वन परिक्षेत्र बिहारपुर द्वारा स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिये के.बी. पटेल नर्सिंग कालेज सरभोका के परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत बच्चों से वृक्षारोपण कराया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने फलदार और छायादार पौधे लगाये। दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए पीएम मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के दौरान लोगों से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी।

**पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश**– वन मण्डल मनेन्द्रगढ़ के वनमंडलाधिकारी मनीष कश्यप भी पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की सरभोका में के.बी.पटेल नर्सिंग कॉलेज और वन परिक्षेत्र बिहारपुर की टीम के संयुक्त प्रयास से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी बच्चों को अपनी मां के नाम पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने की हिदायत दी गई। प्रशासन की ओर से सभी को पेड़ लगाने की अपील की जा रही है। देश मे दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। इसका एकमात्र उपाय है की वन क्षेत्र में वृद्धि करना। वृक्षों की संख्या जितनी ज्यादा बढ़ेगी लोगों को उतनी ही गर्मी से राहत मिलेगी। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर लवकुश पाण्डेय ने कहा की "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण किया गया। संस्था का हर एक बच्चा अगर एक पौधा लगाएगा तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी। पेड़-पौधे से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की है।

सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरुर लगाएं, क्योंकि दुनिया में सबसे अनमोल रिश्ता मां से होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। पीएम मोदी की अपील के बाद पूरे देश में लोग मां के नाम पेड़ लगा रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी वन मण्डल मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप, वन परिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर लवकुश पाण्डेय, द्वारिका नाथ सिंह, राकेश सिंह, उदयभान सिंह, अरविंद राय के साथ के बी पटेल नर्सिंग कालेज के छात्र छात्रा और पूरा स्टाफमौजूद रहा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक सवार भाई-बहन, महिला की मौके पर दर्दनाक मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा थाना क्षेत्र से फिर एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को जोरदार ठोकर मारी है। पहियों तले दबने से बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई है। घटना घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग में फगुरम के पास कल सुबह 11:30 बजे हुई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाईस देने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक सवार भाई-बहन धरमजयगढ़ से वापस अपने गांव ढोरम लौट रहे थे। दोनों फगुरम के पास पहुंचे थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, भारी वाहन का पहिया चढ़ने से बाइक सवार महिला कुंती पटेल उम्र 35 वर्ष की मौके पर मौत हो गई, वही बाइक चालक मृतिका का भाई सुरक्षित बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके से घटना कारित वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। गाड़ी के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है, आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा मांग की जा रही हैं की घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक और वाहन की जल्द तलाश की जाए। फिलहाल आरोपी चालक की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, स्कूटी जलकर हुई खाक, धरमजयगढ़ कॉलोनी से लगे क्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ क्षेत्र से सामने आ रही है यहीं स्थित धरमजयगढ़ कॉलोनी में कल सुबह अचानक एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई।

आग देखते-देखते इतनी तेज बढ़ गई की आग में काबू पाना मुश्किल हो गया और कुछ देर तक कड़ी मसक्क्त करने पर जैसे तैसे आग पर काबू तो पाया गया पर तबतक बहुत देर हो चुकी थी। बताया जा रहा की इलेक्ट्रिक स्कूटी ओकीनावा कंपनी का था। वहीं घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आस पास के लोगों ने बताया की इलेक्ट्रीक स्कूटी में आज सुबह अचानक अपने आप आग लग गई। जिसके बाद जैसे ही गाड़ी मालिक ने आग देखा पानी डालकर आग बुझाने की कोशिस की पर तबतक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी। पूरे देश में इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने की घटना कई जगहों से निकलकर सामने आ रही थी। पर धरमजयगढ़ छेत्र के लोगों को इस प्रकार की घटनाओं पर विश्वास नहीं था। पर कल धरमजयगढ़ में ऐसा घटना घटने के बाद पूरे धरमजयगढ़ के सभी इलेक्ट्रिक स्कूटी चालकों में हड़कंप मच गया है।

## जियो और जीने दो के संदेश से विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ा रहा जैन धर्म,, अहिंसा रथ यात्रा का

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



मनेन्द्रगढ़ में अभूतपूर्व स्वागत मनेन्द्रगढ़.भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाणोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में श्री अंहिसा रथ यात्रा पूरे भारत भ्रमण के लिए निकली है. इस यात्रा के मनेन्द्रगढ़ पहुँचने पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस अवसर पर गुरुवार को प्रातः मुंबई शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से अहिंसा परमो धर्मः,जियोऔर जीने दो का सन्देश देते हुए गुजरी. बुधवार की शामरथ यात्रा मनेंद्रगढ़ नगर पहुंची. शाम 7:30 बजे से श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिविल लाइन में रथ में विराजमान श्री जी की महा आरती की गई.इसी तारतम्य में गुरुवार प्रातः7:30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के समक्ष में रथ में विराजमान श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन किया गया, तत्पश्चात उक्त रथ की शोभायात्रा नगर में निकाली गई. इस अवसर पर रितेश जैन, संतोष जैन नाहर, विजयंत जैन,रवि जैन, आशु जैन, ज्ञानचंद जैन, सुनील कुमार जैन, अनुराग जैन, विजय जैन, सौरभ जैन, अखिलेश जैन, सुनील जैन, विजय जैन, विवेक जैन, ओम प्रकाश जैन, प्रभा जैन, आशा जैन, सिम्मी जैन, लक्ष्मी देवी जैन, अर्चना जैन, उषा जैन, कमला देवी जैन, वंदना जैन, मुक्ति जैन समेत समाज की सभी जन उपस्थित थे.आयोजन के उपरांत रथ पेंड्रा के लिए रवाना हो गया।

## सरसीवां मार्ग के रख रखाव के अभाव में डामर की परतें उखड़ने लगी हैं वहीं जगह-जगह गढ्ढे बनने से आवागमन पुरी तरह से बाधित हो रही है

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



सरायपाली- सरसीवां मार्ग के रख रखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ने लगी हैं वहीं जगह-जगह गड्ढे बनने से आवागमन पुरी तरह से बाधित हो रही है। सागरपाली के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड तक बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। गायत्री कंप्यूटर के सामने तो डबरीनुमा गड्ढा बन चुका है। इस डबरीनुमा गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दी जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग आखिर किस बात का इंतजार कर रहा है। समय रहते अगर इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो जान माल की हानि हो सकती है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। क्षतिग्रस्त सड़क पर काम चलाऊ मुरम मिट्टी पाट देने से बारिश के समय सड़क किचड़ में तब्दील हो गई है। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बताया गया है कि पिछले वर्ष ही पी डबल्यू डी विभाग द्वारा सड़क मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था मगर साल भर के भीतर ही सागरपाली के पास सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत करने की मांग की है मगर पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत करना तो दूर गड्ढे भरने का काम भी नहीं कर रहा है। स्थानीय लोग ही गड्ढों को मुरूम मिट्टी एवं ईट के टुकड़ों से पाट रहे हैं। यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर- सरायपाली- सरसीवां- हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पिछले साल कांशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किमी एवं इस वर्ष डोंगरीपाली से माता नाला तक करीब 2 किलोमीटर का मरम्मत कार्य कराया गया है। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। यह सोचने वाली बात है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को ही उजागर कर रहा। इस मार्ग से होकर रोजाना जनप्रतिनिधि, सत्ता पक्ष से जुड़े नेता, अधिकारी गुजरते हैं क्या उन्हें ये बड़े-बड़े गड्ढे नजर नहीं आते या फिर जानबूझकर इन गड्ढों को अनदेखा कर रहे हैं।

### सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं

सड़क किनारे फुटपाथ (साइड सोल्डर) की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आयी हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबुल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों का नियमित साफ-सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। झाड़ियों की वजह से बड़े वाहनों के आने से साइड देने या ओवरटेक करने मे दिक्क त होती है और इसी समय दुर्घटनायें हो रही हैं।

## दी एसोसिएशन ऑफ वी क्लब आफ इंडिया का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न श्वेता पोद्दार को अध्यक्ष, प्रतिभा अग्रवाल को सचिव एवं निधि अग्रवाल को मिली कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नव विहान नव सोपान दी एसोसिएशन ऑफ वी क्लब आफ इंडिया के अन्तर्गत वी क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण ने बेहद खुशनुमा माहौल में नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण का आयोजन किया. इस अवसर पर शपथ अधिकारी के रूप में डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंस अनीता फरमानिया, एरिया वन की एरिया ऑफिसर वी पम्मी अरोरा, नपाध्यक्ष वी प्रभा पटेल के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्रा सेंगर उपस्थित थीं. कार्यक्रम का शुभारम्भ क्लब के ध्वज वंदना के साथ हुआ. भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ पौधा एवं श्रीफल देकर किया गया। मुस्कान खुशियों की पहचान के साथ शपथ अधिकारी अनीता फरमानिया ने नवीन के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई. नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्वेता पोद्दार, सचिव प्रतिभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल उपाध्यक्ष-रजनी अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, इंदु सैनी, सह सचिव-रूपा पोद्दार, बेबी मखीजा, सह कोषाध्यक्ष-अरुणा अग्रवाल, मधु गायकवाड, टेमर प्रीति अग्रवाल, कमलेश अरोरा ट्विस्टर-वर्षा, दविंदर व टेल ट्विस्टर के रूप में नीलम को शपथ अधिकारी ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। नई टीम का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि, सेवा के भाव को सर्वोपरि रखिएगा। अधिकारी नहीं सेवक बनकर कार्य कीजिएगा तो कोई वजह नही होगी कि आप सफल न हो। नव नियुक्त अध्यक्ष वी श्वेता पोद्दार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का स्वागत किया तथा अपने सभी साथियों का नई टीम का हौसला बढ़ाते हुए अहंकार से दूर रहकर विनम्रता का दामन थामे रहने की बात कही। नव नियुक्त सचिव वी प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि, यदि हम किसी एक व्यक्ति की भी मदद या सेवा करते हैं तो प्रकृति भी हमारे साथ होती है। मानव सेवा ही माधव सेवा है। एरिया वन की एरिया आफिसर वी पम्मी अरोरा ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए नई टीम को बधाई दी। नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने डि. से मिले निर्देशों का पालन करने हेतु विश्वास दिलाते हुए डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट सार्थक को सार्थक करने की बात कही।

### डीआरयूसीसी मेंबर दिबेश सोलंकी ने मुलाकात न करने पर जताया विरोध, करोड़ों के घटिया निर्माण कार्यो पर अपनी नाराजगी जताई

## रेलवे जोन की जीएम पहुंची रायगढ़, स्टेशन के बाहर व भीतर का निरीक्षण कर हुई रवाना

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक रायगढ़ आगमन हुआ लोको पायलट लोग का रनिंग स्टाफका निरीक्षण कर प्लेटफार्म नंबर एक में और स्टेशन के बाहर में चल रहे करोड़ों के कार्य को देखकर उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश बिलासपुर से साथ आए अधिकारियों को दिए। आज रेलवे महाप्रबंधक के आने के पूर्व स्टेशन को साफ सुथरा किया गया था। रेल सुरक्षा बल की टीम अलर्ट मोड़ पर थी। किसी से मिले बिना उनका सैलून ओडिसा निकल गया। जिस पर डीआरयूसीसी मेंबर दिबेश सोलंकी ने बिना मुलाकात किये जीएम के चले जाने पर विरोध जताया और करोड़ो के घटिया निर्माण कार्य का आरोप लगाते हुए आक्रोष व्यक्त किया है। गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ,मंडल रेल प्रबंधक पांडेय, आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर सहित रेलवे के आला अधिकारियों की टीम परख सैलून में बिलासपुर से रायगढ़ आए। विश्राम गृह और रनिंग रूम का निरीक्षण करने के बाद प्लेटफार्म नंबर एक का बारीकी से निरीक्षण करते महाप्रबंधक अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन रायगढ़ के बाहर करोड़ों के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और रेलवे के अधिकारियों के साथ स्टेशन के चल रहे काम का नक्शा को महाप्रबंधक ने देखा। बाहर रायगढ़ के पूर्व पार्षद, एसईसीआर रेलवे मंडल सलाहकार समिति के सदस्य भाजपा नेता दिवेश सोलंकी उनसे मिलने पहुंचे थे मीडिया के लोग भी थे लेकिन रायगढ़ स्टेशन के बाहर का निरीक्षण कर आगे बन रहे नाले और नए बाइक और नए बन रहे कार पार्किंग को दिखाए बिना अधिकारी उन्हें सीधे सैलून में ले गए और महाप्रबंधक बिलासपुर जोन ओडिसा की ओर निकल गई। विदित हो की रेलवे ठेकेदार द्वारा बरसात में जल भराव से निपटने के लिए नाला का निर्माण किया जा रहा है। जिसके निर्माण कार्य पर उगली उठाई। उनके जाते ही पूर्व पार्षद भाजपा नेता और एसईसीआर रेलवे मंडल सलाहकार समिति के सदस्य दिवेश सोलंकी का पारा सातवें आसमान में पहुंच गया रायगढ़ में चल रहे करोड़ों के निर्माण कार्यो पर अपनी नाराजगी जताते हुए गर्म हो गए वहा खड़े एक अधिकारी से पूछा कि ये काम आप के अंडर में चल रहा है उनके कहते ही सोलंकी ने रेलवे के अधिकारियों को कहा हमारी भाजपा की केंद्र सरकार ने सत्रह करोड़ से अधिक की राशि रायगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए दी है न कि भ्रष्टाचार कर राशि का बंदरबाट करने के लिए आपका ठेकेदार तो घटिया स्तर का कार्य कर रहा है आप लोग मुकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हो। लोगो को आने जाने में कितनी परेशानी हो रही है उसको देखने वाला कोई नही है जगह जगह गड्ढा खोद देने से आने जाने वाले रायगढ़ के लोग हलाकन और परेशान है स्टेशन के सामने रेलवे कालोनी जाने वाले रास्ते में नाले एक बड़ा गड्ढा छोड़ दिया जिसमे कई लोग गिर चुके हैं। ठेकेदार के दो लोगो से भाजपा नेता सोलंकी की तीखी नोक झोंक भी हुई जो जनचर्चा का विषय बन गई है। इसके बाद इलेक्ट्रानिक मीडिया के स्थानीय न्यूज चैनल को जानकारी देकर रेलवे मंडल सलाहकार समिति के सदस्य एवम भाजपा नेता दिवेश सोलंकी स्टेशन से चले गए।

## भालू के हमले से बुजुर्ग घायल



पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भालू के हमले से चनवारीडॉड़ निवासी बुजुर्ग भारत सिंह आत्मज लाल सिंह उम्र 69 वर्ष घायल हो गया। परिजनों ने बुजुर्ग को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में भर्ती कराया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सिंह सुबह खेत देखने गया था। वहाँ से वापस आते समय अचानक दो भालुओ ने उसके ऊपर हमला कर दिया. मनेंद्रगढ़ वन परिक्षेत्र के चनवारीडॉड़ में सुबह हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है.ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच श्रीराम सिंह ने बताया कि यहां भालू का आतंक हमेशा ही रहता है ग्रमीणों को जंगल झाड़ी में जाना पड़ता है यहाँ भालू के द्वारा हमला कर दिया जाता है इस पर प्रशासन के सज्ञान में लेकर एक वृहद योजना बनानी चाहिए जिससे ग्रामीण सुरक्षित रह सके। फिलहाल घायल को 108 के द्वारा तत्काल हॉस्पिटल लाया गया।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री ने एनएमडीसी का दौरा किया



पायनियर संवाददाता ◂ हैदराबाद /रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा के साथ एनएमडीसी के हैदराबाद स्थित मुख्य कार्यालय का दौरा किया। माननीय मंत्रियों ने एनएमडीसी और एनएसएल के प्रदर्शन, भविष्य के रोडमैप, सामाजिक पहलों और चुनौतियों की समीक्षा करने के लिए अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार); कार्यकारी निदेशकों और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। समीक्षा बैठक में प्रारम्भ होने वाली ऐसी परियोजनाओं पर चर्चा शामिल थी जो भविष्य के लिए उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री ने एनएमडीसी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कंपनी की महारत्न बनने की यात्रा में अपना विश्वास व्यक्त किया। एच. डी. कुमारस्वामी ने माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को पूर्ण करने के लिए एनएमडीसी के अधिकारियों को 2030 तक 100 मिलियन टन के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया। माननीय इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एनएमडीसी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस्पात मंत्रालय उत्पादन और लाभ बढ़ाने के लिए इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। एक मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना करते हुए उन्होंने कहा कि एनएमडीसी इस क्षेत्र के प्रमुख संगठनों की मांगों को पूरा करते हुए लौह और इस्पात उद्योग की छोटी इकाइयों के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा, हम केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री के आगमन से सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। एनएमडीसी सामाजिक विकास पर सकारात्मक बल देने के साथ वैश्विक पर्यावरण के अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरने के लिए दृढ प्रतिज्ञ है। हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां भारतीय खनन प्रगति, नवाचार और जिम्मेदारी का पर्याय बनेगा।

# स्टॉप डायरिया कैंपेन के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित






पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन 01 जुलाई 2024 से शुरू हो चुका है, जो 31 अगस्त 2024 तक पूरे 02 महीने तक चलेगा। बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया या दस्त है, जिसका समय पर निदान और उपचार से बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। इसी कारण बच्चों में डायरिया या दस्त से होने वाली मृत्यु की रोकथाम हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन या दस्त रोको अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गार्गी यदु पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों में 0 से 05 वर्ष के बच्चों के घरों में भेंट कर मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ओ.आर.एस. पैकेट और 14 दिनों का जिंक की गोलियां प्रदाय की जा रहीं है। साथ ही बच्चों के माता पिता एवं पालकों को ओ.आर.एस. घोल बनाने दस्त के समय पिलाने तथा हाथ धुलाई और स्वच्छता, शिशु पोषण एवं आहार - व्यवहार के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। डायरिया से पिड़ित बच्चों में गंभीर लक्षणों की पहचान कर उनके उपचार प्रबंधन के संबंध में बताया जा रहा है। विशेष रूप से डायरिया के कारण बच्चों में होने वाला निर्जलीकरण जिसमें शरीर में पानी की कमी हो जाती है के उपचार हेतु ओ.आर.एस. की उपयोगिता तथा ओ.आर.एस. उपलब्ध ना होने पर घर पर ही जीवन रक्षक घोल तैयार करने के बारे में भी बताया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डायरिया नियंत्रण के लिए मैदानी स्वास्थ्य कर्मीयों और मितानिनों द्वारा स्कुलों आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को स्वच्छता, दस्त की रोकथाम एवं बचाव, भोजन के पहले एवं शौच के बाद साबुन या हैंडवाश से हाथ धुलाई के तरीके के साथ ओ.आर.एस. घोल बनाने और दस्त के समय उसका उपयोग करने के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जानकारी देते हुए जनजागरूता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जड़जड़ा में शिक्षकों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ग्रामिण स्वास्थ्य संयोजक हेमलता देवांगन तथा सी.एच.ओ. रूपमाला राउड के द्वारा हाथ धुलाई के तरीके बताते हुए बच्चों को अभ्यास कराया गया और ओ.आर.एस. घोल तैयार करना सिखाया गया तथा दस्त की रोकथाम एवं उपचार के संबंध में बताया गया। जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओ.आर.टी. कार्नर स्थापित कर निःशुल्क जिंक टैबलेट एवं ओ.आर.एस. का वितरण किया जा रहा है।

## पंडित रविन्द्र तिवारी द्वारा शारीरिक और बौद्धिक विकास के माध्यम से उत्कृष्टता पर प्रेरणादायक व्याख्यान



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

12 जुलाई मेट्स विश्वविद्यालय ने 12 जुलाई, 2024 को प्रतिष्ठित पंडित रविन्द्र तिवारी द्वारा एक प्रेरणादायक व्याख्यान की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त किया। पंडित तिवारी, एक प्रख्यात प्रेरक वक्ता और भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख प्रशिक्षक, ने शारीरिक और बौद्धिक विकास के माध्यम से उत्कृष्टता विषय पर एक प्रेरक सत्र प्रस्तुत किया। अपने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली भाषण में, पंडित तिवारी ने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शारीरिक और बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने सही श्वास तकनीक, पर्याप्त जलयोजन, और सोच प्रक्रिया को व्यक्तिगत और पेशेवर सफलता के लिए महत्वपूर्ण अभ्यास के रूप में रेखांकित किया।

## एमजीएम हेल्थकेयर ने वाइज़ैग में उच्च स्तर का उपचार उपलब्ध कराने के लिए सेवनहिल्स अस्पताल का अधिग्रहण कर अपना विस्तार किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

एमजीएम हेल्थकेयर, चेन्नई में स्थित एक प्रसिद्ध मल्टी-स्पेशलिटी क्वाटर्नेरी-केयर हेल्थकेयर ग्रुप, ने सेवनहिल्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में शामिल होकर सेवनहिल्स हॉस्पिटल, विशाखापत्तनम के अधिग्रहण से अपने सेवा क्षेत्र में अधिक विस्तार करने की घोषणा की है। इस अधिग्रहण के साथ ही, एमजीएम हेल्थकेयर ग्रुप ने पहले अस्पताल के खुलने के बाद 5 वर्षों के छोटे समय में 1000 से अधिक बेड्स को लेकर महत्वपूर्ण योजना पूरी की है। एमजीएम हेल्थकेयर के निदेशक डॉ. प्रशांत राजगोपालन ने अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए कहा है, कि एमजीएम हेल्थकेयर द्वारा सेवनहिल्स अस्पताल का योजनाबद्ध अधिग्रहण चेन्नई के बाहर हमारा पहला प्रयास है। यह देश भर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण, किफ़ायती और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का विस्तार करने के हमारे लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हमने विशाखापत्तनम में लंबे समय से कार्यरत एक प्रतिष्ठित संगठन सेवनहिल्स के साथ साझेदारी की है, ताकि हम वाइज़ैग (विशाखापत्तनम) के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के रोगियों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। यह अधिग्रहण एमजीएम हेल्थकेयर की विचारशील भौगोलिक विस्तार रणनीति के अनुरूप है। मेहनत के साथ, हम अपनी ताकत का उपयोग रोगियों को बेहतरीन चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए करेंगे। विशाखापत्तनम के सबसे पुराने मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों में से एक, सेवनहिल्स की स्थापना 1988 में हुई थी और यह उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए 35 वर्षों से जाना जाता है।

# संस्कृति विश्वविद्यालय पूरे भारत में शीर्ष रैंकिंग के साथ चमका

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति यूनिवर्सिटी ने द वीक पत्रिका द्वारा पूरे भारत के विश्वविद्यालयों की श्रेणी में छठा स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त, संस्कृति विश्वविद्यालय ने मल्टीडिसकीप्लीनरी विश्वविद्यालयों के लिए भारत के उत्तरी क्षेत्र में 5वां स्थान और उत्तरी क्षेत्र में प्राइवेट और डीम्ड विश्वविद्यालयों में 13वां स्थान हासिल किया है। रैंकिंग यूनिवर्सिटी की गुणवत्ता पूर्वक मानकों और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान को दर्शाती है । संस्कृति विश्वविद्यालय कम समय में भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाले विश्वविद्यालयों में से एक है । संस्कृति विश्वविद्यालय का अनुसंधान एवं विकास विभाग सामाजिक विवेक के साथ नवाचार को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। संस्कृति विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सचिन गुप्ता ने विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये रैंकिंग फैकल्टी, कर्मचारियों और छात्रों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। डॉ. गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि संस्कृति विश्वविद्यालय सभी को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने नॉर्म्स को बनाए रखने और सुधारने के लिए समर्पित है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियाँ केवल पुरस्कार प्राप्त करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि बेहतर होने के लिए लगातार नए तरीके खोजने के बारे में भी हैं और यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि संस्कृति विश्वविद्यालय अच्छी शिक्षा प्रदान करने और अलग-अलग विषयों में भविष्य के नेताओं को तैयार करे। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विश्वविद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह संस्थान अपनी डेडिकेशन को उजागर करता है कि वह छात्रों को फोस्टरिंग इनोवेशन, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्प्रेहैन्सिव लर्निंग एक्सपेरिएंसेस को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास करते रहे ।

# थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



ऊर्जा और पर्यावरण समाधान प्रदान करने और एनर्जी ट्रांजिशन के मामले में विश्वसनीय भागीदार थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में आयोजित अपने रिडिस्कवर रोडशो में पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया, जो इस क्षेत्र के उद्योगों को पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों की पेशकश करता है। छत्तीसगढ़ लौह अयस्क, डोलोमाइट और कोयला जैसे खनिजों का अग्रणी उत्पादक राज्य है। यह भारत के 15त्न स्टील और 100त्न एल्युमीनियम का उत्पादन करता है। छत्तीसगढ़ 2024-29 के लिए अपनी नई औद्योगिक नीति और अपने सतत विकास लक्ष्यों को तैयार करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, और थर्मेक्स के एनर्जी ट्रांजिशन समाधान इस क्षेत्र का नेतृत्व और समर्थन करना जारी रखेंगे। रिडिस्कवर के छत्तीसगढ़ संस्करण में थर्मेक्स के नवीनतम इनोवेशन और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों को प्रदर्शित करने पर ध्यान दिया गया है। इस कार्यक्रम में भाप और बिजली उत्पादन, वायु प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ बायो-सीएनजी, कोयला गैसिफिकेशन, सौर और पानी एवं अपशिष्ट पानी के लिए नवीनतम तकनीकों वाले महत्वपूर्ण समाधानों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इन-हाउस विकसित एमवीआर (मैकेनिकल वेपर रिकंप्रेशन) आधारित जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) सिस्टम शामिल था। इस क्षेत्र में स्टील और सीमेंट सेक्टर में महत्वपूर्ण विस्तार और विकास देखने को मिला है, जो अब भी लगातार जारी है। औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए, थर्मेक्स ने स्पंज आयरन एग्जॉस्ट, सीमेंट हीट रिकवरी और विभिन्न दूसरे एग्जॉस्ट ऐप्लीकेशंस के लिए अपशिष्ट हीट रिकवरी बॉयलर की कई यूनिट्स की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है। पिछले 4-5 वर्षों में चावल मिलिंग उद्योग का काफी विस्तार हुआ है, इस क्षेत्र में 500-600 मिलें चल रही हैं। यह वृद्धि चावल की भूसी के तेल सहित चावल और चावल-आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग से प्रेरित है, जिसके लिए उन्नत हीटिंग और यूटिलिटी समाधान की आवश्यकता है। थर्मेक्स ने इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए टर्नकी समाधान के रूप में लगभग 300 स्टीम बॉयलर की आपूर्ति की है।इसके अलावा, थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अधिकांश लोहा और इस्पात निर्माताओं को 200 से अधिक इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) की सप्लाई की है।

## कृषि पंपों की वोल्टेज समस्या दूर करने रिकार्ड समय में बढ़ाई गई पारेषण क्षमता

**2.38 करोड़ रूपए की लागत से ईएचटी ट्रांसफार्मर स्थापित**



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी धान की फसल में सिंचाई के लिए किसानों को समस्या न हो इसके लिये ट्रांसमिशन कंपनी ने बेमेतरा के 220/132 केव्ही अतिउच्चदाब (ईएचटी) सब-स्टेशन में रिकार्ड समय में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है । आमतौर पर इस कार्य में कई महीने लग जाते हैं। कृषक हितैषी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज़ के अध्यक्ष पी. दयानंद के निर्देश पर अधिकारियों ने इस कार्य को महज दो महीने में पूरा करके 63 एमवीए के विशाल ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री साय एवं अध्यक्ष दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर एवं अन्य अधिकारियों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि बीते रबी सीजन में बेमेतरा के कुछ क्षेत्र में कृषि पंपों में लो-वोल्टेज की समस्या ध्यान में लाई गई थी, जिसके बाद राज्य शासन ने त्वरित गति से स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे। इस पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसमिशन कंपनी ने विद्युत आपूर्ति को प्रभावित किये बिना बेमेतरा के 220/132/33 केवी सब-स्टेशन में 63 एमव्हीए की क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इसकी लागत 2.38 करोड़ रूपए है। इससे वहां की क्षमता बढ़कर अब 126 एमव्हीए हो गई है।

# ऑनलाइन फ्रॉड करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रार्थी चेतन सिंह ग्राम चौकबेडा, भूरकोनी थाना तेंदुकोना जिला महासमुन्द द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि यूनाइटेड स्टेट्स डॉलर प्राप्त करने का झांसा देकर उससे 12,34,500 की ठगी अज्ञात आरोपियों द्वारा की गई है तथा प्रार्थी से लाखो की रकम ऑनलाइन प्राप्त करने के बाद भी उसको संबंधित USDt नहीं मिल पाया है, जिससे प्रार्थी द्वारा अपने निवास तेन्दुकोना महासमुन्द थाना मे cyber crime portal के माध्यम से रिपोर्ट किया गया, जहाँ शून्य में धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज़ किया गया है। प्रकरण में पीड़ित द्वारा भाटापारा शहर के IDFC first बैंक से ट्रांसेक्शन किया था इसलिए घटनास्थल थाना भाटापारा शहर को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया। भाटापारा शहर पुलिस द्वारा तत्काल ऑनलाइन शून्य अपराध में से नंबरी अपराध क़ायम किया गया। प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक परिवेश तिवारी द्वारा तत्काल संबंधित IDFC बैंक जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया, जिसमे प्रकरण के आरोपी विपुल शुक्ला के बैंक अकाउंट, फोटो, Pan Number, आधार कार्ड प्राप्त किया गया तथा इसके आधार पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अपराध की कायमी के कुछ ही घंटो मे बिलासपुर जिले के राजकिशोर नगर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में ठगी की रकम मे से ?50,000 जप्त किया गया है। शेष रकम को SDt(united states doller) के रूप मे पीड़ित को प्राप्त होती है, इस तरह पुलिस को ठगी की सम्पूर्ण रकम रिकवरी मे सफलता मिल चुकी है।

पीड़ित नवी मुंबई मे e&ide industry मे काम करते है. पारिवारिक काम से पलारी के ग्राम सिसदेवरी रिस्तेदारी मे आया हुआ था, जहाँ उसे व्यक्तिगत कारणों से पैसा विथड्राल के लिए 12,34,500 के usdt की जरूरत होने से binance app ·æ use किया गत्रा, जिससे उसको ट्रेडर का नाम, कांटेक्ट नंबर मिला, बैंक का अकाउंट नंबर भी मिला। जिस पर पीड़ित ने ?12,34,500 जमा करा दिया, लेकिन उसे ज़ब उसके बदले मे कोई करेंसी नहीं मिली तो उसने संबंधित कांटेक्ट नंबर 73899 95661 पर wapp मैसेजस से चैटिंग किया, तो आरोपी विपुल शुक्ला ने अन्य मोबाइल नंबर 94064 10137 से सम्पर्क करने कहा व पैसे वापस करने से इंकार कर दिया, जिससे पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ तथा उसके द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज़ कराया गया।

पीड़ित पहले भी ऑनलाइन ट्रेडिंग 06 जून 2024 से 4-5 बार ऑनलाइन एप्प के माध्यम से usdt currency ले चूका था, इसीलिए इस बार भी उसने पहले की ही तरह रकम जमा कर दिया। Usdt currency की बिक्री मे पीड़ित को कुछ पैसे कमीशन के मिलते है, उसी की कामना मे वह ठगी का शिकार हो गया। भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आरोपी से जप्त मोबाइल के आधार पर उसके अन्य सहयोगी आरोपियों की पतासाजी की जा रही है, आखिर किसकी मदद से आरोपी ने पीड़ित के साथ इस तरह की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया, पुलिस इस बारे मे भी साइबर सेल बलौदाबाजार की सहायता से पतासाजी कर रही है।

## बिना अनुमति के स्कूल परिसर के 15 वृक्षों की कटाई करवाने पर प्रधान पाठक निलंबित

**गरियाबंद।** बिना अनुमति के मुरमुरा स्कूल परिसर के वृक्ष कटाई करने पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मीडिल स्कूल के प्रधान पाठक का निलंबन प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन आदेश जारी कर दिये है। डीईओ ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला मुरमुरा के विद्यालय परिसर में स्थित 15 वृक्षों की कटाई उच्च कार्यालय से अनुमति लिये बिना कटवाने पर प्रधान पाठक भुनेश्वर यादव को निलंबित किया गया है। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुरा के प्रधान पाठक गनपत राम साहू का निलंबन प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। डीईओ ने बताया कि मुरमुरा स्कूल परिसर में लगे 15 निलगिरी एवं अन्य वृक्षों की कटाई के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मामले का जांच कराया गया। जांच प्रकरण में दोषी पाये गए शिक्षक पर कार्यवाही की गई है।

## विद्युत दर में बढ़ोतरी कर सरकार आम जनता की जेब में डाल रही है डाका : विधायक संदीप साहू

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



विद्युत दर में बढ़ोतरी एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। ऐसा कोई दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिये बंद न हो छत्तीसगढ़ के अधिकतर गाँवो में रात में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है। घंटो बिजली गुल होने से आम जनता परेशान है भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। वही एक तरफ अघोषित बिजली कट रही है वहीं दूसरी ओर विद्युत दर में बढ़ोतरी कर सरकार आम जनता के जेब में डाका डालने का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने आम जनमानस के साथ छलावा किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के तुरंत बाद ही बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। जिससे आम जनमानस बहुत त्रस्त हो चुके हैं आमदनी में लगातार गिरावट और बेतहाशा बढ़ती हुई चौतरफा महंगाई की मार के बाद अब उपभोक्ताओं को यह बिजली के बिल में बढ़ोतरी का अतिरिक्त बोझ भी सहन करना पड़ेगा आम जनमानस की समस्याओं को लेकर सरकार को कोई ध्यान नही आर्थिक रूप से टूट चुके गरीब मध्य वर्ग को इस प्रस्तावित अतिरिक्त बोझ से राहत देने हेतु बिजली दरों में बढ़ोतरी का निर्णय को भाजपा सरकार तुरंत वापस लेकर आम जनता को राहत देने का काम करना चाहिए।


**कार्यालय-जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 77/निर्वाह/2024 दुर्ग, दिनांक 04/07/2024

**// निविदा-सूचना //**

**परिशिष्ट-2**

**(नियम 4.4.2)**

**अर्धवार्षिक निविदा, वर्ष 2024-2025**

केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध बंदियों के भोजन के लिए सब्जी क्रय किये जाने हेतु निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 29.07.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यापारी अर्धवार्षिक निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

01. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि 27.07.2024 समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक।
02. निविदा जमा करने की तिथि 29.07.2024 समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक।
03. निविदा खोलने की तिथि 29.07.2024 समय सायंकाल 04.30 बजे स्थान-कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग।
04. निविदा प्रपत्र एवं शर्ते जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग के कार्यालय में आवेदन (आयकर प्रमाण पत्र वर्ष 2023-24 के साथ) प्रस्तुत कर रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा। ऐसे निविदाकार को अपने आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र वर्ष 2023-24 की प्रति संलग्न करना होगा तथा उन्हे रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) निविदा शुल्क की राशि निविदा जमा करने के पूर्व नगद भुगतान करना होगा।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)

G-242501028/4



**कार्यालय कलेक्टर, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी**
**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**
Email :- collector-mmac@cg.gov.in

क्रमांक/533/आजाक/निर्माण/2024-25 मोहला, दिनांक 09/07/2024

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

लोक निर्माण विभाग के एकल पंजीयन अन्तर्गत ''डी'' एवं अपर श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' में मुख्य अभियंता लो.नि.वि. भवन निर्माण दिनांक 01.01.2015 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर दो लिफाफा पद्धति जिसमें एक अमानती राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा। निविदा निःशर्त मात्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - दिनांक 24.07.2024 सायं 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - दिनांक 26.07.2024 सायं 5:00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 01.08.2024 सायं 5:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 02.08.2024 सायं 11:00 बजे तक

| क्र. | कार्य का प्रकार | कुल कार्यों की संख्या | कुल कार्यों की अनुमानित लागत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों के अपूर्ण शौचालय/स्नानागार को पूर्ण करने का कार्य वर्ष 2024-25 | 05 | 19.05 |
| | योग | 5 | 19.05 |

(उन्नीस लाख पांच हजार रू.)

(श्रीकांत दुबे)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी

G-242501044/2






**राजनांदगांव।** मानपुर के कोरकोट्टी में 12 जुलाई 2009 को शहीद हुए तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों की 15वीं बरसी पर श्रद्धांजलि दी गई। शहीदों के परिजनों ने छलकती आखों से पुष्पांजलि अर्पित की। दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी मोहित गर्ग ने परिजनों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। शहीद वीके चौबे की धर्मपत्नी चौबे की मौजूदगी में प्यारेलाल चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के शहीदों के स्मारक एवं मंगल भवन में वीर सपूतों की तस्वीरों पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान मंगल भवन प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित शहीद परिवार के सदस्यों को शाल, श्रीफल भेंट किया गया और उनकी समस्या पूछकर त्वरित निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। आईजी, एसपी सहित जवानों ने इस दौरान रक्तदान भी किया।

# 486 लाख रूपए की लागत से 162 यूनिट केज लगाए, बंद खदानों में होगा मछली पालन

## केन्द्रीय राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय राज्य मंत्री पशुपालन एवं मछली पालन राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई में स्थापित केच कल्चर तकनीक के माध्यम से मछली पालन का शुभारंभ किया।

सहायक संचालक मत्स्य पालन एसके साहू ने बताया कि जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए केज कल्चर तकनीक का उपयोग कर मछली उत्पादन शुरू किया जा रहा है। केज कल्चर को नेट पेन कल्चर भी कहा जाता है। इसके लिए जोरा तराई खदान का चयन किया गया है और पानी पर 9 यूनिट प्रति इकाई 18 कैज 162 फ्लोटिंग केज लगाए गए हैं। जहां केज कल्चर तकनीक का उपयोग कर मछली पालन शुरू किया जा रहा है। बंद पड़ी खदानों में मछली पालन से कई परिवारों को रोजगार मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि केज कल्चर मछली पालन की एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जलाशय में एक निर्धारित स्थान पर फ्लोटिंग केज यूनिट बनाई जाती है। सभी यूनिट एक दूसरे से जुड़ी होती हैं। एक यूनिट में चार बाड़े होते हैं। एक बाड़ा 6 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और 4 मीटर गहरा होता है। बाड़े के चारों ओर प्लास्टिक का मजबूत जाल होता है। इसे कछुए या अन्य जलीय जीव काट नहीं सकते। पानी में तैरते इसी जाल के बाड़े में मछली पालन किया जाता है। इन जालों में उंगली के आकार की मछलियों को पालन के लिए छोड़ दिया जाता है। मछलियों को रोजाना दाना डाला जाता है। ये मछलियां पांच माह में एक से सवा किलो की हो जाती हैं। मछली पालन की यह तकनीक जलाशय मत्स्य विकास योजना के तहत शुरू की जा रही है। खास बात यह है कि जलाशय के मूल उद्देश्य को प्रभावित किए बिना मत्स्य उत्पादकता को बढ़ाना है।

### पहली बार खदान का प्रयोग

जिले में पहली बार खदानों में केज कल्चर तकनीक से मछली उत्पादन शुरू किया जा रहा है। इसके लिए जोरातराई के दो खदानों का चयन किया गया है, जिसमें एक खदान में 9 इकाई यानी 162 केज और दूसरे खदान में 9 इकाई यानी 162 में याने कुल 18 केज कल्चर यूनिट स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 9 इकाई हेतु विधिवत अनुदान राशि प्रदाय की जा चुकी है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 486 लाख रूपए की लागत से 162 यूनिट केज लगाई है, जिसमें सरकार हितग्राहियों को 40 से 60 फीसदी अनुदान दे रही है।

### 8 लाख मछलियां पाली जाएंगी

तालाब या झीलों की तुलना में केज में मछलियां तेजी से बढ़ती हैं। मत्स्यपालक अपनी जरूरत और मांग के अनुसार केज से मछलियां निकाल सकते हैं। जरूरत नहीं होने पर मछलियों को केज में ही छोड़ा जा सकता है। केज तकनीक के जरिए मत्स्यपालक कम लागत और कम समय में अधिक मुनाफा कमाते हैं। एक पिंजरे में 5 हजार तक केज साइज की मछलियां पाली जा सकेंगी। इस तरह जोरातराई में बने 162 केज यूनिट में 8 लाख से अधिक मछलियां पाली जा सकेंगी। वही प्रत्येक केज से 30 से 40 क्विंटल मछली का उत्पादन होगा।

# आईटीबीपी जवानों को ले जा रही बस एक्सीडेंट





■ जवानों की बस की चपेट से युवक का पैर फ्रैक्चर

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में शुक्रवार को आईटीबीपी यानी इंडियन तिब्बत बार्डर पुलिस के जवानों को ले जा रही निजी बस ने एक युवक को चपेट में ले लिया। बस की चपेट में आने से युवक के पैर का कुछ हिस्सा पीछे पहिये की जद में आ जाने से युवक का पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया। एक्सीडेंट के बाद बस चालक व जवानों की अमानवीयता से कुछ देर के लिए मेनरोड में जाम की स्थिति बन गई।

दरअसल आईटीबीपी के जवानों को मानपुर जंगल क्षेत्र से भरकर राजनांदगाँव रेलवे स्टेशन ले जा रही बस जागीरदार सीजी 08 एम 0317 तकरीबन 12 बजे डोंगरगांव नगर में प्रवेश की थी। तभी नपंउपाध्यक्ष ललित लोढ़ा के प्रतिष्ठान के सामने ही ग्राम घुपसाल से अपने दोस्त के साथ इंटरव्यू दिलाने बाईक से राजनांदगाँव जा रहे युवक पंकज को ओव्हरटेक करते हुए चपेट में ले लिया। बस की चपेट से युवक पंकज लड़खड़ाकर वहीं पर गिर गया। युवक के गिरते ही उसके दाहिने पैर के ऊपर से बस के एक पहिये का हिस्सा निकल गया। यकायक हुए हादसे में युवक का दाहिना पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया। इसी दरम्यान दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी व्यवसायी ललित लोढ़ा ने बस चालक को बस रोकने कहा, तब चालक ने बस तो रोका, लेकिन बस से चालक या आईटीबीपी के किसी भी जवान ने उतरकर दुर्घटनाग्रस्त युवक का कुशलक्षेम तक नही पूछा। उपरांत बस आगे जाने निकल गई। तब मौके पर उपस्थित व्यवसायी लोढ़ा ने बस का पीछा करते हुए पुराने नगर पंचायत भवन के पास बस को रोका। तब हथियार से लैस आईटीबीपी के जवान बस से नीचे उतरकर उनके ऊपर हावी होने लगे। तभी कुछ युवा पत्रकारों के पहुंचने के बाद जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों ने आईटीबीपी जवानों को कर्तव्यबोध कराते हुए उनकी जमकर हेकड़ी निकाल दी। इस दौरान युवक को अस्पताल दाखिल कराया गया। उपरांत पुलिस को बुलाकर बस को थाने भेज दिया गया। इस दरम्यान मेनरोड में आंशिक जाम लग गया था।

### उपचार के बाद होगी एफआईआर

युवक का पैर फ्रैक्चर होने के बाद स्थानीय सीएचसी दाखिला कराया गया। परिजनों को सूचना दे दी गई। अस्पताल में उपचार जारी था। इधर थाने में टीआई ने बस चालक को जवानों को गंतव्य में छोड़कर बस थाना में लाकर खड़ा करने की चेतावनी दी है। वहीं युवक के परिजनों ने उपचार के बाद एफआईआर लिखाने की बात कही है।

# अध्यापक की कमी को लेकर स्कूल में तालाबंदी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के सन्निकट ग्राम कोहका में गुरुवार को ग्रामीणों ने शासकीय प्रायमरी स्कूल में तालाबंदी कर दी। स्कूल में 85 बच्चों के एवज में सिर्फ 2 महिला अध्यापकों की नियुक्ति से शिक्षकीय कार्य संपूर्णता से नही का हवाला दे रहे थे। इसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक किम बैठक में समाधान नही निकलने पर बच्चों को स्कूल से निकलकर तालाबंदी कर दी। दरअसल शासकीय प्राथमिक शाला कोहका में 85 बच्चे अध्ययनरत हैं। इसके एवज में स्कूल में शासन के नियमानुसार 3 अध्यापकों की आवश्यकता है। ग्रामीणों की माने तो सिर्फ 2 महिला अध्यापक ही हैं। वहीं इनके अवकाश पर जाने अथवा विभागीय कार्य मे जाने की स्थिति में स्कूल में अध्यापन ठप्प हो जाता है। इससे गांव के बच्चों का शैक्षणिक विकास बाधित हो रहा है। ग्रामीण अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इसी के मद्देनजर ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में बरगद के नीचे चौपाल लगाकर विभाग के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दरम्यान दोनों महिला शिक्षिकाओं के साथ संकुल प्रभारी गजभिये ने ग्रामीणों को समझाने कोशिश की। हालांकि ग्रामीणजन किसी स्कूल के अतिशेष को अटैच कर व्यवस्था बनाने की मांग करते हुए तालाबंदी कर दी। तब संकुल प्रभारी द्वारा बीईओ को सूचित किया गया।

### एसडीएम के हस्तक्षेप से हुई सुलह

एसडीएम मनोज मरकाम के मार्गदर्शन उपरांत कोहका पहुंचे बीईओ आरएल पात्रे ने ग्रामीणों के मध्य ग्राम के ही मिडिल स्कूल के अतिशेष किसी शिक्षिका को सोमवार से कुछ दिनों तक अटैच कर आगामी दिनों में पूर्णकालिक नियुक्ति का आश्वासन दिया। तब ग्रामीणजन मान गए। इस मौके पर ग्राम के रामकुमार वैष्णव, शरद, नंदलाल, बिसौहा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# महिलाओं द्वारा पौधारोपण कर संरक्षण की शपथ



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम बम्हनीभाठा में महिलाओं द्वारा वृहद पौधारोपण कर पौधों केबस्नरक्षणव व संवर्धन के संकल्प लिया। इस दरम्यान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सहित लगभग 200 महिलाओं ने विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपे। अंत मे महिलाओं ने पौधों के सुरक्षा की शपथ ली।

जनपद सदस्य बीरेंद्र साहू ने पौधारोपण में सम्मिलित होकर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए पौधों के महत्व को समझाया। श्रीसाहू ने कृषि में अच्छी बारिश के लिए भी पौधारोपण को बेहद आवश्यक बताया। उक्त अवसर पर संतराम साहू, पूनाराम कन्नौजे के अलावा रसोईया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सहित ग्राम की महिलाएं बड़ी तादात में उपस्थित थे।

# लाइसेंस बगैर खाद बिक्री विभाग द्वारा खाद जब्त

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




अंचल के ग्राम हरदी टेका में बगैर लाइसेंस कृषि खाद बिक्री पर विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने शिकायत पर हरदी के गल्ला व्यापारी साहू ट्रेडर्स में छापामार कार्रवाई की। संचालक द्वारा लाइसेंस प्रस्तुत नही करने पर विभाग ने 87 बैग खाद को जब्त कर आगामी कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय की ओर पत्र अग्रेषित किया है।

विभागीय सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बगैर लाइसेंस कृषि खाद विक्रय की जानकारी मिल रही थी। हरदी में साहू ट्रेडर्स में बगैर लाइसेंस खाद बिक्री की जानकारी मिलने पर उपसंचालक के मार्गदर्शन में सहायक संचालक संध्या कोलरे, उर्वरक निरीक्षक संदीप वैष्णव एवं अविनाश दुबे एवं ललित के साथ छापामार कार्रवाई की। ट्रेडर्स के संचालक द्वारा कृषि खाद बिक्री का लाइसेंस प्रस्तुत नही करने पर सभी 87 बैग खाद जब्त किए गये हैं।

**लाइसेंस बगैर नए ब्रांड के खाद :** विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई में जो तथ्य शामे आये हैं, जिसमें प्रचलित डीएपी, पोटाश व यूरिया के अलावा नए किस्म के नए ब्राण्ड के खाद भी जब्त किए गए हैं। श्रीवैष्णव मुताबिक यूरिया 7 बैग, डीएपी 24 बैग, पोटाश 4 बैग, 16-16-16 खाद 28 बैग, 28-28-0 खाद 24 बैग कुल 87 बैग जब्त हुए हैं।

**क्रॉपराईस एग्रोकेम के कीटनाशक पर प्रतिबंध** -जिले में क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत + सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का अमानक घोषित होने पर जिले में भण्डारण व विक्रय करने पर तत्काल प्रतिबंध कर दिया गया है। अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत + सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का नमूने शिव कृषि केन्द्र मोहारा डोंगरगढ़ से लिया गया। नमूने को छत्तीसगढ़ राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला ठेलकाडीह राजनांदगांव में विश्लेषण उपरांत अमानक घोषित किया गया। कीटनाशी अधिनियम के उल्लंघन होने पर जिले में भण्डारण व विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# गौवंशों के उपचार में लापरवाही पशु चिकित्सालय का घेराव



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय पशु चिकित्सालय की बड़ी लापरवाही के चलते गौ वंश मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। इसे लेकर बजरंग दल ने नाराजगी जताते हुए पशु चिकित्सालय का घेराव किया। कस्तूरबा स्कूल के सामने स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचकर प्रभारी से इस स्थिति और इनके समाधान की बात की। कलेक्टर एवं पशु चिकित्सा अधिकारी के त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया गया। प्रशांत दुबे ने बताया कि शहर में लंबे समय से पशु चिकित्सकों की लापरवाही और बहानेबाजी की शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही थी। अनेक संस्थान अपने-अपने स्तर पर प्राणियों और गौवंशों की सेवा कर रहे है। जब वे इस पशु चिकित्सालय से मदद मांगते हैं तो उन्हें दवाइयां न होने, स्टाफ न होने का हवाला दिया जाता है। फिर इस पशु चिकित्सालय का काम ही क्या है, ये ऑफिस में बैठकर राज्य का वेतन कमा थे है और गौ-सेवकों दिन-रात मेहनत कर रहे है।

## गायत्री परिवार की पहल से बनेगा इको ट्यूरिज्म

# श्रीराम उपवन में रोपे जायेंगे 500 औषधीय पौधे

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

शिवनाथ नदी तट स्थित अंचल के आदर्श ग्राम चांदो में स्थित श्रीराम स्मृति उपवन में गायत्री परिवार द्वारा शनिवार व रविवार दो दिनो तक वृहद पौधारोपण किये जायेंगे। गायत्री परिवार द्वारा अभियान के तहत 500 से अधिक फलदार,छायादार तथा औषधीय गुणों वाले पौधे रोपे जायेंगे। सभी पौधे गायत्री परिवार के कार्यकताओं द्वारा अंशदान करके खरीदकर एकत्रित किये गए हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 5 एकड़ जमीन में गायत्री परिवार एवं जन सहयोग से श्रीराम उपवन का निर्माण किया गया है। उपवन में 1300 पौधे का रोपण किया गया था, जिनमे वर्तमान में 1200 से अधिक पौधे जीवित और सुरक्षित हैं। पौधों का देखभाल स्थानीय युवाओं द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया जाता है। प्रत्येक पौधा किसी न किसी युवक का मित्र है और वह युवक तरुमित्र कहलाता है। उचित देखभाल के लिए स्थानीय युवाओं द्वारा साप्ताहिक श्रमदान करके पौधो का देखरेख करते है। उपवन के नियमित देखभाल हेतु एक माली रखा गया है जिसका पारिश्रमिक हर युवा द्वारा प्रत्येक माह अंशदान करके दिया जाता है।




**प्रकृति व आध्यात्म का संगमस्थल** – श्रीराम स्मृति उपवन शिवनाथ नदी के तट पर स्थित एक आध्यात्मिक एवम् प्राकृतिक स्थल है। इस स्थल की मनोरमता हृदयस्पर्शी है। उपवन में नवग्रह वाटिका, नक्षत्र वाटिका, पंचवटी, पुष्प वाटिका तथा फलोद्यान का निर्माण किया गया है। पहाड़ी में प्राचीन मंदिर है जो प्रभु चांदी पाठ के नाम से विख्यात है।

**इको ट्यूरिज्म का मिलेगा दर्जा :** वन विभाग द्वारा इस स्थान को इको टूरिज्म का दर्जा देकर गार्डनिंग, सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।शिवनाथ नदी में बहुत पुराना डायवर्सन निर्मित है जो आकर्षण का केंद्र है। चांदो धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन का संगम स्थल होने के कारण पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने गायत्री परिवार के व्यवस्थापक होरीलाल साहू ने वृक्षारोपण करने अपील की है।


### 14 से हनुमत यज्ञ, भागवत कथा का आयोजन

**राजनांदगांव।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम भक्त सेवा समिति, राजनांदगांव द्वारा श्री हनुमत यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 से 20 जुलाई तक श्री बफानी धाम प्रांगण में किया जाएगा। इस आयोजन में कथाव्यास मुकुंद कृष्ण जी महाराज होंगे। 21 जुलाई को यहां गुरुपूर्णिमा महामहोत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरु दीक्षा, गुरु पादुका एवं गुरु पूजन व पूणाहुति सहित विशाल प्रसादी वितरण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। श्रीराम भक्त सेवा समिति के सतीश कुमार चंदेले, आशीष त्रिपाठी, शुभम शर्मा, धर्मेंद्र मानिकपुरी ने बताया कि बाल योगी, यज्ञ सम्राट संत श्री रामशिरोमणी दास जी महाराज की प्रेरणा से इस आयोजना की रुपरेखा तय की गई है। श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर राजेश्री महंत डॉ. स्वामी रामसुंदर दास जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन होगा।

# शनिवार की छुट्टी के लिए शुक्रवार की दोपहर में ही गायब हो रहे हैं अधिकारी-कर्मचारी, आधी नौकरी कर ले रहें पूरा वेतन

## काम के लिए भटक रहें लोग, दौड़ते-दौड़ते लग जाती है छुट्टी, आम जनता परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




शासकीय नौकरी पाने के लिए एक संघर्षशील बेरोजगार अपनी जी जान लगाकर मेहनत करता है। ताकि नौकरी मिलने के बाद उनका भविष्य जीवन भर के लिए सुरक्षित हो जाए। सुरक्षित किस तरह से होता है यह सभी जानने और समझने लगे हैं।
यही वजह भी है कि नौकरी के झांसे में आकर लोग लाखों, करोड़ों रुपए की ठगी का शिकार भी हो जाते हैं। दरअसल शासकीय अधकारी और कर्मचारियों को दफ्तर आने से लेकर काम करने तक उतना दबाव नहीं होता जितना की प्राईवेट सेक्टर की नौकरी में होता है। इसका प्रमाण इन दिनों सभी कार्यालयों में देखने को मिल रहा है। काम करने से ज्यादा सभी को छुट्टी की चिंता सताने लगती है।
**छुट्टी के लिए तत्परता**-विभागों के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक में छुट्टी को लेकर उत्सुकता और तत्परता इस बात से पता चलता है कि शनिवार आने से पहले ही शुक्रवार की दोपहर से ही छुट्टी की योजना शुरू हो जाती है। इसकी पड़ताल के पायनियर संवाददाता ने जिला मुख्यालय के कई शासकीय दफ्तरों में जाकर जायजा लिया जहां अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले।
**7 में से 3 दिन छुट्टी** -सप्ताह में सोमवार से रविवार तक 7 दिन होते हैं। इन 7 दिनों में छत्तीसगढ़ में पहले सिर्फ रविवार को 1 दिन की छुट्टी होती थी और 2 शनिवार को आधे दिन की छुट्टी होती थी। व्याकुलता को देखते हुए पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने शनिवार को भी पूर्ण छुट्टी घोषित कर दिया।
अब शनिवार को छुट्टी में जाने के लिए सेवक हाजिरी लगाकर शुक्रवार की दोपहर से ही गायब हो रहे हैं। और शनिवार-रविवार की छुट्टी मनाकर सोमवार को भी देर से पहुंच रहे हैं। यानि सोमवार और शुक्रवार को सभी आधी नौकरी कर रहे हैं। सप्ताह में 3 दिन छुट्टी का आनंद मिल रहा है।
**मानिट्रिंग की भारी कमी**-प्राईवेट सेक्टर की नौकरी में जिस तरह हाजिरी को लेकर बायोमैट्रिक हाजिरी मशीन के जरिए मानिट्रिंग किया जाता है। वैसा शासकीय विभागों में नहीं है। पहले करने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर से वही निष्क्रिय शैली में लौट आए जिसका फायदा सभी उठा रहे हैं और वेतन पूरा ले रहे हैं।
**काम हो रहा प्रभावित** -7 दिनों में सिर्फ 4 दिन कार्यालय में बैठने की वजह से आम जनता का काम प्रभावित हो रहा है। दरअसल जिस कार्य की समय सीमा 15 दिनों की है उसके लिए एक महीने का चक्कर काटना पड़ रहा है। फाइल दूसरे टेबल तक पहुंचते-पहुंचते शुक्रवार आ जाता है।

# महानदी के उदगम स्थल में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत विस सिहावा में रोपे गए विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे

- जनप्रतिनिधि, अधिकारी,कर्मचारी, विद्यार्थी,स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों सहित बडी संख्या में लोगों ने ली पौधों को संरक्षित करने की शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट पर आज जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण के महाभियान के तीसरे दिन सिहावा विधानसभा में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा वास्तव, डीएफ्ओ कृष्ण जाधव, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, एनसीसी, स्काउट-गाइड,डाईट, शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियो, विद्यार्थियों सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने गणेश घाट के दर्शन किए और साफ-सफाई भी की। इस मौके पर कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की समझाईश उपस्थितों को दी।
कलेक्टरए सीईओ और डीएफओ ने स्कूली बच्चां से किया संवादए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दिये टिप्स-स्कूली बच्चों के विशेष आग्रह पर कलेक्टर सु गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा वास्तव और डीएफ्ओ कृष्ण जाधव ने स्कूली बच्चो से संवाद किया। इस दौरान इन स्कूली बच्चों ने जिले के इन वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह से किया जाये, प्रतियोगी परीक्षा में कैसे प्रश्न आते है, इस बारे में पूछा। कलेक्टर सु गांधी ने बताया कि ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे जरूरी है लक्ष्य निर्धारित करना। लक्ष्य पूर्ति के लिए ईमानदारी से मेहनत करना। उन्होने बताया कि आप अभी से ही अपने सामान्य ज्ञान को बढाते रहेए जिससे आगे चलकर इन परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उन्होंने इन विद्यार्थियों को स्वाध्याय एप की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों की सहायता के लिए यह एप बनाया गया है। आप सभी अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं।

# एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियानः जिले में 51 हजार पौधों को किया गया रोपण

- बच्चों से लेकर वृद्धजनों ने अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाया और ली सुरक्षा की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के अहवान पर एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान का आयोजन विगत दिवस जशपुर वनमण्डल अंतर्गत जिले के सभी परिक्षेत्रों में किया गया। जिसके तहत् जिले में 51000 पौधों का रोपण किया गया है। इस अभियान में जिले के समस्त परिक्षेत्रो के विभिन्न पंचायतो में, शैक्षणिक संस्थान अंगानबाड़ी से लेकर महाविद्यालयों के प्रांगण में तथा देव सरना स्थलों, पुलिस थाना, गोठान, पंचायत भवनों एवं विभिन्न वन क्षेत्र में उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विद्यालयों के प्रचार्य, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष, थाना , चौकी के प्रभारीयों की गरिमा मय उपस्थिति में जनमानस के सहयोग से भिन्न-भिन्न प्रजाति के पौधों को रोपण वृहद् स्तर पर किया गया। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर वृद्धजनों ने अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाया एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

# नीट पर उबाल जारी-मशाल मार्च निकालकर एनएसयूआई ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




देश भर में नीट यूजी 2024 परीक्षा में हुई धांधली का मामला लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। धमतरी में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में विशाल मशाल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के छात्रों ने हाथो में मशाल लेकर शहर के केंद्र बिंदु मकई चौक से राजीव भवन तक मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए को बैन करने, नीट की परीक्षा पुनः करवाने व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। एनएसयूआई संगठन महामंत्री व मशाल मार्च प्रभारी हेमंत पाल ने बताया कि देश में जो नीट का पेपर लीक हुआ हैए उसके विरोध में केंद्र सरकार को जगाने के लिए ये विशाल मशाल मार्च निकाला गया है। एनएसयूआई कि मांग की है कि नीट के पेपर को रद्द किया जाए और जल्द से जल्द दोबारा आयोजित कराया जाए, साथ ही जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ सीबीआई की जांच करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि अहंकार भरी सरकार में प्रत्येक पेपर का लीक होना आम बात हो गई है इन पेपर लीक में बीजेपी के बड़े नेता भी लिप्त हैं, क्योंकि करोड़ों रुपए के चेक बीजेपी के नेताओं के घरों से बरामद हुए हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नीट का पेपर ही नहीं बल्कि नेट का पेपर भी आउट हुआ। इस पेपर को देकर एग्जाम सेंटर से बाहर निकलने वाले छात्र और उनके परिवारों पर क्या बीती होगी। जिन्होंने तैयारी के लिए लाखों रुपए खर्च कर दिए और फिर पेपर लीक हो गया। ऐसे छात्र निराशावश आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब तक नीट का पेपर रद्द कर दोबारा नहीं कराया जाता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपना इस्तीफा नहीं देते तब तक एनएसयूआई नहीं रुकेगी।

# बीएससी नर्सिंग की प्रवेश 14 को चार केन्द्रो में होगी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

व्यापंम व्दारा बुधवार 14 जुलाई 2024 को धमतरी शहर में बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 04 केन्द्रों पर एक पॉली में प्रातः 10 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 1780 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। पी.जी.कॉलेज धमतरी में 500, शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, धमतरी में 450, डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय में 450 एवं नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उ.मा.वि.में 380 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आवें अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नही दी जावेगी। परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रिानिक उपकरण प्रतिबंधित है। प्रातः 10:15 बजे के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति किसी भी दशा में नही दी जावेगी। उक्त परीक्षा के लिए डॉ.(मती) देवी चौबे समन्वयक एवं डिप्टी कलेक्टर आर.के.कृपाल को नोडल अधिकारी बनाए गये है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पी.जी.महाविद्यालय, धमतरी व्दारा 04 पर्यवेक्षक एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा 04 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है, इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

# धीवर समाज का सशक्तिकरण अभियान, बनियापारा के प्रत्येक 10 घर पीछे एक पंच का चुनाव किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धीवर समाज के सशक्तिकरण अभियान के तहत सभी वार्डों में पंच, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का चयन किया जा रहा है। इस तारतम्य में 10 जुलाई को बनियापारा के बैठक में सर्वसम्मति से यशवंत कोसरिया, गोविंद धरमगुड़ी,बसंत नाग, सूरज तारक एवं अनोखेलाल नाग को पंच चुने गए। बैठक में युवा प्रकोष्ठ में राजकुमार फूटान एवं गोविंद सपहा तथा महिला प्रकोष्ठ में शीला फूटान एवं जागेश्वरी सपहा का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि शासन द्वारा हर साल 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया जाता है। इस दिन देशभर के मत्स्य किसानों को शासन से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी दिया जाता है तथा मत्स्य किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। बैठक में समाज के प्रत्येक परिवार के मतदाताओं की संख्या की भी गणना किया गया। समाज के छात्र-छात्राओं को नीट, इंजीनियरिंग एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरूशुल्क पुस्तक वितरण की भी जानकारी दी गई। बैठक में संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, आत्माराम नाग, विजय नाग, सोनूराम नाग, दुर्गेश रिगरी, यशवंत कोसरिया, सोनू भगत, प्रकाश नाग, मोतीलाल धीवर, बसंत नाग, राजकुमार फूटान, नरसिंग फूटान, माला कोसरिया, कन्हैया लाल, धनाराम सपहा, सत्यनारायण, तीरथराज फूटान, राजू ओझा, देवनारायण धरमगुड़ी, महेन्द्र फूटान, जगेश्वर, नरहर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। संचालन समाज के सचिव सोहन धीवर ने किया। पार्षद बनाने पर दिया जोर धीवर समाज के अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा ने समाज को नशा मुक्त बनाने, छात्र-छात्राओं के लिए घर में पढ़ाई का उचित वातावरण निर्माण करने के संबंध में मार्गदर्शन किया।

# खुद के आशियाने में गृह प्रवेश कर गदगद हुआ रामसिंग कमार

- कहा प्रधानमंत्री जनमन योजना ने बदल दी उनकी दशा एवं दिशा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछडी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ इन वर्गों को मिल रहा है। इन्हीं योजनाओं में से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले मगरलोड विकास खण्ड के ग्राम पंचायत खडमा स्थित नवाडीह बसाहट के रामसिंग कमार अपने खुद के आशियाने में गद्गद होकर गृह प्रवेश करते हुए कहते हैं कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा बदल दी है। रामसिंग कमार बताते हैं कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। इसके बाद उन्हें अपने खुद के पक्के मकान की उम्मीद पूरी होती दिखाई देने लगी। उन्होंने बताया कि पहली किश्त की राशि 40 हजार रूपये मिलते ही उनकी उम्मीद पक्की होने लगी। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर के तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य शुरू किया गया और प्रगति के आधार पर जैसे-जैसे किश्त की राशि मिलती गई, वैसे-वैसे कार्यस्तर बढता गया और उनके सपनों का घर पूरा तैयार कर लिया गया। इसमें अभिसरण के जरिए मनरेगा अंतर्गत 90 दिनों की मजदूरी राशि 19 हजार 890 एवं आवास की अनुदान राशि दो लाख रूपये, इस तरह कुल दो लाख 19 हजार 890 रूपये उन्हें शासन से मिले। घर में प्रवेश करते हुए रामसिंग कमार खुशी से फूला नहीं समाया। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया कि उसके सपनों का आशियाना मिल गया। रामसिंग कमार अपनी आपबीती सुनाते हुए बताते हैं कि वर्ष 2023 में पत्नी की मृत्यु हो जाने के बाद उनके परिवार की स्थिति काफी खराब हो गई थी तथा परिवार में 3 पुत्रों के साथ 4 सदस्यों का कच्ची झोपडीनुमा घर में निवास करना दूभर हो रहा था। आए दिन जंगल से कीडे, सांप, बिच्छु इत्यादि से डर बना रहता था। इसके अलावा बारिश में पानी टपकने, बंदरों द्वारा खपरैल तोडने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पडता था। गौरतलब है कि मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खडमा में 159 परिवार निवासरत हैं, जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज आधारित है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 100 एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वर्ष 2023.24 में 30 परिवारों को आवास की स्वीकृति मिली है। इस तरह कुल स्वीकृत 130 आवासों में से 117 आवास पूरे कर लिए गए हैं।

# कलेक्टर नम्रता गांधी पहुंचीं नगरी विकासखण्ड के मसानडबरा कमार परिवारों को जनमन योजना का लाभ लेने किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायत रोमा वास्तव आज नगरी विकासखंड के कमार बाहुल्य ग्राम मसानडबरा पहुंचकर कमार परिवारों से मिली। इस मौके पर कलेक्टर सु गांधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछडी जनजाति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरूआत की हैं। इस योजना के तहत् जिले की विशेष पिछडी जनजाति कमार को इन योजनाओं से शत.प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है। आदर्श बसाहटों की तरह कमार बसाहटों को भी विकसित करना है। इन बसाहटां में गार्डन,मंदिर, शेड आदि तैयार किये जाये। कलेक्टर ने कहा कि विशेष पिछडी जनजाति में पिछडेपन को दूर कर केवल विशेष जनजाति बनाना है। इसके लिए स्थानीय लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। अपने बच्चों को कम से कम दसवीं तक की शिक्षा देने के लिए प्रेरित करें। महिलाएं और बच्चे कुपोषित नहीं रहेए इसकी ओर भी विशेष ध्यान देना है। आयुष्मान कार्ड सभी का बनाएं,जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सिकलिन की जांच सहित बीमा योजना,मनरेगा के तहत् जॉब कार्डधारियां को रोजगार के अवसर उपलबध कराया जाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् 6 कमार महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया।
**कुडिया दिवस का आयोजन कर 29 घरों की रखी गयी नींव**-प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् मसानडबरा में निवासरत् 31 परिवारों में से 29 परिवारों के मुखिया के नाम से आवास स्वीकृत किया गया है। इन आवासों के निर्माण कार्य को एक साथ प्रारंभ करने के लिए आज कुडिया दिवस का आयोजन कर 29 आवासों की एक साथ नींव रखी गयी। कलेक्टर गांधी और सीईओ जिला पंचायत वास्तव ने पूरे विधिविधान से नये आवासां का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये और आवास निर्माण में जो राशि आपको प्रदान की जा रही है, उसका सदुपयोग करें। इस दौरान कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों के साथ बैठकर न्यौता भोजन भी किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमार समाज बुधलाल नेताम,जनपद पंचायत सदस्य सुलोचना साहू, बिसेन, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, क्षेत्र के अन्य पंचायत पदाधिकारी सहित एसडीएम पवन प्रेमी, सीईओ जनपद पंचायत विमल साहू, सहित अन्य विभागां के अधिकारी.कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महिलाओं एवं बालक. बालिकाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों का समाचार में प्रकाशन के संबंध में दिये गए प्रावधानों दी गई जानकारी

# नए कानून संहिता के संबंध में जानकारी प्रदाय करने पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस द्वारा आज पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र कम्पोजिट बिल्डिंग रूद्री में नए कानून संहिता के संबंध में जानकारी प्रदाय करने हेतु पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें भारत सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित किए गए तीन नवीन आपराधिक कानून दिनाँक 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हो गए हैं। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समाज के सभी वर्गों को इन कानूनों के संबंध में जानकारी होना आवश्यक है। इस हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में धमतरी जिले के पत्रकारों को भी इन नवीन कानूनों के विभिन्न पहलुओं से अवगत् कराने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं जिला अभियोजन अधिकारी की उपस्थिति में दिनांक 12 जुलाई 2024 को समय 12 बजे पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र कम्पोजिट बिल्डिंग रूद्री के सभा कक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं जिसमे मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्यवाही में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है साथ ही आरोपी और पीड़ित दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिला अभियोजन अधिकारी हीना यास्मीन खान ने कार्यक्रम में बताया कि ये नई संहिताएं आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध सामने आ रहे हैं। नए कानून नए प्रकार के अपराधों के लिए उपयुक्त कानूनी उपाय प्रस्तुत करते हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी द्वारा नवीन कानून में लाए गए सामान्य प्रावधानों/परिवर्तनों की जानकारी के सम्बन्ध में बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 को प्रतिस्थापित किया है, जिसमे 358 धाराओं को शामिल किया गया है। आईपीसी के अधिकांश प्रावधानो को बनाये रखा गया है, नये अपराधो को पेश किया गया है, न्यायालय द्वारा बाधित धाराओं को समाप्त किया गया है ।

# हरियार परिवार लगाया गया 1100 से अधिक पौधे



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में बढते प्रदूषण और घटते भूजल स्तर के मद्देनजर नगरी के ग्राम सांकरा के हरियर परिवार द्वारा आज 1100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस पौध रोपण में ग्रामीणों ने भी अपने कदम बढाते हुए सहभागी बने। गौरतलब है कि पांच एकड क्षेत्र में तार फेंसिंग की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा स्वयं के व्यय से किया गया। वन विभाग द्वारा लकडी का खम्भा तथा मजदूरी राशि की व्यवस्था स्थानीय पंचायत द्वारा की गई। कलेक्टर नम्रता गांधी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए युवाओं को बधाई दी और इससे अन्य लोगों को भी सीख लेने की बात कही।

# जब मितानिन दीदियों के साथ पंगत में बैठकर मुख्यमंत्री ने किया भोजन

## लाल भाजी, जिमीकांदा, मुनगा की सब्जी, इडहर कड़ी का चखा स्वाद

■ दरभा की जयमनी ने मुख्यमंत्री से कहा- बस्तर आएं तो अवश्य चखें खट्टी-चटपटी चापड़ा चटनी का स्वाद

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में मितानिन दीदियों को प्रोत्साहन राशि वितरण के लिए आयोजित 'नवा सौगात' कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मितानिन बहनों के साथ दोपहर का भोजन किया। मुख्यमंत्री साय पंगत में बस्तर दरभा से आयी मितानिन दीदियों जयमनी नाग और कवर्धा की बैगा जनजाति की दसनी बाई के साथ भोजन करने बैठे। भोजन में दही मिर्ची, लाई बड़ी, बिजौरी, चावल पापड़, चना, लाल भाजी, जिमीकांदा, मुनगा की सब्जी, इडहर कड़ी, भरवा करेला, चावल, कोदो चावल, रोटी, मीठे में रागी लड्डू, अंदरसा, गुलगुला, पीड़िया, मठ्ठा आदि परोसा गया। भोजन के प्रारंभ में फ्रूट सलाद भी सर्व किया गया। मुख्यमंत्री ने मितानिन दीदियों के साथ बड़े चाव के साथ भोजन किया। इस दौरान उन्होंने जयमनी नाग और दसनी बाई से बड़ी ही आत्मीयता के साथ उनका कुशल क्षेम पूछा और कहा कि अब उनके बैंक खाते में हर महीने प्रोत्साहन राशि सीधे मिल जाया करेगी। मुख्यमंत्री ने जयमनी नाग से बातचीत के दौरान कहा कि बस्तर तो कई बार गया हूं, लेकिन चापड़ा चटनी का स्वाद चखने का मौका नहीं मिला। जयमनी नाग ने कहा कि अब जब बस्तर आएं तो खट्टी-चटपटी चापड़ा चटनी का स्वाद अवश्य चखें।

मितानिन बहनों के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहब स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने भोजन किया।

# मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में रिकॉर्ड 385 स्कूलों और सरकारी संस्थानों में एक साथ हुआ पौधारोपण




पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत मनेंद्रगढ़ ज़िले में रिकॉर्ड 90 हज़ार पौधों का रोपण हुआ। इसके लिए सभी स्कूलों और सरकारी संस्थानो को चुना गया। पौधारोपण के लिए हर एक गाँव के स्कूल, आँगनवाड़ी, पंचायत भवन, कर्मचारी क्वार्टर्स कैंपस से लेकर बड़े प्राइवेट कैंपस को भी चुना गया। सिर्फ वही सरकारी संस्थान बच गये जिनमे सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल नहीं है। लगभग 80% सरकारी बिल्डिंग में वहाँ के स्कूली बच्चों और कर्मचारियों के द्वारा अपने माँ के नाम पौधे लगाया गया। ज़िले के सभी स्कूलों में छोटे बच्चो के हाथों में माननीय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और वनमंत्री का फ्लेक्स देखा जा सकता था।सभी ने पौधे लगाकर उसका सुरक्षा का वादा किया। डीएफओ मनीष कश्यप ने बताया कि पौधे फारेस्ट स्टाफ के मार्गदर्शन में लगाया गया। इसके लिए हर एक बीट गार्ड और डिप्टी रेंजर को 5-5 सरकारी बिल्डिंग में पौधारोपण के लिए ड्यूटी दिया गया था। जिले में इस तरह का वृहद् स्तर पर यह पहला आयोजन था। मनेंद्रगढ़ रेंज में 62 स्थल, बिहारपुर रेंज में 74 स्थल, केल्हारी में 149, बहरासी में 28, कुंवारपुर में 27 और जनकपुर में 41 स्थलों में पौधे लगवाए गए। पौधे बिल्डिंग कैंपस में ख़ाली क्षेत्रफल के अनुसार लगाया गया। किसी में 20, किसी में 50, तो कई जगह 1000 पौधे तक लगे। मनेंद्रगढ़ शहर के प्राइवेट स्कूल और कॉलेज को भी कवर किया गया।

## सौर ऊर्जा संबंधी सभी कार्य क्रेडा के माध्यम से कराने के निर्देश

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर सौर ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के कार्य क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) के माध्यम से कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मंत्रालय से जारी परिपत्र में ऊर्जा विभाग के पत्र का उल्लेख करते हुए नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के क्षेत्रान्तर्गत सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य सीधे न कराकर राज्य शासन द्वारा नामित नोडल एजेंसी क्रेडा के माध्यम से कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में ऊर्जा लागत में कमी लाने ऊर्जा की खपत और बिजली बिल के ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

## राज्य के 11.74 लाख किसानों को मिला 5250 करोड़ रूपए अल्पकालीन कृषि ऋण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्ग दर्शन में राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 11.74 लाख किसानों को राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5250 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 72 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष की स्थिति में 5 हजार करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकता, हाईटेक सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग कर दुरुस्त करेंगे ट्रैफिक व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिस्टम को हाईटेक कर हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने आवास से 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए हमें यातायात नियमों का पालन करने के लिए अधिक सचेत और गंभीर होने की आवश्यकता है। नियमों का पालन कर हम न केवल अपने बल्कि सहयात्रियों के अधिकारों का भी सम्मान करते हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक अनुज शर्मा और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403